**जबलपुर**
मंगलवार, 29 अप्रैल 2025
- वैशाख मास कृष्ण पक्ष-2/3
- वर्ष : 19, अंक : 352
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 40
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**4** राफेल की तुलना में राफेल मरीन का वजन थोड़ा अधिक है। इस लड़ाकू विमान का वजन लगभग 10,300 किलोग्राम है

**5** राफेल विमान के विंग्स मुड़ नहीं सकते हैं, लेकिन राफेल मरीन के विंग्स पूरी तरह से मुड़ सकते हैं

### पाकिस्तान से तनाव के बीच फ्रांस से 63000 करोड़ की डील

# भारत को मिलेंगे 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमान

## लगभग पांच साल बाद जेट की डिलीवरी शुरू होगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए फ्रांसीसी रक्षा विनिर्माण कंपनी डसॉल्ट एविएशन से जेट खरीद रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की ओर से खरीद को मंजूरी दिए जाने के तीन सप्ताह बाद इस मेगा डील पर मुहर लगी। अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लगभग पांच साल बाद जेट की डिलीवरी शुरू करनी होगी।



भारत में राफेल जेट विमानों की कुल संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी

**राफेल मरीन की खासियत**

**1** एक मिनट में 18 हजार मीटर की ऊंचाई पर जा सकता है राफेल मरीन।

**2** ये विमान अपनी अपनी उड़ान वाली जगह से 3700 किलोमीटर दूर तक हमला कर सकता है।

**3** यह दुश्मनों के रडार को चकमा देने में सक्षम है। राफेल विमान हिमालय के ऊपर बेहद सर्द मौसम में भी उड़ सकता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
दिल्ली कोलकाता
शाम 7.30 बजे से

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

### पहलगाम हमले के बाद आतंकियों व उनके आकाओं के खिलाफ तगड़ा कदम उठाएगा भारत?

# पीएम मोदी से की रक्षा मंत्री राजनाथ ने मुलाकात, 40 मिनट चली बैठक





**सोमवार को रक्षा मंत्री सबसे पहले सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से मिले**


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोमवार सुबह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर हालात की समीक्षा शुरू की। वह सबसे पहले सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से मिले और मौजूदा स्थिति पर लंबी चर्चा की। इसके बाद राजनाथ सिंह सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास लोक कल्याण मार्ग पहुंचे और पीएम को घटनास्थल से मिल रही ताजा जानकारी दी।

पीएम मोदी के साथ रक्षा मंत्री की ये मुलाकात करीब 40 मिनट तक चली। राजनाथ सिंह ने साउथ ब्लॉक स्थित सेना मुख्यालय पहुंचकर सेना प्रमुख से मुलाकात की थी।

*पाकिस्तान और उसके आतंकियों को कड़ा सबक सिखाने के लिए भारत पुख्ता तैयारी कर रहा है। इस बार पाक को सिर्फ एयर स्ट्राइक नहीं, बल्कि एक बड़े कदम का सामना करना होगा।*

- ***सेना प्रमुख कर चुके हैं कश्मीर की अग्रिम चौकियों का दौरा***
- ***नेवी व एयरफोर्स कह चुके हैं कि वे किसी भी कार्रवाई के लिए दो घंटे में सक्षम***



### पाकिस्तानियों ने भारत नहीं छोड़ा तो कठोर कार्रवाई

भारत सरकार ने देश में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को कड़ी वॉर्निंग दी है। इसमें कहा गया है कि जो लोग तय समय सीमा तक भारत को नहीं छोड़ते हैं तो उन्हें गिरफ्तारी, मुकदमा और तीन साल तक की जेल की सजा या 3 लाख रुपए तक का जुर्माना या दोनों का सामना करना पड़ेगा। सार्क वीजा रखने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को 26 अप्रैल तक भारत से बाहर निकलना जरूरी था, जबकि मेडिकल वीजा रखने वालों को 29 अप्रैल तक निकलना होगा।

#### सरकार ने बीबीसी को भी दी चेतावनी

**भारत में डॉन समेत 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल बैन**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर चौतरफा लगाम कसने की जारी पहल के तहत सरकार ने भारत के खिलाफ दुष्प्रचार प्रोपेगेंडा में शामिल पाकिस्तान के 16 यू-ट्यूब चैनलों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। प्रतिबंधित किए गई इन चैनलों में डान न्यूज, समा टीवी, एआरवाई न्यूज सरीखे पाकिस्तान के कई प्रमुख न्यूज संस्थान के यू-टयूब चैनल शामिल हैं।

#### *अफगानिस्तान पहुंचे विदेश मंत्रालय के विशेष प्रतिनिधि आनंद प्रकाश ने तालिबान से की बात*



*विदेश मंत्रालय के विशेष प्रतिनिधि और अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान विभाग के महानिदेशक आनंद प्रकाश ने अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी से मुलाकात की। बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने, व्यापार और पारगमन सहयोग बढ़ाने और हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान करने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय जुड़ाव बढ़ाने, वीजा प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। बैठक के दौरान अफगान विदेश मंत्री ने भारत-अफगानिस्तान के बीच राजनयिक और आर्थिक संबंधों के विस्तार को महत्वपूर्ण बताया और अफगानिस्तान में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण का उल्लेख करते हुए भारतीय निवेशकों को मौजूदा अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया।*

### सीएम ने कहा- यह बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक

# 2 मई को प्रदेश के सभी जिलों में मनेगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

**'एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम' अभियान में होगा पौधरोपण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत 2 मई को प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना मप्र सरकार की बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि हर बेटी को सम्मान, शिक्षा और आत्म-निर्भरता के अवसर प्राप्त हों। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा।



#### उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं की ओर से होगा

लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं की ओर से किया जाएगा। इसमें कन्या-पूजन, दीप प्रज्ज्वलन, लाड़ली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और अपराजिता कार्यक्रम अन्तर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल है। इस उत्सव के जरिए जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं तथा लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों का सम्मान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान में जन-प्रतिनिधियों और बालिकाओं की ओर से पौधरोपण भी किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रीवा में 6 मंजिल से कूदी युवती, मौत

**रीवा।** शहर में एक मल्टी की छठवीं मंजिल से कूदी लड़की की मौत हो गई। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने बताया बस स्टैंड स्थित समदड़िया बिल्डिंग की 6 वीं मंजिल से कूदकर युवती ने सुसाइड किया था। घटना रविवार दोपहर 2 बजे की है लेकिन देर रात तक भी मृतका की पहचान नहीं हो सकी। बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थल में समान थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर ये घटना हुई है। थाना प्रभारी के मुताबिक मोबाइल का लॉक नहीं खुलने की वजह से युवती का पता नहीं लगा पाया।



### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघिन का हमला

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सोमवार को एक बाघिन ने वनकर्मी पर हमला कर दिया। यह पिछले 7 दिनों में बाघिन का तीसरा हमला है। ये घटना पतौर परिक्षेत्र की पनपथा बीट में की है। वनकर्मी राम सुहावन चौधरी गश्ती दल के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। हमले में राम सुहावन के सिर, पीठ और कंधे में चोट आई है। उनका अस्पताल में भर्ती कराया गया है, डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। इससे पहले बाघिन दो ग्रामीणों पर हमला कर चुकी है।



### जबलपुर में 4 साल की बच्ची से रेप

## शादी में जा रही मासूम को दरिंदे ने बनाया शिकार

**जबलपुर।** शहर से मासूम बच्ची संग दरिंदगी की वारदात सामने आई है। शादी में जा रही 4 साल की बच्ची को अज्ञात आरोपी ने किडनैप करके हवस का शिकार बनाया और लथपथ हालत में छोड़कर फरार हो गया। बच्ची जब रोती-बिलखती घर पहुंची तो मां से लिपटकर रोने लगी। इसके बाद पूरी घटना का खुलासा हुआ। जानकारी के मुताबिक मझगवां थाना क्षेत्र के एक गांव में बारात आई हुई थी। गांव के एक खेत में ही विवाह समारोह का आयोजन हो रहा था। परिजनों ने बच्ची को तैयार किया और शादी समारोह में कुछ देर में चलने की बात कही, लेकिन बच्ची बाहर खेलती रही और अकेले ही चली गई।



- अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

### श्योपुर में दलित का अंतिम संस्कार करने से रोका

## शव रखकर चक्काजाम, प्रशासन के दखल के बाद हुआ अंतिम संस्कार

**श्योपुर।** वीरपुर तहसील के लीलदा गांव में एक दलित युवक की मौत के बाद उसके शव के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद खड़ा हो गया। दलित पक्ष का आरोप है कि दबंगों ने शव का दाह संस्कार शमशान घाट पर नहीं करने दिया। मृतक के पक्ष ने दबंगों की ओर से पथराव करने का आरोप भी लगाया। मामले की सूचना मिलने पर कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं एसपी वीरेंद्र जैन के निर्देश पर एसडीम विजयपुर अभिषेक मिश्रा एवं एसडीओपी राघवेंद्र सिंह तोमर चार थानों के पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर कई घंटे की समझाइश और मैराथन बैठक के बाद शव का अंतिम संस्कार किया जा सका।



- आरोप- रावत समाज के लोगों ने रोका

### संविधान बचाओ रैली में मंच को लेकर विवाद

## दिग्विजय बोले- अब मैं कभी मंच पर नहीं बैठूंगा, ये लड़ाई खत्म करें

**ग्वालियर।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह संविधान बचाओ रैली के दौरान खासे नाराज हो गए। दरअसल, जब दिग्विजय सिंह का भाषण शुरू हुआ, तो उन्हें सुनने के लिए कांग्रेस के ही नेता गायब हो गए। यह देखते ही वरिष्ठ नेता गुस्सा हो गए। सिंह ने कहा कि वह अब कभी मंच पर नहीं बैठेंगे। मंच के नीचे बैठेंगे। जब उनके बोलने की बारी आएगी, तभी वो मंच पर चढ़ेंगे। दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस नेताओं से मंच की लड़ाई खत्म करने की अपील की है। दिग्विजय सोमवार को ग्वालियर के फूलबाग में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को संबोधित कर रहे थे। दिग्विजय ने कहा कि जो लोग लाते हैं, वे बेचारे रह जाते हैं और हमारे लोग मंच पर आ जाते हैं। इन बातों पर ध्यान दीजिए।



- भाषण शुरु हुआ और कांग्रेस के नेता गायब हुए

### आतंकी हमले के बाद उत्पन्न माहौल को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय

# टल गया भाजपा अध्यक्ष का चुनाव नड्डा के हाथ में ही रहेगी कमान

***नए अध्यक्ष पद के चुनाव की तारीख की घोषणा अब बाद में***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने फिलहाल अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को टालने का फैसला लिया है। पार्टी की शीर्ष इकाई ने यह निर्णय देश में मौजूदा हालात को देखते हुए लिया है। साफ है कि वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा फिलहाल अपने पद पर बने रहेंगे। भाजपा मई में नया अध्यक्ष चुनने की योजना बना रही थी लेकिन अब पार्टी ने इसे स्थगित कर दिया है। नड्डा वर्ष 2019 से अध्यक्ष पद पर काबिज हैं और उनका कार्यकाल पहले भी बढ़ाया गया था। भाजपा का मानना है कि इस समय संगठन की स्थिरता और सरकार की नीति को मज़बूती से आगे बढ़ाना ज़रूरी है। ऐसे में पार्टी के आंतरिक चुनाव को फिलहाल प्राथमिकता नहीं दी जा रही है।



#### मप्र में भाजपा अध्यक्ष का चुनाव भी टला

**भोपाल।** इसका असर मप्र भाजपा पर भी पड़ेगा। अब प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का चुनाव भी टल जाएगा।

इस बारे में पार्टी अलग से कार्यक्रम जारी करेगी। प्रदेश में लंबे समय से नए प्रदेश अध्यक्ष का इंतजार किया जा रहा है।

### धार के इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन सड़क पर हादसा

# सड़क पर खड़े वाहन के पीछे घुसी कार चार की मौत, शादी समारोह में जा रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर सोमवार सुबह करीब 6 बजे स्विफ्ट कार पीछे से अज्ञात वाहन में जा घुसी। कार सवार चार युवकों की मौके पर मौत हो गई। युवक झाबुआ से शादी समारोह में धार जाने के लिए निकले थे।

**कार के परखच्चे उड़े एयरबैग खुलने से भी बच नहीं पाए**



#### ये हैं मृतकों के नाम

मृतकों की पहचान प्रकाश भूरिया पिता नाथु भूरिया (35) निवासी रतलाम, राजा पिता कालू सिंह भूरिया (30) निवासी झाबुआ, राहुल पिता दयाराम भूरिया (23) निवासी फुलगांवडी और दिलीप पिता रमेश भूरिया (24) के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि फोरलेन पर रात में भारी वाहन अक्सर सड़क के किनारे खड़े रहते हैं, जिससे हादसे हो रहे हैं।

#### हादसे में कोई जिंदा नहीं बच पाया

हादसा तिरला थाना क्षेत्र के ग्राम बलगांवडी स्थित प्रिंस होटल के पास हुआ। कार में सवार युवक रविवार रात करीब 10 बजे झाबुआ से निकले थे। धार के रास्ते पर उनकी कार की किसी भारी वाहन से टक्कर हो गई।

### प्रदेश में शराब कारोबारियों के 11 ठिकानों पर ईडी का छापा, इंदौर, भोपाल, रीवा, मंदसौर में दबिश

# 49 करोड़ से अधिक के राजस्व का सरकार को लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में सोमवार सुबह शराब कारोबारियों के इंदौर, भोपाल, रीवा और मंदसौर समेत कुल 11 ठिकानों पर पीएमएलए धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक साथ ईडी द्वारा छापामार कार्रवाई की गई, जिससे हड़कंप मच गया।

ईडी की यह रेड शराब कारोबारियों द्वारा ट्रेजरी चालान में जालसाजी और हेरफेर कर सरकार को 49 करोड़ से अधिक के राजस्व का चूना लगाने पर हुई। ईडी ने शराब ठेकेदारों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर मामले की जांच शुरू की है।

### 2015-16, एवं 2017- 18 के वित्त वर्ष के दौरान शराब दुकानों के अधिग्रहण के लिए एनओसी लेने का भी आरोप





#### कांग्रेस ने आबकारी अधिकारी संजीव दुबे को बताया सरगना

कांग्रेस का आरोप है कि इंदौर के फर्जी चालान कांड का मुख्य आरोपी एवं सरगना तत्कालीन आबकारी अधिकारी संजीव दुबे है। सवाल उठ रहा है कि लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू में कई शिकायतों और 10 साल से चल रही जांच के बाद भी भ्रष्ट अधिकारी को जबलपुर में पदस्थ क्यों किया गया?

#### मूल्य अंकों में और रुपए शब्दों में भरकर छोड़ते थे खाली जगह

जांच में पता चला था कि आरोपी शराब ठेकेदार छोटी-छोटी रकम के चालान तैयार कर बैंक में जमा करते थे। चालान के निर्धारित प्रारूप में रुपए अंकों में और रुपए शब्दों में लिखे होते थे। मूल्य अंकों में भरा जाता था, जबकि रुपए शब्दों में, के बाद खाली जगह छोड़ दी जाती थी। राशि जमा करने के बाद जमाकर्ता इस खाली जगह में बढ़ी हुई राशि को लाख के रूप में लिख देता था। ऐसी बढ़ी हुई रकम के चालान की कॉपियां जिला आबकारी कार्यालय में जमा कर दी जाती थी।

# पीआर श्रीजेश को पद्म भूषण और अश्विन को मिला पद्मश्री पुरस्कार, राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय टीम के पूर्व हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश को सोमवार को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को पद्मश्री पुरस्कार दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान श्रीजेश और अश्विन को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। श्रीजेश और अश्विन को यह सम्मान खेल में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने 2025 के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी जिसमें श्रीजेश और अश्विन का नाम भी शामिल था। अश्विन ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह भारत के सफल स्पिनरों में शामिल हैं। अश्विन ने टेस्ट में भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज के तौर पर अपना करियर समाप्त किया। 106 टेस्ट मैचों में अश्विन ने 537 विकेट झटके और वह बस पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले से पीछे थे जिन्होंने अपने टेस्ट करियर में 619 विकेट लिए हैं। अश्विन फिलहाल आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे हैं और इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। भारतीय हॉकी टीम की दीवार कहे जाने वाले पीआर श्रीजेश ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद संन्यास का एलान किया था। फिलहाल वह जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं। 2010 विश्व कप में डेब्यू करने के बाद श्रीजेश भारत के लिए कई यादगार जीत का हिस्सा रहे हैं, जिसमें 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण और जकार्ता-पालेमबांग में 2018 एशियाड में कांस्य पदक शामिल है। वह 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम के अलावा, भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल चैंपियन टीम में भी थे। इसके अलावा वह 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक और 2023 एशियाई चैंपियन ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। 2022 एशियाई खेलों में उन्होंने भारत को स्वर्ण जीतने में मदद की थी। इसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक दिलाया था। श्रीजेश को 2021 में खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। वहीं, 2022 में वह साल 2021 के लिए सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुने गए थे।

## दो बार ओलंपिक पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे श्रीजेश


हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को मिला पद्म विभूषण।

## भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं अश्विन


क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन को मिला पद्म श्री सम्मान।

## सुशील कुमार मोदी और पंकज उदास को मरणोपरांत पद्म भूषण

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत) को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी जेसी सुशील मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से यह पुरस्कार ग्रहण किया। वहीं गजल गायक पंकज उधास को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान दिया गया। अवॉर्ड उनकी पत्नी फरीदा ने लिया। इसके अलावा साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित एवं योग शिक्षा में अग्रणी, कुवैत की शेखा शेखा अली अल-जबर अल-सबा को चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया गया है। एक्टर और आंध्र प्रदेश के विधायक नंदमुरी बालकृष्ण को कला क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। कला के क्षेत्र में साउथ फिल्मों के एक्टर अजीत, डायरेक्टर शेखर कपूर को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

---

## पहलगाम आतंकी हमले पर सियासत, वार-पलटवार का दौर जोरों पर

भाजपा सांसद रविशंकर ने दागा कांग्रेस पर सवाल, इन पर कंट्रोल नहीं?

# पर्यटकों को धर्म पूछकर गोली मारने को लेकर विधायकों के बोल पर घिरी कांग्रेस, भाजपा ने घेरा

### कांग्रेस के कई विधायकों ने धर्म के नाम पर गोली मारने पर दिए विवादित बयान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सियासत शुरू हो गई है। पर्यटकों को धर्म पूछकर गोली मारने को लेकर विधायकों के सवाल उठाने पर कांग्रेस घिर गई है। कर्नाटक के मंत्री आरबी तिम्मापुर के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता और विधायक विजय वडेट्टीवार ने धर्म पूछकर हत्या के मामले में विवादित बयान दिया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पहलगाम की जो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, उसे पूरे देश ने देखा और पूरे देश में बहुत नाराजगी है। सर्वदलीय बैठक भी बुलाई गई और बहुत ही सद्भाव के माहौल में सब लोगों ने मौन रखा और सरकार के साथ सख्ती की कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया। कांग्रेस पार्टी के नेता, उनके अध्यक्ष ने सार्वजनिक बयान दिया है कि वे सरकार के साथ हैं, लेकिन कांग्रेस के कुछ बड़े-बड़े नेता क्या-क्या बोल रहे हैं,और इसका मकसद क्या है? कांग्रेस नेताओं के सारे वकतव्यों का पाकिस्तान में दुरुपयोग हो रहा है। कांग्रेस नेता देश को और बदनाम कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे का क्या अपनी पार्टी पर कोई नियंत्रण नहीं है?



देश के कई विपक्षी नेता देश को बदनाम करने में जुटे

### कांग्रेस सियासी लाभ उठाने की कोशिश कर रही: नकवी


भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि उन्हें प्रतिस्पर्धा से बाहर निकलने और पाकिस्तान का छद्म भागीदार बनने की जरूरत है। यह न तो उनके हित में है, न ही देश के हित में। जब देश एक स्वर में पाकके खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है, तो वे किस तरह का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं?

### भाजपा ने कहा- कांग्रेस के नेता हिंदू पीड़ितों का मजाक उड़ा रहे

#### वे पाकिस्तान आधारित पार्टी नाम कर लें


भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस का नाम बदलकर पाकिस्तान आधारित पार्टी कर देना चाहिए। एक तरफ राहुल गांधी आते हैं और सर्वदलीय बैठक में आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कहते हैं और उनकी पार्टी के नेता हिंदू पीड़ितों का मजाक उड़ाते हैं। पार्टी पूछे कि क्या पीड़ित झूठ बोल रहे हैं कि उनके साथ क्या हुआ?

### 'भारत को पाक से बातचीत करनी चाहिए'
### हमें उनकी आरती उतारनी चाहिए


जेकेपीसीसी अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा के कथित बयान 'भारत को पाकिस्तान से बातचीत करनी चाहिए' पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि उनकी आरती उतारनी चाहिए। पाकिस्तानी हमारे लोगों को मारेंगे और हम उनकी आरती उतारेंगे? वे कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया पर खूब बरसे।

### कई विपक्षी दलों ने पाक को सुनाई खरी-खरी

#### इस मौके पर जेके के लिए राज्य का दर्जा नहीं मांगूंगा: उमर


जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैं इस मौके का इस्तेमाल राज्य का दर्जा मांगने के लिए नहीं करूंगा। पहलगाम के बाद मैं किस मुंह से जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य का दर्जा मांग सकता हूं? मेरी क्या इतनी सस्ती सियासत है?

**हमले ने खोखला किया माफी के लिए शब्द नहीं**

उमर ने कहा कोई कश्मीरी हमले के साथ नहीं है। हमले ने हमें खोखला कर दिया है। मेरे पास शब्द नहीं हैं।

#### अफरीदी जैसे जोकर का नाम मत लो: ओवैसी


पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी शाहिद अफरीदी के पहलगाम हमले को लेकर दिए बतुके बयान पर असदुद्दीन ओवैसी ने करारा हमला बोला है। एआईएमआईएम के मुखिया ओवैसी ने अफरीदी को जमकर फटकार लगाई और दुत्कारा। ओवैसी ने कहा कि कौन है ये? नाटक है। मेरे सामने क्या जोकरों का नाम ले रहे हो?

**बिलावल की अम्मा को किसने मारा?**

ओवैसी ने पाक नेता बिलावल भुट्टो पर कहा कि वे तो नए-नए राजनीति में आए हैं। उन्हें सोचना पड़ेगा कि उनकी अम्मा को किसने मारा?


### टिकैत भाइयों की भाषा पर बवाल
#### पाकिस्तान के किसानों को नुकसान


किसान नेता नरेश टिकैत ने सिंधु का पानी रोकने की आलोचना की है। उनके भाई राकेश ने भी यही कहा है। अब दोनों भाई निशाने पर आ गए हैं।

### पाक के हवाई क्षेत्र बंद करने पर मंत्री बोले
#### सरकार हालात की समीक्षा कर रही


केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने पाकिस्तान द्वारा अपने हवाई क्षेत्र को भारतीय एयरलाइंस के लिए बंद करने पर कहा कि सरकार हालात की समीक्षा कर रही है और उसके बाद ही कोई फैसला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे विभिन्न एयरलाइंस के साथ मिलकर इस मुद्दे का हल निकालने के लिए चर्चा कर रहे हैं। आशंका है कि एयरलाइंस हवाई किराए में बढ़ोतरी कर सकती हैं।

#### विधायकों का बयान असंवेदनशील और मूर्खतापूर्ण: फडणवीस


सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वडेट्टीवार का बहुत ही असंवेदनशील और मूर्खतापूर्ण बयान है। ऐसा बयान देना हमारे दुश्मनों को बढ़ावा देने जैसा है। वहीं दिल्ली के मंत्री और भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि यह हमला पाकिस्तान द्वारा किया गया था। हमले से पूरा देश प्रभावित हुआ है।

#### पाकिस्तान की किस्मत में अब केवल रोना लिखा : विज


हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने सिंधु जल समझौते का जिक्र करते हुए कहा, पाकिस्तान की किस्मत में अब रोना लिखा है। विज ने कहा कि यह अच्छी बात है। हमारे भारत का इतिहास हमेशा से रहा है कि हम एकजुट होकर बाहरी खतरे का सामना करते हैं।

---

### सर्वदलीय बैठक पर पीएम पर भड़के खरगे

## 56 इंच का सीना अब छोटा हो गया... योजना पर बताना था


जयपुर में 'संविधान बचाओ' रैली को संबोधित किया

एजेंसी ▶▶ जयपुर

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की जान गई और इस पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, तब पीएम उसमें शामिल नहीं हुए। उनका 56 इंच का सीना अब छोटा हो गया है। जयपुर में 'संविधान बचाओ' रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि देश का दुर्भाग्य है कि जब देश की शान पर हमला हुआ, तब प्रधानमंत्री बिहार में चुनावी भाषण दे रहे थे। सभी दलों के नेता बैठक में आए, लेकिन प्रधानमंत्री नहीं आए। क्या बिहार दूर था? उन्हें योजना के बारे में बताना चाहिए था कि उन्हें हमसे किस तरह की मदद चाहिए?

#### मोदी देश को कमजोर कर रहे

खरगे ने पीएम पर हमला बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी ने महंगाई और बेरोजगारी दी। ऐसे लोग देश को कमजोर करते हैं। खरगे ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने तय किया है कि इस मामले में वे सरकार का समर्थन करेंगे क्योंकि देश सबसे ऊपर है। उन्होंने कहा कि देश पहले आता है, फिर पार्टी और धर्म। सभी को देश के लिए एकजुट होना चाहिए।

#### भाजपा देश को बांट रही

खरगे ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये देश बांटने की बात करते हैं, जबकि कांग्रेस देश जोड़ने की बात करती है। उन्होंने कहा कि इस देश में संविधान सबसे बड़ा है और हमारा लोकतंत्र संविधान के अनुसार चलता है। सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग और कांग्रेस नेताओं पर छापों को लेकर सरकार पर हमला करते हुए कहा कि जब भी कांग्रेस आगे बढ़ती है, ये लोग उसे दबाने की कोशिश करते हैं। लेकिन हम दबने वाले नहीं हैं।

#### हम उनको स्वर्ग भेजेंगे, फैसला यमराज करेंगे

कांग्रेस के दिग्गजों का जयपुर में महाजुटान था। रैली के बहाने खरगे,अशोक गहलोत,सचिन पायलट समेत तमाम नेता मौजूद रहे। इस बीच खरगे ने एक बार फिर संसद में अमित शाह के आंबेडकर वाले बयान को लेकर अजीबोगरीब बयान दिया। खरगे ने कहा कि शाह बोलते हैं कि आप आंबेडकर का इतना नाम लेते तो स्वर्ग पहुंच जाते,तो हमने भी तय किया है कि आपको इस बार स्वर्ग भेजकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि फैसला यमराज करेंगे।

---

## मशहूर रैपर हाइब्रिड गांजे के साथ गिरफ्तार

**कोच्चि।** केरल पुलिस की एक्साइज टीम ने कोच्चि में छापेमारी कर मशहूर मलयालम फिल्म डायरेक्टर खालिद रहमान,अशरफ हमजा और शालिफ मोहम्मद को हाईब्रिड गांजा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।रैपर वेदान की मुश्किलें बढ़ गई हैं क्योंकि उनके फ्लैट से गांजा बरामद हुआ है। कोच्चि व्हाइट हिल पुलिस सुबह करीब 10 बजे पहुंची।



दिल्ली में 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड'

# पुरी ने जताई खुशी, भाजपा सरकार में लोगों को मिलेगा भरपूर लाभ

### मुख्यमंत्री रेखा की भी सराहना की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयुष्मान वय वंदना कार्ड के वितरण पर खुशी जताई। दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में वय वंदना कार्ड के वितरण के लिए आयोजित समारोह से इतर मीडिया से बात करते हुए हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की थी। लेकिन अफसोस, दिल्ली में इसे लागू नहीं किया गया। उन्होंने दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के दो महीने बाद योजना को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की तारीफ की।



#### सरकार पाकिस्तान को माकूल जवाब जरूर देगी

पुरी ने उम्मीद जताई कि और अस्पताल योजना के तहत जुड़ेंगे। उन्होंने केंद्र द्वारा पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाने पर कहा कि यह मोदी सरकार है, जो पूर्व की सरकारों के विपरीत ठोस कदम उठाने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में क्या कदम उठाए जाएंगे, हम अंदाजा नहीं लगा सकते। सरकार अपने तरीके से पाकिस्तान को माकूल जवाब जरूर देगी।

## कौशांबी में मिट्टी का टीला धंसा, 5 की मौत

**कौशांबी।** यूपी के कौशांबी जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां मिट्टी का टीला ढहने से बड़ा हादसा हो गया। मिट्टी में दबकर 5लोगों की मौत हो गई। हादसे में 2घायल भी हैं। ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर सभी को बाहर निकाला। सुबह लगभग 7:30 बजे यह घटना हुई। घर की पुताई के लिए मिट्टी की खुदाई कर रहे थे। मौतों से गांव में मातम पसरा है।



# अब रेलवे एग्जाम हॉल में मंगलसूत्र और जनेऊ के साथ मिलेगा प्रवेश

### विवाद बढ़ने के बाद विभाग ने बदला फैसला


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों ने रेलवे भर्ती बोर्ड की नर्सिंग अधीक्षक परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र और जनेऊ उतार कर परीक्षा भवन में प्रवेश करने संबंधी निर्देश पर सोमवार को कड़ी आपत्ति जताई, जिसके तुरंत बाद फैसले को वापस ले लिया गया। रेलवे अधिकारियों ने अब स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश करने से पहले मंगलसूत्र और जनेऊ जैसे धार्मिक प्रतीकों को उतारने की आवश्यकता नहीं होगी।

रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने स्पष्ट किया कि रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों पर पाबंदी नहीं रहेगी। को किसी भी तरह के धार्मिक प्रतीक या मंगलसूत्र को उतारने की आवश्यकता नहीं होगी।

## सिलेंडर से आग, 80 झुग्गियां जलकर राख



**लखनऊ।** यहां सोमवार को सिलेंडर से लगी आग से एक के बाद एक करीब 80 झुग्गियां चपेट में आ गईं। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैली। आग की लपटों से सड़क के दूसरे ओर बने एक घर का भी कुछ सामान जल गया। इससे दहशत फैल गई। लोग घरों से निकलकर सड़क पर आ गए। कुछ लोग छतों पर चढ़ गए। घटना फैजुल्लागंज थाना क्षेत्र के श्याम विहार की है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

**द्वितीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID 2025_UAD_419472_1_1 PRO-82 Date- 28/04/25 | संभाग क्र. 01 गढ़ा महाराणा प्रताप वार्ड अंतर्गत नव निवेश कालोनी में टॉवर के पास बॉल निर्माण कार्य। | 4.19 लाख दो माह | 2000/- 4190/- | 06/05/2025 |
| | Tender ID 2025_UAD_419472_2_1 PRO-82 Date- 28/04/25 | संभाग क्र. 01 गढ़ा महाराणा प्रताप वार्ड अंतर्गत नव निवेश कालोनी में कोष्टा जी के घर से मोर्य जी के घर तक कांक्रीटिंग कार्य। | 4.21 लाख दो माह | 2000/- 4210/- | 06/05/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर



## कार्यालय, अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति
## संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास क्रमांक - T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल - 462002

4/3/0003/2025-SEC-4-MP-DTE    I/246115/2025

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

**(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी क्षेत्र के पॉलिटेक्निक संस्थान)**
पॉलिटेक्निक डिप्लोमा तथा एकलव्य/डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर योजनान्तर्गत डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के
**प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश**
**पंजीयन दिनांक 30.04.2025 से प्रारंभ**

| पंजीयन प्रारंभ | |
|---|---|
| प्रथम चरण (सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिए एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित ) | |
| गतिविधियाँ | दिनांक/समय |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 30.04.2025 से 01.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |

- प्रवेश नियम, अभ्यर्थियों के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची इत्यादि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- ऐसे उम्मीदवार भी पंजीयन कर सकते हैं, जो सत्र 2024-2025 में 10 वीं कक्षा की परीक्षा में शामिल हुए हैं, जिनका परीक्षा परिणाम अभी जारी नहीं हुआ है; ऐसे उम्मीदवार यदि प्रवेश के लिए अपना पंजीयन कराते हैं तो उन्हें परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद काउंसलिंग पोर्टल पर परीक्षा परिणाम का विवरण दर्ज कर काउंसलिंग प्रक्रिया को पूर्ण करना आवश्यक होगा। ऐसे उम्मीदवारों का पंजीयन **प्रावधिक पंजीयन (Provisional Registration)** रहेगा।
  - ❖ **परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद, प्रावधिक पंजीयन (Provisional Registration) करा चुके उम्मीदवारों हेतु निर्देश**
  - ❖ ऐसे अभ्यर्थी जिनका पंजीयन प्रावधिक है, उन्हें पुनः काउंसलिंग पोर्टल से समय सारणी अनुसार पंजीयन संशोधित कर अर्हकारी परीक्षा की जानकारी प्रविष्ट करनी होगी, जिसके लिए **रजिस्ट्रेशन संशोधन (Registration Edit)** की प्रक्रिया निम्नानुसार करनी होगी :-
    1. रजिस्ट्रेशन कैंसलेशन की लिंक का उपयोग कर प्रावधिक रजिस्ट्रेशन को संशोधित करने हेतु रिसेट (Reset) करें।
    2. पुनः रजिस्ट्रेशन लिंक का उपयोग कर रजिस्ट्रेशन में अर्हकारी परीक्षा की जानकारी प्रविष्ट करें।
    3. आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के बाद रजिस्ट्रेशन लॉक कर पंजीयन की पावती प्राप्त करें।
- प्रथम चरण की विस्तृत समय-सारणी तथा उत्तरोत्तर चरण की काउंसिलिंग के कार्यक्रम पृथक से पोर्टल पर जारी किये जायेंगे।
- **संपर्क :- 0755-6720205, 2660441 ई-मेल:- dte.helpcenter@mp.gov.in**

संचालक
म.प्र. माध्यम/119831/2025    तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

## कनाडा में संसदीय चुनाव के लिए वोटिंग जारी

# कनाडा की सत्ता में नाटकीय परिवर्तन संभव, मार्क कार्नी और पोइलिवर में कड़ी टक्कर, प्रारंभिक मतदान में 73 लाख से अधिक वोट डाले गए

एजेंसी ⏭ ओटावा

कनाडा के मतदाता सोमवार को संसदीय चुनाव के लिए मतदान करने जा रहे हैं, जिससे देश की सत्ता में नाटकीय परिवर्तन हो सकता है। देश की अवाम नया पीएम चुनने जा रही है। इस चुनाव में अहम मुकाबला पीएम मार्क कार्नी और विपक्षी के नेता पियरे पोइलिवर के बीच माना जा रहा है। जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफा देने के बाद मार्क कार्नी को मार्च में कनाडा का पीएम चुना गया था। हालांकि, कनाडा में संसदीय चुनाव अक्टूबर में होने थे लेकिन इन्हें वक्त से पहले करवाया जा रहा है। जनवरी में हुए सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि कंजर्वेटिव निश्चित जीत की ओर बढ़ रहे हैं। बाद में लिबरल पार्टी ने बढ़त हासिल करना शुरू कर दिया। हालांकि हाल के दिनों में प्रतिस्पर्धा कम हो गई है। प्रारंभिक मतदान में 73 लाख से अधिक वोट डाले गए, जो एक रिकॉर्ड है। रविवार को एक पोल में कहा गया कि दोनों आगे चल रही पार्टियों के बीच अंतर करीब 4 फीसदी अंक था, जो शनिवार को थोड़ा ज्यादा था। संघीय चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार स्वतंत्र एजेंसी, इलेक्शन कनाडा, पात्र मतदाताओं को भाग लेने के लिए कई अवसर प्रदान करती है।

चुनाव में बड़ा मुद्दा बना राष्ट्रपति ट्रंप का टैरिफ वार

कंजर्वेटिव और लिबरल पार्टी के बीच कांटे की टक्कर



### पूर्व पीएम ट्रूडो के खिलाफ बढ़ा असंतोष

*कनाडा चुनाव में लिबरल पार्टी के पीएम मार्क कार्नी और कंजर्वेटिव नेता पियरे पोलीवरे के बीच कड़ी टक्कर है। अब तक विपक्ष के नेता पियरे पोइलिवर को लेकर अच्छा माहौल बना हुआ है। कनाडा में हो रहा चुनाव पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ बढ़ते असंतोष से उत्पन्न राजनीतिक उथल-पुथल के लंबे दौर के बाद हो रहा है, जिसके कारण उन्हें अचानक इस्तीफा देना पड़ा था। अगर मार्क कार्नी को जनादेश नहीं मिलता है, तो वे कनाडा के इतिहास में सबसे छोटे टर्म के पीएम होंगे।*

### लिबरल पार्टी को नैरेटिव बदलने में मिली मदद

*इस चुनाव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी एक मुद्दा हो सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के व्यापार युद्ध और कनाडा को 51वां राज्य बनाने की धमकियों ने कनाडाई लोगों को नाराज कर दिया है। इससे राष्ट्रवाद में उछाल आया है, जिससे लिबरल पार्टी को संसदीय चुनाव में नैरेटिव बदलने में मदद मिली है। क्यूबेक प्रांत के पूर्व प्रीमियर जीन चारेस्ट ने कहा कि ट्रंप ही अभियान हैं। अहम सवाल यह है कि हम ट्रंप का सामना करने के लिए किस व्यक्ति को चुनने जा रहे हैं। सब कुछ बदल गया है।*

### मतदान के दिन से पहले डाले गए वोट


18 अप्रैल से 21 अप्रैल तक अग्रिम मतदान खुले थे, जिससे मतदाता आम चुनाव के दिन से पहले अपने मतपत्र डाल सकें। लगभग 20 लाख कनाडाई लोगों ने अग्रिम मतदान के पहले दिन मतदान किया, जिसने एक दिन में मतदान का नया रिकॉर्ड बनाया। मतदाता डाक से मतदान करने के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसे 'विशेष मतपत्र' के रूप में जाना जाता है। मेल-इन वोटिंग के लिए आवेदन 23 अप्रैल तक जमा करना था। अब तक, 7.5 लाख से अधिक कनाडाई लोगों ने अपने मेल-इन मतपत्र वापस कर दिए हैं, जो 2021 में ऐसा करने वाले 6.6 लाख से अधिक है।

### आर्थिक सुधारों पर ध्यान

कंजर्वेटिव नेता पोलिएवर ने सबसे कम टैक्स ब्रैकेट में 15 फीसदी की कटौती करने, औद्योगिक कार्बन टैक्स को निरस्त करने और $1.3 मिलियन (कनाडाई डॉलर) तक के पहली बार घर खरीदने वालों के लिए संघीय बिक्री कर को खत्म करने का वादा किया। लिबरल पार्टी के नेता मार्क कार्नी ने संघीय घाटे को कम करने, सबसे कम ब्रैकेट के लिए सीमांत कर दर को कम करने और $1 मिलियन (कनाडाई डॉलर) से कम की संपत्ति के लिए पहली बार घर खरीदने वालों के लिए देश में माल और सर्विस टैक्स को खत्म करने का वादा किया है।

## खबर संक्षेप

### फ्रांस की मस्जिद में युवक की हत्या



**पेरिस।** फ्रांस की एक मस्जिद में युवक की हत्या करने के संदिग्ध आरोपी ने इटली की पुलिस के सामने आत्मसर्पण कर दिया है। आरोपी ने शुक्रवार को फ्रांस के दक्षिण में स्थित शहर ला ग्रांडे कोम्बे की मस्जिद में एक युवक की हत्या कर दी गई थी। आरोपी ने हमले की घटना को अपने फोन पर रिकॉर्ड भी किया था। साथ ही सुरक्षा कैमरों की फुटेज में भी आरोपी की तस्वीर कैद हुई थी। इस हत्याकांड के खिलाफ रविवार को ला ग्रांडे शहर में विरोध प्रदर्शन भी हुआ।

### मोबाइल यूजर्स के लिए जीमेल हुआ अपडेट



**नई दिल्ली।** गूगल ने एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफॉर्म पर मोबाइल यूजर्स के लिए अपने जीमेल एप में अपडेट पेश किए हैं। अपडेट का मकसद डिजाइन में सुधार और एआई तक नई पहुंच के साथ यूजर्स के अनुभव को बेहतर बनाना है। इससे एंड्रॉइड टैबलेट और फोल्डेबल डिवाइस का इस्तेमाल करने वालों को जीमेल एप इंटरफेस से सुविधा होगी। यूजर्स अब लिस्ट और चैट पैन को अपने पसंदीदा आकार में एडजस्ट कर सकते हैं।

## पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में बढ़ा तनाव

# पाक पीएम को बड़े भाई ने दी युद्ध से दूर रहने की सलाह, कहा- 'सब्र' से काम लें

एजेंसी ⏭ लाहौर

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान में तनाव की स्थिति उत्पन्न है। इधर, पीएम नरेंद्र मोदी ने इस हमले में मारे गए लोगों का बदला लेने की बात कही है। तो उधर, पाक में भी हलचल तेज है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ समेत कई नेता भारत के खिलाफ आग उगलने वाले बयान दे चुके हैं, जिसके बाद अब पूर्व पीएम शहबाज शरीफ ने अपने छोटे भाई शहबाज को खास सलाह दी है। दरअसल, पीएम शहबाज शरीफ ने रविवार को पीएमएल-एन के अध्यक्ष नवाज शरीफ को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में जानकारी दी। यह बैठक कश्मीर के पहलगाम इलाके में आतंकवादी हमला होने के चलते भारत द्वारा सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को निलंबित करने के बाद हुई थी।

नवाज शरीफ ने राजनयिक विकल्प का उपयोग करने को कहा

पाकिस्तान की सरकार शांति बहाल करने के लिए उठाए कदम

### नवाज शरीफ आक्रामक रूख अपनाने के इच्छुक नहीं



शहबाज शरीफ ने नवाज से उनके पारिवारिक आवास जति उमरा में मुलाकात की। इस दौरान पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज भी मौजूद थीं। शहबाज ने बड़े भाई नवाज को किसी भी मुश्किल स्थिति में सेना की तैयारी के बारे में जानकारी दी। पीएमएल-एन के एक सूत्र ने बताया कि नवाज शरीफ चाहते हैं कि उनकी सरकार दोनों परमाणु संपन्न देशों के बीच शांति बहाल करने के लिए कदम उठाए। उन्होंने शहबाज को भी सब्र से काम लेने को कहा है। नवाज ने शहबाज को सभी उपलब्ध राजनयिक विकल्पों का उपयोग करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि नवाज आक्रामक रुख अपनाने के इच्छुक नहीं हैं। उधर, पीएम शहबाज ने अपने बड़े भाई से कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद आईडब्ल्यूटी को निलंबित करने के भारत के एकतरफा फैसले ने क्षेत्र में युद्ध के जोखिम को बढ़ा दिया है।

### तुर्किए ने पाक को की मदद, भेजे गोला-बारूद

*पाकिस्तान ने अपने मित्र-देश तुर्किए से मदद मांगी है। स्वतंत्र एजेंसी ओपन सोर्स इंटेलिजेंस के मुताबिक, तुर्किए का एक सी-130 मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट पाकिस्तान पहुंचा है। माना जा रहा है कि इस विमान में तुर्किए ने पाकिस्तान के लिए गोला-बारूद भेजा है। तुर्किए ने पाकिस्तान को टीबी-2 बायरेक्टर ड्रोन मुहैया कराए हैं। इन बायरेक्टर ड्रोन को पाकिस्तान ने भारत सीमा के करीब लाहौर सेक्टर में तैनात किया है। दुनिया में गिने-चुने देश ही बचे हैं जो पाकिस्तान के आतंकवाद का समर्थन करते हैं। उनमें से एक तुर्किए है, जो संयुक्त राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर विवाद का मुद्दा उठाता रहता है। ऐसे में पाकिस्तान को तुर्किए का ही सहारा है।*

### यूएन में आतंकी संगठन टीआरएफ नाम हटाना चाह रहा पाक

*पाकिस्तान, चीन की मदद से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पेश होने वाले पहलगाम ड्राफ्ट से आतंकी संगठन टीआरएफ का नाम हटाने की साजिश रच रहा है। पाकिस्तान इस समय यूएनएससी में गैर स्थायी श्रेणी में सदस्य है और अपनी इस स्थिति का लाभ उठाने के लिए पाकिस्तान पहलगाम हमले में अपनी जवाबदेही से बचना चाहता है। दरअसल टीआरएफ को पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा का मुखौटा संगठन माना जाता है। ऐसे में पाकिस्तान को डर है कि अगर यूएनएससी में पहलगाम ड्राफ्ट में टीआरएफ का नाम हुआ तो वह फंस सकता है और उस पर टीआरएफ के खिलाफ कार्रवाई का दबाव बन सकता है। ऐसे में पाकिस्तान ने नापाक चाल चलते हुए ड्राफ्ट से ही टीआरएफ का नाम हटाने की साजिश रची है और इस काम में उसने अपने पुराने साथी चीन की मदद मांगी है।*

### जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय आयोग बने

*इससे पहले रविवार को रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इस घटना की जांच के लिए अमेरिका, ईरान, चीन, रूस और ब्रिटेन के अधिकारियों सहित एक अंतरराष्ट्रीय आयोग बनाने की पेशकश की। इसमें कहा गया कि अगर ऐसा होता है, तो पाकिस्तान दुनिया के सामने तथ्य सामने लाएगा। उन्होंने कहा कि दो परमाणु संपन्न देशों के बीच तनाव पूरी दुनिया की स्थिरता के लिए खतरा पैदा करता है, उन्होंने बढ़ते तनाव का जायजा लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जरूरत पर जोर दिया। आसिफ ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी से टेलीफोन पर बात भी की है।*

## अब राणा उगलेगा मुंबई हमले के राज

# एनआईए की दलील मंजूर, कोर्ट ने 12 दिन की रिमांड पर भेजा



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एनआईए ने सोमवार को 26/11 के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान एनआईए की टीम ने कोर्ट से तहव्वुर की 12 दिन रिमांड मांगी। एनआईए ने 12 दिन की कस्टडी की मांग करते हुए दलील दी कि राणा जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। बता दें कि अदालत ने तहव्वुर राणा को 12 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। वहीं, एनआईए की कानूनी टीम का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता दायम कृष्णन और विशेष सरकारी अभियोजक नरेंद्र मान पटियाला हाउस कोर्ट पहुंचे थे। वहीं दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता पीयूष सचदेवा तहव्वुर राणा का पक्ष रखा।

### पहले फैसला रखा था सुरक्षित

बताया गया कि विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने एनआईए की अर्जी पर पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था। लेकिन शाम को हुई सुनवाई के दौरान तहव्वुर राणा को 12 दिन की रिमांड पर भेज दिया। अब एनआईए की टीम तहव्वुर राणा से 12 दिन तक पूछताछ करेगी। माना जा रहा है कि राणा रिमांड पर कुछ बड़े राज भी खोल सकता है। इससे पहले, 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को कड़ी सुरक्षा में अदालत में पेश किया गया। इस दौरान कोर्ट में भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। इससे पहले 11 अप्रैल को कोर्ट ने राणा को 18 दिन की हिरासत में भेजा था। इस दौरान एनआईए ने उससे 2008 के घातक हमलों के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने के लिए विस्तार से पूछताछ की।

### 2009 हुआ था अमेरिका में गिरफ्तार

*26/11 मुंबई हमले में 174 लोगों की जान गई थी और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस हमले को पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने अंजाम दिया था। राणा पर आरोप है कि उसने इस हमले की साजिश में अहम भूमिका निभाई थी। 2011 में भारतीय अदालत ने उसे दोषी ठहराया था, लेकिन वह उस समय अमेरिका में था। 2009 में अमेरिका में उसकी गिरफ्तारी हुई थी, और तब से वह प्रत्यर्पण के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहा था।*

## इजराइल और हमास के बीच संघर्ष जारी

# फिलिस्तीनियों की मानवीय मदद के लिए आईसीजे ने शुरू की सुनवाई

एजेंसी ⏭ हेग

संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत 40 देशों की ओर से इस मामले पर सोमवार को सुनवाई शुरू हुई कि गाजा और कब्जे वाले 'वेस्ट बैंक' में फिलिस्तीनियों को अत्यंत आवश्यक मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए इजराइल को क्या करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से इजराइल के कानूनी दायित्वों पर विचार करने के लिए कहा था। दरअसल इजराइल ने गाजा में सहायता मुहैया कराने वाली 'फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी' को काम करने से प्रभावी रूप से प्रतिबंधित कर दिया था जिसके बाद महासभा ने आईसीजे से इस मामले पर सुनवाई करने को कहा। इजराइल के सबसे करीबी सहयोगी अमेरिका ने इस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया था।



### सुनवाई राजनीतिक रूप से प्रेरितः इजराइल

इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने सोमवार को कहा कि गाजा को मानवीय सहायता पर संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत की सुनवाई उनके देश के 'व्यवस्थित उत्पीड़न और उसके खिलाफ अवैधीकरण' का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अदालत पूरी तरह से राजनीतिक रूप से प्रेरित होकर काम कर रही है। उन्होंने सोमवार को हेग में जारी कार्यवाही को 'शर्मनाक' बताया।


## रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का ऐलान

# 'विजय दिवस' के अवसर पर 8-10 मई को युद्ध विराम, नहीं करेंगे हम हमला

एजेंसी ⏭ मॉस्को

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कार्यालय 'क्रेमलिन' ने यूक्रेन में 8 से 10 मई तक पूर्ण युद्धविराम की सोमवार को घोषणा की। रूस ने द्वितीय विश्वयुद्ध में नाजी जर्मनी पर जीत के अवसर पर आयोजित 'विजय दिवस' के उपलक्ष्य में यह घोषणा की है। यह युद्धविराम आठ मई की मध्यरात्रि से शुरू होगा और 10 मई तक चलेगा। क्रेमलिन ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 9 मई को विजय दिवस के लिए 'मानवीय आधार' पर शत्रुतापूर्ण कार्रवाई को पूरी तरह से रोकने का आदेश दिया है।

### पुतिन ने उत्तर कोरिया को दिया धन्यवाद



वहीं, पुतिन ने रूसी सैनिकों के साथ मिलकर यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ने के लिए उत्तर कोरिया को सोमवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह उसके बलिदानों को कभी नहीं भूलेंगे। इससे कुछ ही घंटों पूर्व, उत्तर कोरिया ने सोमवार को पहली बार पुष्टि की कि उसने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में सहायता के लिए रूस में सैनिक भेजे हैं। रूस और उत्तर कोरिया के ये बयान उनकी बढ़ती सैन्य साझेदारी को दर्शाते हैं। पुतिन ने कहा कि रूसी लोग उत्तर कोरिया के विशेष बलों की वीरता को कभी नहीं भूलेंगे। हम हमेशा उन नायकों का सम्मान करेंगे जिन्होंने रूस के लिए, हमारी साझा स्वतंत्रता के लिए अपने रूसी भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ते हुए अपनी जान दी।

जम्मू-कश्मीर में आतंक पर प्रहार, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

# आतंकी गतिविधियों से जुड़े लोगों पर कसा कानूनी शिकंजा,डोडा में 13 ठिकानों पर रेड

एजेंसी ⏭ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में आतंकी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए डोडा और किश्तवाड़ में 13 जगहों पर सुरक्षाबलों ने छापेमारी की है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार सुबह डोडा जिले में 13 स्थानों पर छापेमारी की, ताकि आतंकवादी ठिकानों का भंडाफोड़ किया जा सके और आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। साथ ही, श्रीनगर पुलिस ने आतंकियों के नेटवर्क से जुड़े लोगों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की, शहर में कई स्थानों पर छापेमारी करते हुए। यह छापेमारी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के ओवरग्राउंड वर्कर्स और उनके सहयोगियों के घरों पर हुई। पुलिस ने बताया कि कुल 63 लोगों के घरों में छापे डाले गए। पुलिस ने कहा कि गवाहों और कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तलाशी अभियान किया गया था। इसका लक्ष्य हथियार, दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और अन्य सामग्री बरामद करना है और आतंकवादी गतिविधियों की साजिशों का पता लगाना है।

### राजौरी में दिखे 4 संदिग्ध, तलाशी अभियान



राजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में चार संदिग्ध व्यक्तियों के देखे जाने के बाद तलाशी अभियान जारी है। सुरक्षा एजेंसियां और सेना के जवान इलाके में तलाशी ले रहे हैं, ताकि संदिग्धों को पकड़ा जा सके और इलाके में सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। यह अभियान दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद शुरू किया गया, जिसमें 22 अप्रैल को 26 लोग मारे गए थे।

### पर्यटक घटे, होटल बुकिंग रद्द

कटड़ा होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वजीर ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में पहलगाम हमले से पर्यटन भी प्रभावित हुआ है। उनका कहना था कि अब तक लगभग 35 से 37% होटल बुकिंग रद्द हो चुकी हैं। अमरनाथ यात्रा में भी यात्रियों की संख्या 45,000 से घटकर 20,000 से 22,000 तक रह गई है।

## भारतीय वाघा सीमा पर भीड़

# 1000 भारतीय स्वदेश लौटे 800 पाकिस्तानी वापस गए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पिछले छह दिन में 1,000 से अधिक भारतीय वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान से अपने घर लौट चुके हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद वीजा रद्द होने के कारण उन्हें अपनी यात्राएं बीच में ही रोकनी पड़ी थीं।

एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि पिछले छह दिन में 1,000 से अधिक भारतीय वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान से अपने घर लौट चुके हैं। इसी तरह, सोमवार तक 800 से अधिक पाकिस्तानी स्वदेश लौट चुके हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के दीर्घकालिक वीजा रखने वालों को स्वदेश लौटने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को 236 पाकिस्तानी स्वदेश लौटे और 115 भारतीय अपने वतन पहुंचे।



### कागजात की गहन जांच की जा रही

वाघा पर पाकिस्तान रेंजर्स और भारत के सीमा सुरक्षा बल ने आव्रजन की अनुमति देने से पहले स्वदेश भेजे गए नागरिकों के कागजात की गहन जांच की। आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को गोलीबारी की थी जिसमें 26 लोग मारे गए, जो 2019 में पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमला था। नई दिल्ली में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने बुधवार को अन्य बातों के अलावा अटारी में एकीकृत चेक पोस्ट को तत्काल प्रभाव से बंद करने का फैसला किया। अटारी-वाघा सीमा भारत में अमृतसर और पाकिस्तान में लाहौर के पास स्थित है।

## पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को ध्वस्त करने की तैयारी

# स्वीडन से भारतीय सेना को मिला एटी4 रॉकेट लॉन्चर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच, स्वीडन से भारत को एक महत्वपूर्ण एंटी-आर्मर हथियार की डिलीवरी की गई है। यह वही हथियार है जिसे 2016 में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के लॉन्च पैड्स को नष्ट करने में इस्तेमाल किया गया था। सर्जिकल स्ट्राइक वाले कार्ल गुस्ताफ रॉकेट लॉन्चर की डिलीवरी की स्वीडन की साब कंपनी ने कहा कि हमें भारतीय सशस्त्र बलों को अपने एटी4 एंटी-आर्मर हथियार प्रणाली की सफल डिलीवरी की घोषणा करते हुए गर्व है। यह एटी4 रॉकेट लॉन्चर का एडवांस वर्जन है जो भारतीय सेना के लिए एक रणनीतिक ताकत बन सकता है। इस सिस्टम को खास तौर पर सीमित स्थानों में संचालन के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी ने कहा कि हमें गर्व है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने हमारे एटी4 सिस्टम को अपनाया है, जो अब भारतीय शस्त्रागार का हिस्सा बन गया है। स्वीडन से मिल रहे एटी4 रॉकेट लॉन्चर्स से भारतीय सेना की ताकत में नया इजाफा हुआ है।

सीमित स्थानों में हमले के लिए डिजाइन किया गया

भारतीय सेना की ताकत और अधिक मजबूत हुई


### कार्ल-गुस्टाफ से हल्का और प्रभावी



एटी-4 रॉकेट लॉन्चर, कार्ल-गुस्टाफ की तुलना में हल्का और ज्यादा प्रभावी है। यह एक सिंगल-शॉट सॉल्यूशन के रूप में काम करता है, जो दुश्मन के बंकर और अन्य संरचनाओं को नष्ट करने के लिए अत्यंत प्रभावी है। सेना के लिए इसका फायदा यह है कि यह कंधे से फायर करने में आसान होगा और सैनिक इसे आसानी से अपने साथ ले जा सकेंगे। 2016 में, भारतीय सेना के पैरा-एसएफ कमांडो ने कार्ल-गुस्टाफ रॉकेट लॉन्चर का इस्तेमाल करके पीओके में आतंकियों के लॉन्च पैड्स को नष्ट किया था। उस समय, सैनिकों ने कंधे पर रॉकेट लॉन्चर लादकर इन हमलों को अंजाम दिया था, जो उनकी सफलता का एक अहम हिस्सा साबित हुआ। यह हथियार सीमित स्थानों में प्रभावी साबित होगा और सेना को मजबूत रणनीति तैयार करने में मदद देगा।

### प्रतिस्पर्धी मूल्यांकन से चुना गयाः साब

साब कंपनी ने कहा कि प्रतिस्पर्धी मूल्यांकन के माध्यम से चुने जाने के बाद, एटी4 भारतीय शस्त्रागार में शामिल हो गया है, जो अल्प-श्रृंखला के युद्ध के लिए एक विश्वसनीय एकल-शॉट समाधान के रूप में कार्य करता है। भारत ने एटी4सीएस एएसटी वेरिएंट का अधिग्रहण किया है, जिसे विशेष रूप से सीमित स्थानों में संचालन के लिए डिजाइन किया गया है जिसमें इमारतों, बंकरों और अन्य शहरी वातावरण से उपयोग शामिल है। भारतीय सशस्त्र बल, हमारे कार्ल-गुस्टाफ प्रणाली के दीर्घकालिक उपयोगकर्ता, हमारे एटी4 हथियार प्रणाली पर अपना विश्वास बढ़ाते हैं।



# कोस्टाओ ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक्टिंग की बदौलत लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। उनका नाम चुनिंदा कलाकारों की लिस्ट में शामिल हैं, जो किरदार की जरूर को बखूबी निभाना जानते हैं। फिल्मी दुनिया से जुड़े मुद्दों पर एक्टर खुलकर अपनी बात रखने के लिए भी जाने जाते हैं। बड़े पर्दे के साथ-साथ ओटीटी पर भी उनका काम तारीफ के काबिल है। इन दिनों नवाजुद्दीन अपनी अपकमिंग फिल्म कोस्टाओ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जो ओटीटी पर रिलीज होगी। इसके प्रमोशन में एक्टर बिजी चल रहे हैं। इस बीच उन्होंने बताया कि इस मूवी के किरदार की क्या बात उन्हें अच्छी लगती है।

लाइफ Style



# मौनी

## ट्रोलर्स ने कहा- सर्जरी की दुकान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मौनी रॉय अपनी आगामी फिल्म 'भूतनी' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच वह एक इवेंट में पहुंचीं। अभिनेत्री का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें व्हाइट सैटिन की मिनी ड्रेस में नजर आईं। वीडियो के सामने आते ही अभिनेत्री एक बार फिर ट्रोलर्स के निशाने पर आ गईं।

यूजर्स ने उन्हें फिर से सर्जरी और बोटॉक्स कराने को लेकर ट्रोल किया। हालांकि, अभिनेत्री अपने एक हालिया बयान में कह चुकी हैं कि उन्हें इन सब चीजों से फर्क नहीं पड़ता। अभिनेत्री के नए लुक के वीडियो को देखकर ट्रोलर्स ने उन पर एक बार फिर निशाना साधा और सर्जरी कराने की बात कही। एक यूजर ने लिखा, 'सर्जरी की दुकान' एक अन्य ने लिखा, 'और थोड़े फिलर्स करवा लेती, तभी तो फ्लिक्स करने की जरूरत पड़ी है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, कूल बनने के चक्कर में बैड लुक आ गया सिर्फ बोटोक्स। अब इनका नाम बोटोक्स गर्ल है।' एक और ने लिखा, 'शरीर पर कुछ भी करते हैं।' हालांकि, मौनी रॉय के फैंस को उनका यह लुक काफी पसंद आया। उन्होंने कमेंट सेक्शन में उनकी तारीफ भी की। एक यूजर ने लिखा, 'बहुत सुंदर लग रही हैं।' एक अन्य ने लिखा, 'बेबी डॉल' एक और यूजर ने लिखा, 'बहुत सुंदर।' मीडिया से बातचीत के दौरान अभिनेत्री मौनी रॉय से जब उनकी ट्रोलिंग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'कुछ नहीं, देखती ही नहीं। सबको अपना काम करने दो। मैं ऐसी टिप्पणियों पर ध्यान नहीं देती। अगर आप दूसरों को ट्रोल करने के लिए पर्दे के पीछे छिपते हैं और अगर आपको इसमें खुशी मिलती है तो ऐसा ही हो।'

हॉलीवुड मसाला



# भारत में रिलीज होगी मिशन इम्पॉसिबल

**लॉस एंजिलिस।** क्रिस्टोफर मैक्वेरी के निर्देशन में बनी 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग का इंतजार दर्शक एक लंबे समय से कर रहे हैं। पांच महीने पहले जब पैरामाउंट पिक्चर ने टॉम क्रूज की 'मिशन इम्पॉसिबल-8' का फाइनल चैप्टर का टीजर रिलीज किया था, तभी से दर्शक इस फिल्म की थिएटर रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। टॉम क्रूज की फिल्मों को पसंद करने वालों की संख्या जितनी विदेशों में है, उतनी ही इंडिया में भी है। भारत में भी टॉम क्रूज की फिल्मों का बेसब्री से इंतजार होता है। अब मिशन इम्पॉसिबल के फाइनल चैप्टर से जुड़ी हम आपके लिए एक ऐसी खबर लाए हैं।




# स्टीवर्ट ने लेस्बियन गर्लफ्रेंड से की शादी

**लॉस एंजिलिस।** ट्वाइलाइट फिल्म से पॉपुलर होने क्रिस्टन स्टीवर्ट फिल्मी प्रोजेक्ट्स से ज्यादा लव लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। बीते कुछ सालों से वह डायलन मेयर को डेट कर रही थी। आखिरकार अब उन्होंने रिश्ते को शादी का नाम दे दिया है। एक्ट्रेस ने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड से शादी रचाई है। इसकी जानकारी सामने आने के बाद उनके फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि अभिनेत्री ने रविवार को अपनी लंबे समय की गर्लफ्रेंड डायलन मेयर से शादी कर ली है। बता दें कि उन्होंने शादी स्टीवर्ट के लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर में एक निजी समारोह के तहत की है। इस कपल ने चार साल पहले अपनी सगाई की घोषणा की थी और अब शादी की। रिपोर्ट में यह जानकारी भी दी गई है कि क्रिस्टन और उनकी गर्लफ्रेंड ने एक सप्ताह पहले ही शादी का लाइसेंस कोर्ट से ले लिया था।



# 'केजीएफ' फिल्म ने दी मुझे पहचान

**मुंबई।** 'केजीएफ' में अभिनेता यश के साथ नजर आईं अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'हिट 3' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच अभिनेत्री ने अपनी पहली फिल्म 'केजीएफ' को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने उनको 'केजीएफ' में फ्लावरपॉट कहे जाने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी और बताया कि उन्हें आलोचनाओं व ट्रोलिंग से फर्क पड़ता है या नहीं। 'हिट 3' की रिलीज का इंतजार कर रहीं अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी ने हालिया बातचीत में अपनी पहली फिल्म 'केजीएफ' में उन्हें फ्लावरपॉट कहकर ट्रोल किए जाने पर बात करते हुए कहा, "मुझे 'केजीएफ' में फ्लावरपॉट बनने में कोई आपत्ति नहीं थी, क्योंकि जब यह आई तो यह मेरे लिए एक ड्रीम प्रोजेक्ट की तरह था। न कि यह कैसे होगा, ये मेरे लिए मायने रखता था।




# बड़ा खुलासा, नानी बनेंगे महाभारत का हिस्सा

**मुंबई।** एसएस राजामौली की आखिरी फिल्म 'आरआरआर' ने इतिहास रचते हुए ऑस्कर जीतकर देश का मान बढ़ाया था। तब से ही फैंस उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल, राजामौली सुपरस्टार महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा के साथ अपने मोस्ट अवेटेड प्रोजेक्ट 'एसएसएमबी29' पर काम कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। इसी बीच हैदराबाद में हुए एक खास इवेंट के दौरान राजामौली ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट 'महाभारत' को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। दरअसल, राजामौली हैदराबाद में आयोजित नानी की फिल्म 'हिट 3' के प्री-रिलीज इवेंट में शामिल हुए थे। इस दौरान होस्ट और एक्ट्रेस सुमा कनकला ने उनसे महाभारत में कास्टिंग को लेकर सवाल किया। उन्होंने पूछा कि क्या नानी भी इस ग्रैंड प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे?

टीवी मसाला

# नायरा : आपका फिगर साउथ मूवीज वाला है, सुझाव से परेशान

**मुंबई।** मशहूर टीवी अभिनेत्री नायरा बनर्जी साउथ सिनेमा का भी बड़ा नाम हैं। रियलिटी शो बिग बॉस 18 में भी वे हिस्सा ले चुकी हैं। नायरा ने हाल ही में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि जब वे फिल्मी दुनिया में आईं तो कास्टिंग डायरेक्टर्स उन्हें साउथ फिल्मों में जाने का सुझाव देते।



नायरा का कहना है कि शुरुआत में उन्होंने लॉ स्कूल में दाखिला लिया, क्योंकि परिवार में वकीलों की कमी थी। मगर, उन्हें डांस का भी शौक था। उन्होंने इंडस्ट्री की तरफ रुख किया। नायरा बनर्जी का कहना है कि कास्टिंग डायरेक्टर अक्सर उनसे कहते थे कि वे साउथ की फिल्मों के लिए एकदम सही हैं। उन्होंने कहा, 'ये लोग बोलते कि आपका चेहरा और फिगर साउथ की फिल्मों वाला है'। नायरा ने आगे बताया कि शुरुआत में कास्टिंग डायरेक्टर्स ने उनके चेहरे और शारीरिक बनावट के चलते उन्हें साउथ की फिल्मों के लिए परफेक्ट पाया। उन्होंने कहा, 'मैंने हमेशा कास्टिंग डायरेक्टर्स को कहते सुना है, 'तुम्हारा चेहरा और शरीर साउथ इंडियन फिल्मों के लिए परफेक्ट है'। नायरा ने आगे कहा, 'उन दिनों में इतनी पतली नहीं थी। ये लोग बोलते कि आपके फिगर के हिसाब से साउथ की फिल्में हैं। मैंने कहा कि मैं यह नहीं करना चाहती। मैंने कभी साउथ की कोई फिल्म नहीं देखी। एक कास्टिंग डायरेक्टर ने श्रीदेवी और दूसरी दिग्गज अभिनेत्रियों के नाम लिए और बताया कि साउथ इंडियन फिल्में भी अच्छी होती हैं'। नायरा ने आगे कहा कि वे जब घर गईं और अपने माता-पिता के सामने यह बात रखी तो उनके पिता ने साफ मना कर दिया। वहीं, मां ने भी सलाह दी कि वे इस बारे में भूल जाएं, क्योंकि वे ऐसे किसी इंसान को नहीं जानते थे जो गाइड करे। साउथ फिल्मों को लेकर नायरा ने कहा कि साउथ सिनेमा में प्रतिस्पर्धा है और जब उन्हें बड़ी फिल्मों और लीड रोल के ऑफर मिलने लगे, तो उन्होंने अपनी पढ़ाई पर फोकस करने के लिए उन्हें रिजेक्ट कर दिया।


## अनुपमा की बहू किंजल पर पैसा चुराने का आरोप

**मुंबई।** वसुंधरा कोठारी समझ चुकी है कि अनुपमा के खिलाफ लड़ाई में अनिल उसका साथ नहीं देगा। पहले ही कमजोर पड़ चुके अनिल की जगह वसुंधरा कोठारी अपने दामाद को खड़ा करेगी। रुपाली गांगुली और अद्रिजा रॉय स्टारर टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है जिसमें दिखाया गया है कि मोटी बा अकेले में अपने दामाद गौतम को बुलाएगी और उससे कहेगी कि अनिल पर हमें भरोसा नहीं रहा ऐसे में यह जिम्मेदारी हम तुम्हें सौंपते हैं। वसुंधरा कोठारी कहेगी कि कुछ भी करके राघव वाला केस तुम्हें बंद करवाना होगा। गौतम को यह कोठारी परिवार की नजरों में इज्जत कमाने का बड़ा मौका दिखेगा और वह फौरन शाह परिवार की दुखती रग तलाशना शुरू कर देगा। प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि एक रोज जब शाह परिवार में खुशियों भरा माहौल होगा तब गौतम वहां पुलिस लेकर पहुंच जाएगा और बताएगा कि किंजल ने दफ्तर से पैसे चुराए हैं।



# कंगना अनुराग बसु की सबसे चमत्कारिक खोज

**मुंबई।** बॉलीवुड डायरेक्टर-प्रोड्यूसर महेश भट्ट अपनी शानदार फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। अपनी फिल्म गैंगस्टरः ए लवस्टोरी के 19 साल पूरे होने पर कई यादें शेयर की। इस फिल्म में इमरान हाश्मी और शाइनी आहूजा ने अहम किरदार निभाया था। और कंगना रनौत ने डेब्यू किया था। फिल्म के प्रोड्यूसर महेश भट्ट थे। अब हाल में फिल्म के बारे में बात करते हुए डमहेश भट्ट ने कंगना रनौत की तारीफ करते हुए उन्हें डायरेक्टर अनुराग बसु की चमत्कारिक खोज बताया। महेश भट्ट ने याद करते हुए कहा कि कंगना रनौत उस समय एक अनछुई, जंगली ऊर्जा की तरह थीं, और अनुराग बसु ने उनके टैलेंट को पहचाना। महेश भट्ट ने कहा- "उनकी (अनुराग बसु) सबसे बड़ी करामात थी कंगना रनौत को खोजना। एक जंगली, अनगढ़ प्राकृतिक शक्ति। अपने पहले ही रोल में वह फीनिक्स की तरह उभरीं और गैंगस्टर को उड़ने के लिए पंख दे दिए। और फिर था साउथ कोरिया। एक अनपेक्षित, खूबसूरत चुनाव। टूटे दिलों पर गिरती चेरी ब्लॉसम की नर्म बारिश; एक विदेशी धरती और प्रीतम का म्यूजिक।"






## बाबुलनाथ मंदिर पहुंची 'ज्वेल थीफ' अभिनेत्री

**मुंबई।** अभिनेत्री निकिता दत्ता को हाल ही में 'ज्वेल थीफ' में देखा गया। उन्होंने सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ प्रमुख भूमिका निभाई। सोमवार को अभिनेत्री मुंबई के बाबुलनाथ मंदिर पहुंची। फिल्म रिलीज होने के तीन दिन बाद सोमवार को अभिनेत्री को मंदिर में देखा गया। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अभिनेत्री ने शिव जी के मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि निकिता मंदिर के अंदर पूजा-अर्चना कर रही हैं। वह शिव मंदिरों में मनाए जाने वाले पारंपरिक अनुष्ठान के बाद नंदी के कान में फुसफुसाती भी नजर आ रही हैं।

# 'रेड 2' पर चली सेंसर की कैंची

**मुंबई।** अजय देवगन की मच अवेटेड फिल्म 'रेड 2' रिलीज को तैयार है। 1 मई को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अब सिर्फ दो दिनों का ही समय बाकी रह गया है। फिल्म की कास्ट इसके प्रमोशन में जुटी हुई है। इस बीच फिल्म पर सेंसर की कैंची चली है। जिसके बाद अब फिल्म सेंसर बोर्ड से भी पास हो गई है। जानकारी के मुताबिक, फिल्म में अधिक कट तो नहीं लगे हैं। हालांकि, फिल्म से अजय देवगन का एक डायलॉग जरूर हटाए जाने की जानकारी सामने आ रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अजय देवगन की 'रेड 2' में सीबीएफसी यानी सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने कोई विजुअल कट नहीं लगाया है। हालांकि, फिल्म से अभिनेता अजय देवगन का एक आठ सेकंड लंबा डायलॉग सीबीएफसी ने काट दिया है। फिल्म की शुरूआत में आने वाला अजय देवगन का 'पैसा, ताकत और हथियार' वाला डायलॉग सीबीएफसी ने फिल्म से हटाने को कहा है। इसके अलावा सेंसर बोर्ड ने फिल्म से 'रेलवे मंत्री' शब्द भी हटाने को कहा है। उसकी जगह 'बड़ा मंत्री' शब्द इस्तेमाल करने को बोला है।




## रितेश ने अपने निर्देशन की शुरूआत 2013 में आई इरफान की 'द लंचबॉक्स' से की थी

# अपनी पहली फिल्म से ही छा गए ये निर्देशक

*मुंबई। अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' इन दिनों सिनेमाघरों में चल रही है। फिल्म को दर्शकों द्वारा काफी पसंद भी किया जा रहा है और फिल्म की ऐतिहासिक कहानी होने के नाते इसकी सराहना की जा रही है। फिल्म को करण सिंह त्यागी ने डायरेक्ट किया है और ये उनकी पहली फिल्म है। ऐसे में अपनी पहली ही फिल्म में जलियांवाला बाग जैसे मुद्दे को उठाने पर करण सिंह त्यागी की काफी तारीफ की जा रही है। अपनी पहली ही फिल्म से करण सिंह त्यागी सुर्खियों में आ गए हैं और काफी प्रशंसा बटोर रहे हैं। करण सिंह त्यागी से पहले भी कई ऐसे बॉलीवुड डायरेक्टर हुए हैं, जिनकी पहली फिल्म हिट हुई और वो अपनी पहली ही फिल्म से छा गए। जानते हैं इस लिस्ट में कौन-कौनसे निर्देशक हैं शामिल हैं।*



### करण जौहर : कुछ कुछ होता है

बॉलीवुड के मशहूर निर्माता-निर्देशक करण जौहर अपनी पहली निर्देशित फिल्म से ही इंडस्ट्री में छा गए थे। करण ने 1998 में आई फिल्म 'कुछ कुछ होता है' से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। शाहरुख खान, काजोल और रानी मुखर्जी स्टारर यह फिल्म एक कॉलेज स्टूडेंट्स की लव लाइफ पर थी। जिसे उस वक्त युवाओं ने काफी पसंद किया था।

### आदित्य चोपड़ा : दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे

मौजूदा वक्त में यशराज फिल्म्स के कर्ता-धर्ता और दिग्गज निर्देशक यश चोपड़ा के बेटे आदित्य चोपड़ा ने अपने निर्देशन की शुरुआत 1995 में आई फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' से की थी। शाहरुख खान और काजोल स्टारर यह फिल्म बॉलीवुड की कल्ट फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। फिल्म के नाम कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी हैं। फिल्म को कई अवॉर्ड भी मिले हैं।



### अनुराग कश्यप : ब्लैक फ्राइडे

अपनी अलग तरह की फिल्मों के लिए मशहूर निर्देशक अनुराग कश्यप ने साल 2004 में आई फिल्म 'ब्लैक फ्राइडे' से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। ये फिल्म 1993 के मुंबई ब्लास्ट पर आधारित है। इस फिल्म को बॉलीवुड की कल्ट फिल्मों में गिना जाता है। हालांकि, इस फिल्म से पहले अनुराग कश्यप ने 'पांच' का निर्देशन किया था। लेकिन ये फिल्म भारत में कभी रिलीज नहीं हुई। ब्लैक फ्राइडे के लिए अनुराग को काफी तरीफें भी मिली थीं।



### फरहान अख्तर : दिल चाहता है

एक्टर-सिंगर और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर के बेटे फरहान अख्तर ने अपने करियर में कई सफल फिल्मों का निर्देशन किया है। फरहान ने बतौर निर्देशक अपने करियर की शुरूआत 2001 में आई 'दिल चाहता है' से की थी। अपनी पहली ही फिल्म से फरहान अख्तर इंडस्ट्री में छा गए।



### रितेश बत्रा : द लंचबॉक्स

रितेश बत्रा ने अपने निर्देशन की शुरूआत 2013 में आई इरफान खान की फिल्म 'द लंचबॉक्स' से की थी। अपनी पहली फिल्म में एक ऐसी कहानी दिखाकर रितेश ने इंडस्ट्री में अपनी एक अलग छाप बना ली। 'द लंचबॉक्स' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।



### दिबाकर बनर्जी : खोसला का घोसला

आपको अनुपम खेर और बोमन ईरानी की फिल्म 'खोसला का घोसला' तो याद ही होगी। अपनी हल्की-फुल्की कहानी वाली इस फिल्म ने दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी थी। फिल्म को काफी पसंद किया गया था। इस फिल्म से दिबाकर रातों-रात इंडस्ट्री में छा गए थे।



## जबलपुर पुलिस ने कसी अपराधियों पर नकेल, गंभीर वारदातों में आई कमी

# अपराधियों में खौफ, आम जनता में बढ़ा विश्वास

**शुभम शुक्ला**

**जबलपुर।** पुलिस अब पूरी तरह से जिले को अपराध मुक्त करने के मूड में है। इसके लिए पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ लगातार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही हैं। जिसका परिणाम यह देखने में मिल रहा है कि अपराधियों में पुलिस का खौफ बढ़ गया है, जिस कारण गंभीर वारदातों में कमी आई है। वहीं दूसरी ओर आम जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ गया है और लोग चैन की सांस ले रहे हैं।



### कैटेगरी वाइस बांटा फिर हुई कार्रवाई

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश मिलते ही शहर और देहात के सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्र के बदमाशों और अपराधियों की कुंडली खंगाली। फिर उनके द्वारा की गई वारदातों की समीक्षा कप्तान उपाध्याय ने कैटेगरी वाइस में बांटा और बदमाशों द्वारा किए जा रहे अपराधों की प्रकृति को समझा। उसके बाद किस बदमाश या अपराधी के खिलाफ किस प्रकार की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करना है, यह निर्देश दिए। जिससे वह बच न पा सकें।

### 3 माह में रिकॉर्ड कार्रवाई

पुलिस द्वारा जनवरी से मार्च के बीच ही गुंडा, बदमाश ओर शातिर अपराधियों के खिलाफ की गई कार्यवाही से नया रिकॉर्ड बन गया है। जिसमें जिला बदर 135, स्थाई वारंट 796, गिरफ्तारी वारंट 522, आर्म्स एक्ट 237, जुआ 142, सट्टा 214, पुलिस एक्ट 1155, कुल, प्रतिबंधात्मक 8365, नशीले इंजेक्शन 5 प्रकरण, एनएसए 5 शामिल हैं।

### एनडीपीएस कार्रवाई में भी आगे

आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष मार्च अंत तक जहां 15 प्रकरण बने थे। उनमें 18 आरोपियों से 95 किलो गांजा बरामद किया था । उसके मुकाबले जनवरी 2025 से मार्च अंत तक 31 प्रकरण बन चुके हैं, जिसमें 35 आरोपियों से 160 किलो गांजा बरामद किया जा चुका हैं।

### खात्मा खारजी में भी पीछे नहीं

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2024 में खात्मा खारिजी के 10044 के प्रकरण लंबित थे। कप्तान उपाध्याय के निर्देश पर जनवरी से अब तक 2100 प्रकरणों का निकाल हो चुका हैं।

### प्रदेश में सबसे ज्यादा वारंट तामील

जिले में स्थायी वारंटी वर्ष 2024 में कुल 6750 लंबित थे। जनवरी से मार्च अंत तक पुलिस ने ताबड़तोड़ तरीके से कार्रवाई करते हुए 2931 वारंट तामील कराये। जो अन्य जिलों की अपेक्षा में पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा हैं। इसके साथ ही फायर आर्म्स के प्रकरणों में भी तेजी देखी जा रही हैं। जनवरी से अब तक 38 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं, जबकि पिछले वर्ष सिर्फ आकड़ा 11 पर सीमित रहा। इसी प्रकार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी पिछले वर्ष जहां सिर्फ 5855 की गई थी, उसके मुकाबले जनवरी से मार्च खत्म होते तक 8365 कार्यवाही की जा चुकी हैं।

### कप्तान ने बनाई रणनीति

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने शहर की तासीर समझी। अपराधों का विश्लेषण किया। इसके बाद अपराधों की रोकथाम के लिए पूरी रणनीति बनाई। इसी रणनीति के तहत सभी थाना प्रभारियों को छोटे बड़े अपराधियों के खिलाफ उनके द्वारा किए गए अपराधों के हिसाब से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। छह महिने के कार्यकाल में रिकॉर्ड तोड़ कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

### साइबर सेल समेत क्राइम थाना प्रारंभ

छह महिने के कार्यकाल में कप्तान उपाध्याय ने न सिर्फ क्राइम थाना का प्रारंभ कराया बल्कि सायबर सेल का भी विस्तार कराया। क्राइम थाना खुलने से अब सीधे फरियादी उसमें अपनी रिपोर्ट दर्ज करा सकता है। वहीं साइबर एवं अन्य धोखाधड़ी के मामलों में भी एफआईआर रजिस्ट्रेशन करना आसान हो गया है। इतना ही नहीं पुरानी लंबित शिकायतों का भी तेजी से निराकरण किया गया है।

### निरंतर जारी रहेगी कार्रवाई



अपराधों की रोकथाम और अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। फायर आर्म्स, जुआ-सट्टा, अवैध शराब, गांजे की तस्करी करने वाले बदमाशों के खिलाफ लगातार मुहिम जारी है। वहीं चाकूबाजों पर लगाम कसने के लिए सीधे प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। पुलिस हमेशा जनता की रक्षा के लिए तत्पर है। आगे भी अपराधियों के खिलाफ यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

**-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान**

# औचक टिकट निरीक्षण से यात्रियों में मचा हड़कंप



**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज ।** जबलपुर मण्डल पर यात्रियों को ट्रेनों में अधिक भीड़ के दौरान आरामदायक यात्रा के उद्देश्य से समय-समय पर यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों में टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंडल के मुखिया कमल कुमार तलरेजा के नेतृत्व में 27 अप्रैल 2025 को जबलपुर से मैहर स्टेशन के बीच ट्रेन नंबर 13202 जनता एक्सप्रेस में सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए ट्रेन के प्रत्येक कोच का सघन निरीक्षण कराया एवं बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर सख्त कार्यवाही की गई।

इस सघन टिकट चेकिंग अभियान में 338 यात्रियों को पकड़कर उनसे लगभग 2 लाख 40 हजार रुपए का रेल राजस्व एकत्र किया गया। वाणिज्य विभाग के 7 टिकट चेकिंग स्टॉफ के द्वारा मंडल रेल प्रबंधक की निगरानी में चलाये गए इस अभियान के दौरान ट्रेनों के अंदर यात्री गाड़ियों में डेली अप-डाउन करने वाले एमएसटी धारक, आरक्षित कोचों में यात्रा करते हुए पकड़े गए एवं अनियमित टिकट लेकर तथा अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वालों पर कार्यवाही की गई।इस जांच के दौरान ट्रेन नं. 13202 जनता एक्सप्रेस में चेक करने के साथ ही अवैध वेंडरों, प्लेटफार्म पर आने वाले ऑटो चालक, बिना प्लेटफॉर्म टिकट लिए प्लेटफार्म पर घूमने वाले लोगों के साथ ही प्लेटफॉर्म में गंदगी करने वाले लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की भी जांच की गई। साथ ही मंडल रेल प्रबंधक ने मैहर स्टेशन का भी औचक निरीक्षण किया, मैहर स्टेशन का निरीक्षण करते हुए प्लेटफार्म पर साफ-सफाई व्यवस्था एवं सेफ्टी से संबंधित पैनल रूम एवं स्टेशन पर चल रहे अधोसंरचना के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि रेलवे द्वारा प्रारंभ किया गया यह जांच अभियान आगामी दिनों में भी विभिन्न स्टेशनों पर निरंतर चलेगा। यह जांच अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया कि सभी यात्री उचित टिकट के साथ यात्रा करें। अनियमित यात्राओं को रोकने से जहां रेल राजस्व में वृद्धि होती है, वहीं यह यात्रियों के लिए सुगम, सुरक्षित और स्वच्छ यात्रा सुनिश्चित करता है। साथ ही उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। प्रतीक्षा सूची ई-टिकट एवं प्लेटफार्म टिकट पर यात्रा करने की अनुमति नहीं है। प्लेटफॉर्म पर प्रवेश के लिए यात्रा टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट होना आवश्यक है। यात्री IRCTC वेबसाइट/एप एवं UTS एप का उपयोग कर स्वयं भी टिकट बुक कर सकते हैं।

# मई माह से बिजली बिलों में 50 से 100 रुपए तक बढ़ेगे

## नियामक आयोग ने बिलों की वसूली पर नहीं लगाई रोक

**जबलपुर।** मई माह में उपभोक्ताओं को बिजली के बिलों में झटका लगने वाला है विद्युत नियामक आयोग के आदेशा के अनुसार लगभग 4 प्रतिशत बिजली के रेट बढ़ने के निर्देश वितरण कंपनी ने 1 अप्रैल से ही जारी कर दिए थे। तदानुसार सर्वसाधारण उपभोक्ता जो 200 से 400 बिजली खपत करते हैं, उन्हें 50 रुपए से लेकर 99 रुपए तक बिजली के बिलों में अतिरिक्त भुगतान करना पड़ेगा।नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, महिला समिति, मानव अधिकार क्रांति संगठन तथा सीनियरर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ने इस वसूली पर आक्रोश जताते हुए आज मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर अपील की, कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत मप्र सरकार इस वसूली पर तत्काल रोक लगाए।डॉ पीजी नाजपांडे ने बताया कि पिछले 15 वर्षो से अपीलेट ट्रिब्यूनल दिल्ली के आदेश का पालन नहीं हुआ है, जिसमें वोल्टेज आधारित सही लागत (कॉस्ट ऑफ सप्लाइ) निकालने को कहा गया है तथा नियामक आयोग को इसी कॉस्ट ऑफ सप्लाई के आधार पर रेट निर्धारण करने को कहा है।

## पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं से अभद्रता का विरोध

# वकीलों ने किया एसपी आफिस का घेराव

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज ।**

जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर के तत्वावधान में सोमवार को एक हजार से अधिक वकीलों ने एसपी आफिस का घेराव किया। इस दौरान पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं से अभद्रता का विरोध किया गया। झूठी एफआइआर निरस्त करने ज्ञापन सौंपा गया। दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई पर बल दिया गया। ऐसा न किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने बताया कि 26 अप्रैल को माढ़ोताल थानांतर्गत अधिवक्ताओं पर हमले के बाद से अधिवक्ता समुदाय बेहद आक्रोशित है। दरअसल, जबलपुर को मिल रही नई चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल होने अधिवक्तागण माढ़ोताल गए थे। इसी दौरान अधिवक्ता विवेक पटेरिया को एसआई बृजेंद्र तिवारी, आरक्षम सत्यम सहित अन्य ने रोक लिया। बड़ी अभद्रता से गाड़ी की चाबी निकाल ली। लिहाजा, विवेक ने अपना परिचय दिया। साथ ही कार्यक्रम के बारे में बताया। लेकिन पुलिस दल ने एक नहीं सुनी। गाली-गलौच करते हुए हमला बोल दिया। इससे विवेक की दाएं हाथ की उंगली कट गई। जानकारी मिलते ही जिला बार के सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। उनके साथ अधिवक्ता दशरथ अहिरवार भी थे। दोनों ने पुलिस से बातचीत प्रारंभ की। लेकिन उनकी एक न सुनते हुए उनके साथ भी गाली-गलौच की गई। यही नहीं यह तक कहा गया कि बुला लो अपने अध्यक्ष मनीष मिश्रा को, किसी से नहीं डरते। जिला आर अध्यक्ष मिश्रा ने बताया कि एक तो वकीलों से मारपीट की गई और उसके बाद उनके ही विरुद्ध झूठी एफआइआर दर्ज कर ली गई। लिहाजा, दोषी एसआई बृजेंद्र तिवारी, एसएसआई महेंद्र शुक्ला, हवलदार रामेश्वर, आरक्षम सत्यम, राजकुमार, आदित्य, आरक्षक बलराम बरकड़े, महिला आरक्षक रूमिता कुसरने सहित अन्य पर कार्रवाई की जाए। साथ ही अधिवक्ताओं के विरुद्ध झूठी एफआइआर समाप्त की जाए। घटना में शामिल पुलिस वालों को तत्काल निलंबित किया जाए। थाने हटाया जाए। ऐसा इसलिए ताकि निष्पक्ष जांच हो सके।



# अवैध प्लॉटिंग में विक्रय एवं नामांतरण पर तत्काल प्रभाव से रोक

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज ।** अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोरखपुर ने बताया कि हल्का पटवारी ग्वारीघाट द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि ग्राम ग्वारीघाट, प.ह.नं. 24, रा.नि.मं. ग्वारीघाट तहसील गोरखपुर स्थित खसरा नं. 19/1/2 रकबा 0.2936 हेक्टेयर भूमिस्वामी चिरौंजीलाल, रामसलीने, दसोदाबाई पिता कंघई काछी सा. पुरानी बस्ती ग्वारीघाट द्वारा अवैध प्लॉटिंग की जा रही है एवं रोड का रकबा भी विक्रय किया जा रहा है। तत्संबंध में अनावेदक को नोटिस जारी किया गया, पंरतु अनेक अवसर दिए जाने पर भी जवाब प्रस्तुत न किए जाने के कारण एकपक्षीय कार्यवाही की गई। जांच में हल्का पटवारी प्रतिवेदन एवं सुसंगत दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत पाया गया कि आवेदक द्वारा अधिनियम मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण निर्वधन तथा शर्तें नियम, 1999 एवं नगर पालिका (कॉलोनी विकास नियम 2021)) के उल्लंघन में अवैध प्लाटिंग की गई है साथ ही रोड का रकबा भी विक्रय किया जा रहा है। इस संबंध में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोरखपुर श्री अनुराग सिंह ने आदेश पारित कर कहा कि ग्राम ग्वारीघाट के खसरा नं. 19/1/2 रकबा 0.2936 हेक्टेयर के विक्रय एवं नामांतरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाती है। उक्ताशय की प्रविष्टि खसरा के कॉलम नंबर 12 में हल्का पटवारी द्वारा दर्ज किया जाए। साथ ही पंजीयक जिला जबलपुर एवं संबंधित तहसीलदार/नायब तहसीलदार को आदेश की प्रति पृथक से प्रेषित करें। हल्का पटवारी द्वारा ग्राम ग्वारीघाट के खसरा नं0 19/1/2 का शेष रकबा 0.066 हे0 जो वर्तमान में अनावेदक के नाम पर दर्ज है, उसमें अनावेदक का नाम विलोपित कर पृथक बटांक कायम कर सड़क या रास्ता में दर्ज किया जाए। मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्वधन तथा शर्ते नियम, 1999 नगर पालिका (कॉलोनी विकास अधिनियम 2021)) के तहत कॉलोनी का प्रबंध शासन के अधिपत्य में लिए जाने के साथ ही नगर पालिक अधिनियम 1956 की धारा 292-ग एवं अन्य सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किए जाने हेतु आदेश की प्रति आयुक्त नगर पालिक निगम जिला जबलपुर को पृथक से प्रेषित की जाए।

## कंतोरा में शराब दुकान का विरोध

**जबलपुर।** शासन प्रशासन जितने ही दावे करे की उसकी नीतियां शराब को धीरे धीरे खत्म करने की हैं, लेकिन हकीकत यह है की उसकी नीतियां गली गली में शराब बिकवाने की ही दिखती हैं। शहर में अलग अलग स्थानों में सार्वजनिक स्थानों पर शराब दुकान खोले जाने का विरोध हो रहा है। रांझी का मामला अभी गर्म है की अब ग्रामीण कंतोरा में भी लोग एक शराब दुकान हटवाने को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। लोगों का कहना है शराब दुकान घर मकान बस्ती स्कूल से लगी हुई। पूरे क्षेत्र का माहौल और सुरक्षा प्रभावति हो रही।पाटन विधानसभा की समिरया कंतोरा की सरपंच अंजु बाई ने ग्राम कंतोरा में भेड़ाघाट की तरफ जाने वाली सड़क पर खुली शराब दुकान पर आपत्ति जताई है। उन्होंन कहा यहां अंजनी परिसर क्षेत्र में शराब दुकान खुल रही है।

**सिविल लाइन के ललित कॉलोनी की घटना, प्रकरण दर्ज**

# कार ने ठेले वाले को कुचला, मौत

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज ।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ललित कॉलोनी में सोमवार को एक तेज रफ्तार कार चालक ने सब्जी का ठेला लेकर जा रहे बुजुर्ग को कुचल दिया घायलों को निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में टीआई रितेश पांडे ने बताया कि 62 वर्षीय कालीचरण श्रीपाल निवासी लाल माटी सिद्ध बाबा बिहारी मोहल्ला के रोज की तरह सब्जी बेचने जाते थे। इसी दौरान सोमवार सुबह 11.30 बजे को वह केले लेकर घर जा रहे थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही कार क्रमांक एमपी 20 जेडजी 7912 के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद एक मकान में जाकर कार घुस गई। हादसे में घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।






### कार में लिखा पुलिस, नशे में थे सवार

कार की नंबर प्लेट में पुलिस लिखा हुआ है और कार चालक शराब के नशे में था कार में चार लोग थे।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हुआ हादसा

हादसा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।वहीं इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। सूत्रों की माने तो पुलिस ने कार जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है जिससे पूछताछ जारी है।

# विपक्ष के बहिर्गमन के बीच बहुमत से बजट पास

## नगर निगम में विपक्ष ने लगाया पक्षपात और तानाशाही का आरोप

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज ।** सोमवार को आयोजित हुई बजट सत्र की स्थगित बैठक में नगर निगम बजट 2025-26 विपक्ष के बहिर्गमन के बहुमत से पारित कर दिया गया. जिसके बाद बजट सत्र में विवादित स्थिति बन गई. कांग्रेस पार्षदों ने कहा यह लोकतंत्र की हत्या है, तानाशाही बताया. दराअसल बैठक शुरु होने के बाद से ही कांग्रेस पार्षद यह आरोप लगा रहे थे की उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा है. वो शहर की जरूरी समस्याओं पर चर्चा चाहते हैं, लेकिन नगर सत्ता इससे भाग रही है. जिसके बाद कांग्रेस पार्षदों ने विरोध जताने के लिये सदन से वॉक आउट किया. कांग्रेस पार्षदों के वाक आउट करते ही नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने बहुमत के आधार पर ध्वनि मत से बजट पास कर दिया.

### शहर को महानगर बनाएंगे.

बजट सत्र के अंतिम चरण में अपने उद्बोधन में महापौर ने कहा कि हमारा संकल्प है विकसित, स्वच्छ और व्यवस्थित जबलपुर बनाने का। इस दिशा में उनके एवं उनकी टीम के द्वारा दिनरात कार्य योजना तैयार कर कार्य करने की दिशा में अग्रसर है। बहुत शीघ्र ही जबलपुर शहर भी महानगर के रूप में दिखाई देगा। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने सदन में कहा 1800 करोड़ रूपये का यह बजट शहर को विकसित और महानगर बनायेगा।

### विपक्ष ने कहा तानाशाही

नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने कहा की जब महापौर को तानाशाही ही करनी थी तो यह चर्चा और विमर्श की नौटंकी क्यों की गई. उन्होंने कहा ऐसा लगातार दूसरे साल हुआ है जब बिना चर्चा बजट को बहुमत के दम पर पास करके सदन, पार्षदों और शहरवासियों का मजाक बनाया गया है.



### उपसभापति ने किया विधायक प्रतिनिधि को काउंटर

विधायक प्रतिनिधि अभय सिंह ठाकुर मंत्री का कार्या गिना रहे थे, जिनका सभापति की आसंदी पर बैठे उप सभापति आयोध्या तिवारी ने काउंटर किया. श्री तिवारी ने कहा कि मंत्री जी प्रयास कर रहे हैं यह अच्छी बात है, लेकिन आज भी शहर की अपेक्षा के अनुरूप बड़े प्रयास नहीं हो पाए हैं. श्री तिवारी तिवारी ने कहा शास्त्री ब्रिज का डबल डेकर ब्रिज, भोपाल हाईवे सिक्स लेन, डिफेंस कलस्टर, हवाई सेवाओं का विस्तार, मेडिकल कालेज में डेलटर कालेज, जबलपुर कटनी इंडस्ट्रियल कारीडोर जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं आज भी आपेक्षित हैं।



### पहलगाम शहीदों को श्रृध्दांजलि

नगर निगम बजट सत्र की स्थगित बैठक सोमवार को शुरु हुई. बैठक की शुरुआत में ही पहलगांव में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। जिसके बाद राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि ताहिर अली ने सदन से अपील करते हुए कहा कि हम सभी को आतंकवाद के खात्मे के लिए सदन में प्रस्ताव कर केंद्र सरकार को भेजना चाहिए। ताकि यह स्पष्ट हो सके लिए आतंकवाद की लड़ाई के खिलाफ हम सब एक हैं। उन्होंने कहा कि भारत को पाकिस्तान पर आक्रमण का पाक अधिकृत काश्मीर को अपने में मिला लेना चाहिए जो कि हमले में मारे गए लोगों के प्रति सच्ची श्रृद्धांजलि होगी।

### कांग्रेस पार्षद ने कहा, मंत्री के छोड़ अपने काम बताओ.

सदन में रोचक स्थिति तब बन गई की जब कांग्रेस पार्षद अनुपम जैन ने महापौर पर अंदाज से निशाना साधा की जिसका विरोध करने में भाजपा पार्षद को ही पसीना छूट गया. दराअसल महापौर सदन में अपने काम गिना रहे थे. जिसपर कांग्रेस पार्षद अनुपम जैन ने कहा, आप या तो लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के काम गिना रहे हो. जो काम हो गये हैं वो स्मार्ट सिटी ने कराए हैं आपका क्या योगदान है. आपने क्या किया वो गिनाईये. कांग्रेस पार्षद यहां भी नहीं रुके उन्होंने कहा कि पूर्व में जो मेयर हुए हैं, उन्होंने भी शहर को कोई न कोई ऐसी सौगात दी है जो कि यादगार है लेकिन वर्तमान मेयर अभी तक ऐसा कुछ नहीं कर पाए हैं।

### पार्षदों की सुनवाई नहीं...

बैठक में वार्ड नंबर 73 नए वार्ड के पार्षद सतेंद्र चौबे ने भी अपनी पीड़ा सदन के सामने रखी। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी वे अपने वार्ड की समस्याओं को सदन में रख चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि वार्ड की कॉलोनियों में जल प्लावन हो रहा है। कटंगी और पाटन रोड अतिक्रमण की चपेट में है लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि उनके वार्ड स्थित आरटीओ में भी पेड पार्किंग बनाने का प्रस्ताव रखा ताकि उसे बजट में शामिल किया जा सके।

## आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग, शहीदों को शोक श्रद्धांजलि

# पहलगाम के आतंकी घटना का चौतरफा विरोध जारी

हरिभूमि जबलपुर।

पहलगाम में आतंकी घटना के विरोध में शहर में लगातार प्रदर्शन जारी है। हर समाज, हर वर्ग, हर तबका, पहलगाम आतंकी घटना की निंदा करते हुए शहीद हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि देकर आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है। इसी कड़ी में क्राईस्ट चर्च स्कूल्स एल्युमिनी एसोसिएशन के सदस्य द्वारा पहलगाम के दुःखद घटना के विरोध में काली पट्टी बांधकर एवं दो मिनिट का मौन रखकर शहीद पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। प्रभीर दत्ता, डॉ इंदर कुमार खन्ना, केके घोष एवं रोहित खन्ना ने ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष यतीन पटेल, सहअध्यक्ष डॉ वाईसी चाऊ और सचिव रोहित खन्ना मौजूद थे।

### महिला मंडल ने निकाला कैंडल मार्च



मातृशक्ति महिला मंडल चौक द्वारा पहलगांव में आतंकी घटना के विरोध में एवं घटना का शिकार हुए पर्यटकों श्रद्धांजली देने कैंडल मार्च करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस दौरान मंडल की मंजू वर्मा, मेधा रैकवार, निशा धोष, सोनिया सोधिया, सरोज शर्मा, रेखा विश्वकर्मा, रुक्मणी पटेल, नीता शर्मा, स्वाति चौबे, रजनी नामदेव, निशा पटेल, रीता पटेल, रजनी विश्वकर्मा, शालनी गुप्ता, सरला साहू, रितु ठाकुर, माया लोधी सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

### केसरवानी समाज ने निकाला कैंडल मार्च




पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में आदर्श केसरवानी वैश्य समाज संगठन हाथीताल द्वारा कैंडल मार्च निकालते हुए हादसे का शिकार हुए पर्यटकों को श्रद्धांजली दी गई। केसरवानी वैश्य सभा के प्रदेश संगठन मंत्री राजेश केसरवानी, हाथीताल क्षेत्रीय सभा के अध्यक्ष संतोष गुप्ता, केशरवानी वैश्य तरुण सभा प्रदेश मंत्री गोपाल गुप्ता के द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान मार्च के दौरान राष्ट्रीय संरक्षक राजीव गुप्ता, राष्ट्रीय मंत्री विजय गुप्ता, यत्नेश केसरवानी, एडवोकेट राकेश केसरवानी, विनय केसरवानी, राहुल केसरवानी, तुलसीदास गुप्ता, आदि लोग मौजूद थे।

### पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे

पहलगाम आतंकवादी घटना के विरोध में फाउंडेशन के फाउंडर धर्मगुरु हजरत सैयद आमिरुल हसन साहब जोबट के निर्देश पर जेड एच फाउंडेशन द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में शहीद हुए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि देने और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए काली पट्टी बांधकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला दहन कर सरकार से आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई, पुतला दहन का कार्यक्रम मे जियाउद्दीन,अनवर खान,कारी मुईन,पप्पन भाई सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।



## जिले का सबसे बड़ा आयोजन होगा ग्राम रिंवझा में

# श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं विशाल भागवत कथा की तैयारी अंतिम चरण में



हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

सिहोरा से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित सुप्रसिद्ध भागवताचार्य डॉ अनिरुद्धाचार्य की जन्मस्थली ग्राम रिंवझा में 3 मई से 9 मई तक विशाल श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया गया है जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए यज्ञ आयोजन समिति व्यवस्थाओं मैं कोई कोर कसर नहीं रखना चाहती।

### प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक

यज्ञ एवं भागवत कथा की जिम्मेदारी आयोजन समिति के पाटन विधायक अजय विश्नोई एवं बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे को सौपी गई है। दोनों विधायकों ने समिति के सदस्यों के साथ यज्ञस्थल,भागवत कथा स्थल एवं भंडारा स्थल का अंतिम चरण में चल रही तैयारियों का जायजा लिया तथा प्रशासन एंव पुलिस अधिकारीयो के साथ बैठकर तैयारियो को अंतिम रूप दिया।

### प्रख्यात कथा वाचक पंडित अनिरुद्ध आचार्य की है जन्मस्थली

गौरतलब है कि जबलपुर जिले में होने जा रही विशाल महायज्ञ एवं कथा में लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति को देखते हुए प्रख्यात कथा वाचक पंडित अनिरुद्ध आचार्य की जन्मस्थली होने जा रहे इस आयोजन को लेकर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं ग्रामीण क्षेत्र के विधायक विशेष रुप से अपनी सहभागिता को प्राथमिकता दे रहे हैं। विधायक प्रणय प्रभात पांडे बहोरीबंद ने कहा यह जिले का सबसे बड़ा आयोजन सबित होगा।

## पहलगाम हमले के विरोध में शोक सभा का आयोजन



**भेड़ाघाट।** तिलवारा घाट रमनगर मैं लक्ष्मी नारायण मंदिर में चड़ार समाज कल्याण समिति जबलपुर द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की जान गई जो अत्यंत दुखद एवं निंदनीय है यह हमला न केवल देश के हिंदुओं पर था बल्कि देश की अखंडता शांति और एकता पर भी सीधा आघात है इस दर्दनाक घटना के विरुद्ध और शहीदों को शोक श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश चड़ार रामप्रसाद चड़ार देवकरण शिव चड़ार बेदी लाल चड़ार एवं समाज के गण माननीय नागरिकों की उपस्थिति रही इस तरह की घटना से आतंकवाद को बढ़ावा मिल रहा है केंद्र सरकार शीघ्र आतंकवाद का सफाया करें।

## भारतीय किसान संघ ने किया धरना प्रदर्शन



**मझौली।** भारतीय किसान संघ मझौली के तत्वावधान में धरना प्रदर्शन किया गया विद्युत कि विभिन्न समस्याओं को लेकर रानीताल में कृषि उत्पादन विधुत बोल्टेज की समस्याएं का निराकरण रानीताल मुडकुरू सब स्टेशन का कार्य अतिशीघ्र किया जाए। मझौली में 132 केवी का सब स्टेशन बनाया जाए मझौली में जितने भी फेल ट्रांसफर है अतिशीघ्र बदले जाए हथलेवा पीटर को पीपल दिवरी सब को जोड़ा जाए इन सभी मांगों को लेकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें उपस्थित भारत कोष्टा श्री कान्त जैन सुशील परोहा महेंद्र सिंह डेलन सिंह कैलाश यादव संदीप पटेल अर्जुन कुशवाहा जितेन्द्र सेन राजकुमार राजु रानु आदि उपस्थित थे।

## रुपसिंह विकास समिति के अध्यक्ष बने

**सिहोरा।** श्री महावीर स्वामी समाज कल्याण एवं विकास समिति गढ़यि मोहल्ला के द्विवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। रूपसिंह अध्यक्ष, महेंद्र सिंह उपाध्यक्ष,गोपाल सिंह ठाकुर सचिव ,संतोष सिंह सह सचिव,प्रमोद सिंह कोषाध्यक्ष, रामजी ठाकुर,अजय सिंह,आलोक सिंह सदस्य के रूप में चुने गए।चुनाव अधिकारी प्रकाश सिंह ने सभी सदस्यों को बधाई दी तथा कहा कि मंदिर के विकास में सभी तन मन धन से भविष्य में महत्वपूर्ण योगदान देंगे अंत में समिति ने पहलगाम हमले पर दुख प्रगट करते हुए दो मिनिट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की ।




## युवा सेतू थीम पर ऑनलाइन सेमीनार आयोजित

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर एम के श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विकसित भारत अभियान स्पेशल वीक के अंतर्गत _स्ट्रेनथेनिंग ऑफ युवा सेतु थीम पर एन सी सी ऑफिसर डॉ अर्चना नामदेव के निर्देशन में गत दिवस ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें युवा सेतु नेटवर्क को विस्तार से बताया गया व चर्चा के मुख्य विषय - विकसित भारत अभियान,युवा नेटवर्क,युवा सेतु की मजबूती एवं माय भारत ऐप पर एन सी सी कैडेट्स के रजिस्ट्रेशन पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। सेमिनार में दिनांक 1 से 15 अप्रैल तक जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आयोजित विशेष माउंटेनियरिंग कैंप में शामिल हुए महाविद्यालय के दो एनसीसी कैडेट्स- रंजीत गाडारी एवं कनिष्का काछी को सफलतापूर्वक कैम्प पूरा कर लौटने पर सभी ने बधाई दी। एवं पहलगाम दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में कैडेट्स एवं वक्ता के मध्य माय भारत ऐप पर पूर्ण हुए रजिस्ट्रेशन नेटवर्क इत्यादि पर इंटरेक्शन प्रोग्राम किया गया। कार्यक्रम मैं कैडेट्स सहित लगभग 60 सदस्यों की उपस्थिति दर्ज हुई आभार प्रदर्शन अंडर ऑफिसर मीनू द्वारा किया गया।

## कृषि विवि में मिलेट प्रसंस्करण पर कौशल विकास कार्यक्रम

# मिलेट के बेकरी उत्पाद बनाने दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि जबलपुर।



जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं मिलेट मिशन मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत प्रदत्त परियोजना के तहत खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मिलेट्स प्रसंस्करण के अंतर्गत कोदो-कुटकी, सांवा का प्रसंस्करण एवं मिलेट के बेकरी उत्पाद जैसे टोस्ट, कुकीज, ब्रेड, पास्ता, मिलेट्स के फ्लेक्स एवं इनकी मार्केटिंग, फसाई लाइसेंस की प्रक्रिया तथा लघु उद्योग स्थापित करने हेतु मार्गदर्शन एवं कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का समापन अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनीता बब्बर के मुख्यआतिथ्य एवं पूर्व अधिष्ठाता डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर डॉ. अनीता बब्बर ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण महिलाओं हेतु अतिमहत्वपूर्ण हैं और महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है।

विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस. शुक्ला ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण संयोजक डॉ. अर्चना पांडे एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अल्पना सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रभारी डॉ. प्रतिभा परिहार, डॉ. हेमंत रंहागडाले सहित प्रशिक्षण में स्व-सहायता समूह की 26 महिला उद्यमियों ने भाग लिया।

## निशुल्क उपनयन संस्कार व परिचय सम्मेलन कल

हरिभूमि जबलपुर।

निशुल्क उपनयन संस्कार निशुल्क परिचय सम्मेलन भगवान परशुराम जी का दुग्ध अभिषेक पूजन आयोजित किया गया जिसमें 31 बटुक एवं 24 युवतियां 40 युवक का रजिस्ट्रेशन मंच द्वारा किया गया है अन्य इस जो आना चाहते हैं परशुराम धाम ग्वारीघाट में उपस्थित हो सकते हैं सर्व समाज के द्वारा भगवान परशुराम जी की आरती एवं कन्या पूजन प्रति सप्ताह के अनुसार होगा जगतगुरु राघव देवाचार्य महाराज ने कहा सनातन संस्कृति संपूर्ण जगत के लिए एक दर्शनशास्त्र है। उपस्थिति की अपील डॉ अरुण मिश्रा प्रशांत तिवारी रावेंद्र तिवारी सुधाकर मिश्र यदुवंश मिश्रा सीताराम कुरचानियापुष्पा तिवारी सुधा मिश्रा, डा, स्वागतिकापति निशांत शर्मा सार्थक शर्मा आनंद मोहन शर्मा आभा तिवारी मधुबाला दुबे मीरा दुबे जागृति शुक्ला वनिता मालवीय मिथिलेश तिवारी अनिकेत तिवारी माधव पांडे अनिल दुबे आर,एस पांडे सुशीलात्रिवेदी अन्नपूर्णा बाजपेई आरती शुक्ला राजेंद्र प्रसाद चौबे इं रविंद्र तिवारी जगदीश बाजपेई केके दुबे अनुराग त्रिवेदी अमित बाजपेई शशांक शुक्ला आदि ने उपस्थिति की अपील की

▸ सुबह 7:30 बजे
▸ परशुराम धाम ग्वारीघाट में

## ब्राह्मण समाज की विशाल भव्य शोभायात्रा आज

**जबलपुर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर ब्राह्मण एकता मंच एवं भगवान परशुराम वंशज के नेतृत्व में सकल ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य विराट शोभायात्रा का आयोजन प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के पूर्व 29 अप्रेल को मालवीय चौक से किया गया है। शोभायात्रा शाम 05 बजे मालवीय चौक से प्रारंभ होकर सतना बिल्डिंग, सुपर मार्केट, गंजीपुरा, लार्डगंज, घमंडी चौक, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा होते हुए कोतवाली थाना के सामने संपन्न होगी। शोभायात्रा में बैंड एवं विप्र समाज रत्नों के तैलचित्रों के साथ विभिन्न झांकियां सम्मिलित होंगी। विप्र समाज आतंकवाद का विरोध करते हुए हाथों में आतंकवाद मुर्दाबाद लिखी तख्तियां लेकर चलेगा, शोभायात्रा में कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा, भार्गव ब्राह्मण कल्याण समिति, सनाड्य ब्राह्मण सभा, सनाड्य कल्याण परिषद, अभा ब्राह्मण महासभा, अभा भारतीय एकीकृत परिषद, स्वयंवर संस्कार मंच, सम्पूर्ण ब्राह्मण कल्याण महासभा, सम्पूर्ण ब्राह्मण मंच, ब्राह्मण मंच, विप्र सेवा मंडल, विप्र जनेऊ मंच, महाराज परशुराम सेना, जगतगुरु द्वाराचार्य सुखनंदचार्य, स्वामी राघवदेवाचार्य महाराज, जगतगुरु स्वामी नरसिंहदास महाराज, स्वामी चैतन्यानंद, बृजबिहारी सरकार, डॉ. उमेश द्विवेदी खकरिया वाले मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। विप्र बंधुओं से सपरिवार शोभायात्रा में उपस्थिति की अपील सकल ब्राह्मण समाज ने की है।

## हनुमानताल, पनागर, कटंगी और गोरखपुर में वारदातें

# पत्थर-लाठी-चाकू चले, 4 घायल

हरिभूमि जबलपुर।



हनुमानताल, पनागर, कटंगी और गोरखपुर थाना क्षेत्रों में रंगदारी नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने चार युवकों पर पत्थर, लाठी व चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंधी कैंप निवासी 32 वर्षीय मजदूर इंद्रपाल चौधरी सोमवार की सुबह लगभग 6 बजे सिंधी कैंप स्थित एक होटल में चाय पी रहा था तभी वहां पर टिल्लू चौधरी आया और उससे शराब पीने के लिये 50 रूपये की मांग करने लगा, रूपये देने से मना करने पर टिल्लू चौधरी गाली गलौज करते हुये उसके सिर पर पत्थर से हमलाकर कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। घायल इंद्रपाल को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 125, 119(1), 351(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी तरह पनागर में ग्राम शिवराजपुर माधवनगर जिला कटनी निवासी 25 वर्षीय ड्रायवर दुर्गा पटेल गत रात लगभग 3.30 बजे प्रगति इंडिया में परियट आंगनवाड़ी के पास तालाब में गहरीकरण का कार्य कर रहा था तभी श्रीकांत तिवारी उर्फ ऋषि तिवारी उससे पैसों की मांग करने लगा, पैसे देने से मना करने पर गाली गलौज करते हुये लठ से सिर, कान , सीना होठ पर हमला कर दिया और तालाब के गहरी करण कार्य करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वहीं कटंगी में ग्राम पौड़ी राजघाट निवासी 30 वर्षीय किसान राघवेंद्र सिंह गत रात लगभग 8 बजे घर के सामने टहल रहा था, तभी गांव का जितेंद्र उर्फ भल्ला लोधी उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो जितेन्द्र उर्फ भल्ला गाली गलौज करते हुए के उसके साथ मारपीट कर गर्दन, पीठ, हाथ में चोटें पहुँचा दीं तथा जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी प्रकार गोरखपुर में बदनपुर शक्तिनगर गढ़ा निवासी 24 वर्षीय सोनू रजक नगर निगम कार्यालय जोन 3 इंद्रानगर के सामने बर्फ का ठेला लगाकर ग्राहकों के लिए बर्फ का गोला बना रहा था। रात लगभग 10 बजे दुकान बंद करने के समय उसने पास में ही बैठकर एक पैग पिया और ग्राहकों को बर्फ का गोला बनाककर बेच रहा था। उसके नियमित ग्राहक अब्बू दीपक , क्रिश और लुक्कू चक्रवर्ती जो उसके ठेले के पीछे शराब पी रहे थे तभी क्रिश उसके पास आकर मिल्क शेक बनाने के लिये कहने लगा, उसने मिल्क शेक बनाकर दिया तो बोला कि मिल्क शेक अच्छा नही बना है तभी क्रिश के साथी अब्बू, दीपक और लुक्की आकर उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे, उसने पैसे देने से मना किया तो क्रिश ने उसे पकड़ लिया और और अब्बू ने चाकू से उसकी जांघ पर हमलाकर कर दिए और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## सिहोरा आबकारी विभाग ने जप्त की 87 हजार की मदिरा

**सिहोरा।** आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार मदिरा के अवैध निर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन पर विशेष सतर्कता एवं कठोरता से प्रभावी अंकुश लगाये जाने के मद्देनज़र कलेक्टर के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त जबलपुर के मार्गदर्शन में वृत्त सिहोरा के एन एच 30 गांधीग्राम में अवैध मदिरा के परिवहन की सूचना पर लगभग 3.30 बजे ज्यूपिटर एम पी 20 जेड एस 8581 से मदिरा का परिवहन करते हुए आरोपी अंकित बर्मन को पकड़ा तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 54 बल्क लीटर देशी व विदेशी मदिरा बरामद कर कब्जे आबकारी विभाग ने कब्जे में लिया। कार्यवाही में जप्त मदिरा व वाहन का अनुमानित मूल्य 87764/- रु है आरोपी के विरुद्ध म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क व 34(2)का प्रकरण दर्ज किया गया। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक श्वेता सिंह तिवारी एवं आबकारी मुख्य आरक्षक नेकलाल बागरी,संत लाल मरावी,फूल सिंह ऐंटिआ,अमिता केशरवानी,अशोक सिंह बघेल एवं ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहें।




**श्रीमती विमला द्विवेदी-** मदनमहल प्रेरमनगर गंगानगर रोड निवासी श्री रघुवर शरण द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला द्विवेदी (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री हरिहर नारायण वर्मा-** फूटाताल लाल स्कूल के पास निवासी श्री हरिहर नारायण शर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक कोल-** माढ़ोताल कोल बस्ती निवासी श्री नमई कोल के पुत्र श्री दीपक कोल (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रामीला गीते-** दिव्य परिसर पाटन रोड निवासी श्री प्रभाकर गीते की धर्मपत्नी श्रीमती रामीला गीते (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जूली यादव-** छोटी ओमती उडिय़ा मोहल्ला निवासी श्री आशीष कुमार यादव की धर्मपत्नी श्रीमती जूली यादव (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अंकुश शर्मा-** गुजराती कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री अंकुश शर्मा (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री परमू पटेल-** लोधी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री परमू पटेल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मीना जाटव-** गली नं. 14, सदर निवासी श्री संजय जाटव की धर्मपत्नी श्रीमती मीना जाटव (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती वीना कोहली-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री विनोद कोहली की धर्मपत्नी श्रीमती वीना कोहली (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती चांदरानी नेब-** साउथ सिविल लाइन निवासी श्री चानन लाल नेब की धर्मपत्नी श्रीमती चांदरानी नेब (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोना बाई झारिया-** ब्यौहारबाग निवासी श्री खेमराज झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती सोना बाई झारिया (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अरूणा पटेल-** प्रगतिशील कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री नटवर लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती अरूणा पटेल (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन गुहा-** मानेगांव रांझी निवासी श्री मोहन गुहा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 5x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 5x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

**खबर संक्षेप**

## डीसीबी बैंक के लाभ में 14 प्रतिशत की वृद्धि



**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के ऋणदाता डीसीबी बैंक का मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 177 करोड़ रुपये हो गया। समान अवधि में 155.68 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। 2024-25 की मार्च तिमाही में इसकी कुल आय सालाना आधार पर 1,581 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,961 करोड़ रुपये हो गई।

## टीवीएस मोटर का लाभ 69 फीसदी बढ़कर 698 करोड़



**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी का जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 69 प्रतिशत बढ़कर 698 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से बिक्री बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी का शुद्ध लाभ जनवरी-मार्च 2024 में 412 करोड़ रुपये रहा था। कुल आय बढ़कर 11,474 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह 9,899 करोड़ रुपये थी।

## श्रीराम फाइनेंस के मुनाफे में 10 फीसदी का इजाफा

**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी श्रीराम फाइनेंस का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में 9.95 प्रतिशत बढ़कर 2,139 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने 2023-24 की समान तिमाही में 1,946 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। 2024-25 में उसका शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत बढ़कर 9,761 करोड़ रुपये हो गया, जो 2023-24 में 7,190 करोड़ रुपये था।

## आईडीबीआई बैंक का लाभ 26 प्रतिशत बढ़ा


**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़कर 2,051 करोड़ रुपये रहा। बैंक का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 1,628 करोड़ रुपये रहा था। कुल आय बढ़कर 9,035 करोड़ रुपये हो गई।

## रिलायंस रिटेल का त्वरित वाणिज्य क्षेत्र में विस्तार



**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबार करने वाली देश की अग्रणी रिलायंस रिटेल अपने कवरेज क्षेत्र का विस्तार करने के लिए 'डार्क स्टोर' खोलने की योजना के साथ इसे काफी हद तक बढ़ा रही है। रिलायंस रिटेल ने मार्च तिमाही में अपने त्वरित वाणिज्य/स्थानीय स्तर पर आपूर्ति से ऑर्डर की संख्या में 2.4 गुना वृद्धि देखी।

## तलवंडी साबो पावर ने की बायोमास इकाई स्थापित



**नई दिल्ली।** वेदांता पावर की इकाई तलवंडी साबो पावर लिमिटेड ने पंजाब के मानसा में 500 टन प्रतिदिन की बायोमास विनिर्माण इकाई स्थापित की है। नव विकसित बायोमास संयंत्र में धीरे-धीरे उत्पादन बढ़ाया जाएगा, ताकि तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) को बढ़ती मात्रा में स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। 500 टन प्रतिदिन की क्षमता वाला नया बायोमास संयंत्र कृषि पराली को प्रदूषण किए बिना जलाकर कार्बन तटस्थ 'बायो-पेलेट्स' में बदलेगा, जो कोयले का एक स्थायी विकल्प है।

# रेस्तरां को बताना होगा, व्यंजन में बिना दूध के पनीर का इस्तेमाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

होटल और रेस्तरां को जल्द ही यह बताना पड़ सकता है कि वे ग्राहकों को परोसे जाने वाले किन व्यंजनों में दूध से बने पनीर की जगह गैर-डेयरी उत्पादों से तैयार पनीर का उपयोग करते हैं। उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय इस संबंध में दिशानिर्देश जारी करने पर विचार कर रहा है।

- एफएसएसएआई ने उपभोक्ताओं को धोखा देने से रोकने नियम अनिवार्य किया

एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने उपभोक्ताओं को धोखा देने से रोकने के लिए पनीर बनाने वालों के लिए एनालॉग पनीर को 'गैर-डेयरी' के रूप में लेबल करना पहले ही अनिवार्य कर दिया है।

**उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने जारी किया दिशानिर्देश**

### पनीर के नाम पर नकली पनीर न बेचे

खरे ने कहा कि प्रतिष्ठानों को ग्राहकों को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि व्यंजनों में पारंपरिक पनीर है या गैर-डेयरी उत्पादों से बना पनी (एनालॉग) पनीर है और उसी के अनुसार उनकी कीमत तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''पारंपरिक पनीर के नाम पर वनस्पति तेल जैसे गैर-डेयरी उत्पादों से बना पनीर नहीं बेचना चाहिए।'



### एनालॉग पनीर अधिक लोकप्रिय

गैर-डेयरी उत्पादों से बना पनीर काफी लोकप्रिय हुआ है, क्योंकि इसकी कीमत दूध से बने पनीर से लगभग आधी है, जबकि इसका स्वाद और बनावट समान है। पारंपरिक पनीर नींबू के रस या सिरके जैसे एसिड को ताजा दूध में डालकर बनाया जाता है, जबकि एनालॉग पनीर आमतौर पर इमल्सिफायर, स्टार्च और वनस्पति तेल से बनता है।

### नियम रेस्तरां में तैयार भोजन पर लागू नहीं होते

ये नियम वर्तमान में रेस्तरां में परोसे जाने वाले तैयार भोजन पर लागू नहीं होते हैं। एफएसएसएआई के नियमों के अनुसार, एनालॉग पनीर एक ऐसा उत्पाद है जिसमें दूध के घटकों को या तो पूरी तरह या आंशिक रूप से गैर-डेयरी सामग्री से बदल दिया जाता है, हालांकि, अंतिम उत्पाद पारंपरिक डेयरी आधारित पनीर की तरह ही लगता है।

*एनालॉग पनीर सस्ता है : उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बताया, ''एनालॉग पनीर दिखने और स्वाद में पारंपरिक पनीर जैसा होता है, लेकिन यह पनीर नहीं है। एनालॉग पनीर सस्ता है। होटल और रेस्तरां उपभोक्ताओं को इसके बारे में क्यों नहीं बताते हैं।'*

## रिलायंस एवं निजी बैंकों के शेयरों में तेज उछाल

# शेयर बाजार में तूफानी तेजी, सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा उछला, निफ्टी 24,300 के पार

एजेंसी ⏭ मुंबई

**विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की जम कर खरीदी** › **दो दिनों की गिरावट से बाजार उबरने में सफल रहा** › **भारत व पाक का तनाव बाजार की धारणा पर प्रभाव नहीं डाल पाया**

*रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं निजी बैंकों के शेयरों में तेज उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार दो दिनों की गिरावट से उबरने में सफल रहे। मानक सूचकांक सेंसेक्स में 1,006 अंक और निफ्टी में 289 अंकों की जोरदार तेजी दर्ज की गई।*

विश्लेषकों के मुताबिक, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुआ तनाव भी बाजार की सकारात्मक धारणा पर कोई असर नहीं डाल पाया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,005.84 अंक उछलकर 80,218.37 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 289.15 अंक बढ़कर 24,328.50 पर बंद हुआ।

### रिलायंस में 5.27 फीसदी की जोरदार तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल 23 कंपनियां बढ़त के साथ बंद हुईं। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) को छोड़कर बाकी सभी प्रमुख क्षेत्रों ने इस तेजी में शिरकत की। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज 5.27 प्रतिशत की जोरदार बढ़त के साथ सेंसेक्स शेयरों में सबसे अधिक लाभ में रही।

### अधिग्रहण की खबर से महिंद्रा में तेजी

इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में भी 2.29 प्रतिशत की तेजी देखी गई। एसएमएल इसुजु का 555 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की घोषणा से महिंद्रा के शेयरों में लिवाली का जोर रहा जबकि एसएमएल इसुजु लिमिटेड के शेयरों में 10 प्रतिशत की गिरावट आई।

### रिलायंस के नतीजों से बदली धारणा

जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"घरेलू बाजार ने पिछले सप्ताह के आखिरी दो दिनों में हुए नुकसान की भरपाई कर ली है, जो सीमा पर तनाव के कारण हुआ था। एफआईआई की ओर से लगातार खरीदारी और रिलायंस के बेहतर नतीजों ने भी निवेशकों की धारणा को बढ़ावा दिया।



### एफआईआई ने किया जमकर निवेश

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 2,952.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी। विदेशी निवेशकों ने पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में 17,425 करोड़ रुपये का निवेश किया। अनुकूल वैश्विक संकेतों और मजबूत घरेलू वृहद-आर्थिक आंकड़ों के साथ एफआईआई का निवेश बढ़ा है।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

इसके अलावा सन फार्मा, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।

### यूरोप के बाजारों में रही बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सूचकांक और जापान का निक्की 225 बढ़त के साथ बंद हुए जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट में रहे। यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार भी बढ़त के साथ बंद हुए थे।

# सोना 1,000 रुपए टूटकर 98,400 रुपए प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- अमेरिका-चीन के बीच तनाव कम होने का असर
- निवेशकों की जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ी

कमजोर वैश्विक रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 1,000 रुपये घटकर 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 99,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये घटकर 97,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि पिछला बंद भाव 98,900 रुपये प्रति 10 ग्राम था। अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, अमेरिका-चीन व्यापार तनाव कम होने से निवेशकों की जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ी है, जिससे सराफा जैसी सुरक्षित-संपत्तियों की मांग कम हुई है। शुक्रवार को चीन ने घोषणा की कि वह अपने 125 प्रतिशत शुल्क से कुछ अमेरिकी आयातों को छूट देगा। हालांकि उसने इस बात से इनकार किया कि कोई औपचारिक व्यापार वार्ता चल रही है। इस बीच, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों ने संकेत दिया कि उन्हें मौद्रिक नीति को समायोजित करने की तत्काल आवश्यकता नहीं दिखती है, इसके बजाय उन्होंने ट्रंप प्रशासन के शुल्क के आर्थिक प्रभाव की निगरानी करने का विकल्प चुना है। इस आक्रामक रुख से पता चलता है कि ब्याज दरों में कटौती निकट भविष्य में नहीं हो सकती है। इससे सोने पर और दबाव पड़ेगा। आमतौर पर ब्याज दरों के ऊंचे रहने पर मांग प्रभावित रहती है।

### चांदी में रही 1400 रुपए की गिरावट

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के खिलाफ व्यापारियों के विरोध प्रदर्शन के कारण शुक्रवार को स्थानीय सराफा बाजार बंद रहे। इसके अलावा, सोमवार को चांदी की कीमतें भी 1,400 रुपये गिरकर 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं। पिछले सत्र में चांदी 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना करीब एक प्रतिशत टूटकर 3,291.04 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

# यूको बैंक सरकारी हिस्सेदारी घटाने जारी करेगा शेयर

एजेंसी ⏭ कोलकाता

- सरकार की हिस्सेदारी को घटाकर 75 फीसदी पर लाने की योजना

सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक ने सरकार की हिस्सेदारी को घटाकर 75 प्रतिशत पर लाने के लिए चालू वित्त वर्ष में 270 करोड़ नए इक्विटी शेयर जारी करने की योजना बनाई है। एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

यह कदम मार्च तिमाही में आए सफल पात्र संस्थागत आवंटन (क्यूआईपी) के बाद उठाया गया है। क्यूआईपी के दौरान बैंक ने 2,000 करोड़ रुपये जुटाए, जिससे सरकार की बैंक में हिस्सेदारी 95.39 प्रतिशत से घटकर 90.95 प्रतिशत रह गई। हालांकि बाजार नियामक सेबी के नियमों के मुताबिक, न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता 75 प्रतिशत होनी चाहिए। यूको बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी अश्विनी कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा, /"हम वित्त वर्ष 2025-26 में सरकार की हिस्सेदारी को घटाकर 75 प्रतिशत करने के लिए 10 रुपये मूल्य के 270 करोड़ शेयर जारी करने की योजना बना रहे हैं।

बैंक के शेयर के मौजूदा बाजार मूल्य (करीब 31 रुपये प्रति शेयर) के आधार पर कुल निर्गम का मूल्य करीब 8,000 करोड़ रुपये हो सकता है। हाल ही में आए क्यूआईपी में बैंक ने निवेशकों के एक विविध समूह को शेयर आवंटित किए, जिससे इसकी पूंजी पर्याप्तता बढ़ी।

## वोडाफोन आइडिया की पटना, चड़ीगढ़ में 5जी सेवाएं शुरू




**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने चंडीगढ़ और पटना में 5जी सेवाएं शुरू करने की सोमवार को घोषणा की। कंपनी की मई में इसे दिल्ली और बेंगलुरु में शुरू करने की योजना है। कंपनी की विज्ञप्ति के अनुसार, मार्च में मुंबई में दूरसंचार कंपनी के 5जी की पेशकश के बाद इसका चंडीगढ़ और पटना में विस्तार किया गया। मुंबई में 70 प्रतिशत से अधिक पात्र उपयोगकर्ता नई सेवा का अनुभव कर रहे हैं। कुल उपयोगकर्ताओं में इनकी हिस्सेदारी 20 प्रतिशत है। वीआईएल ने कहा कि सोमवार से चंडीगढ़ और पटना में 5जी 'डिवाइस' का उपयोग करने वाले उसके ग्राहकों को यह सेवा उपलब्ध हो जाएगी। मई में इसे दिल्ली और बेंगलुरु में भी शुरू किया जाएगा। वीआईएल उपयोगकर्ता 299 रुपये से शुरू होने वाली योजनाओं पर असीमित 5जी डेटा का आनंद ले सकते हैं।

# चीन ने अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी शुल्क को नकारा

एजेंसी ⏭ बीजिंग



- चीन के नेताओं ने व्यापार युद्ध के प्रभाव को कमतर आंका

चीन के नेताओं ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार युद्ध के संभावित प्रभाव को कमतर आंकते हुए कहा कि उनके पास नौकरियों की रक्षा करने और चीनी निर्यात पर उच्च शुल्क से होने वाले नुकसान को सीमित करने की क्षमता है।

सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन किए। इनमें की गईं बातों से प्रतीत होता है कि सरकार का मकसद कंपनियों तथा बेरोजगारों का समर्थन करना, आसान ऋण शर्तों और चीन से अमेरिकी आयात पर 145 प्रतिशत तक के शुल्क के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अन्य नीतियों के वादों के साथ विश्वास को बढ़ाना है। पिछले सप्ताह चीन के शक्तिशाली पोलित ब्यूरो की बैठक हुई थी। इसके बारे में विश्लेषकों ने कहा था कि बैठक में निर्यात में मंदी के बावजूद वृद्धि को पटरी पर बनाए रखने के उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स की प्रमुख अर्थशास्त्री लुईस लू ने रिपोर्ट में कहा, चीनी नीति निर्माता अत्यधिक सावधानी के साथ काम कर रहे हैं।

### अमेरिका हवा में बातें करता है: शेनक्सिन

ट्रंप ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह शुल्क के मुद्दे पर चीनी सरकार के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं जबकि अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने कहा कि वार्ता अभी शुरू होनी है। देश की प्रमुख आर्थिक नियोजन एजेंसी राष्ट्रीय विकास व सुधार आयोग (एनडीआरसी) के उप निदेशक झाओ शेनक्सिन ने कहा, वे हवा में बातें करते हैं, धमकाते हैं और अपनी बात से पलट जाते हैं।

# औद्योगिक उत्पादन मार्च में मासिक आधार पर 3% बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों का प्रदर्शन खराब रहा
- वित्त वर्ष 2024-25 में आईआईपी में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई

भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि फरवरी में मासिक आधार पर मामूली रूप से बढ़कर मार्च 2025 में तीन प्रतिशत हो गई, जो इससे पहले फरवरी में 2.7 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

हालांकि, मार्च में वार्षिक आधार पर वृद्धि घटी है। मार्च 2024 में यह आंकड़ा 5.5 प्रतिशत था। सालाना आधार पर विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों का प्रदर्शन खराब रहा। वित्त वर्ष 2024-25 में आईआईपी में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो चार साल का निचला स्तर है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 5.9 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2020-21 में इसमें 8.4 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सरकार ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि फरवरी 2025 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 2.9 प्रतिशत थी, हालांकि अब इस आंकड़े को संशोधित कर 2.7 प्रतिशत कर दिया गया। आंकड़ों के मुताबिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन मार्च 2024 में 5.5 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि मार्च 2025 में थोड़ी कम होकर तीन प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.9 प्रतिशत थी।

### पहली बार आंकड़ा 28 तारीख को जारी किया गया

यह पहली बार है जब आईआईपी का आंकड़ा 28 तारीख को जारी किया गया है। इससे पहले, आईआईपी हर महीने की 12 तारीख को छह सप्ताह के अंतराल के बाद जारी किया जाता था। अब इसे चार सप्ताह के अंतराल के बाद जारी किया जाएगा।

### उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं की वृद्धि 6.6 फीसदी रही

उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं की वृद्धि 6.6 प्रतिशत रही, जो मार्च 2024 में 9.5 प्रतिशत थी। आंकड़ों के मुताबिक मार्च 2025 में उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में 4.7 प्रतिशत की कमी आई, जबकि एक साल पहले इसमें 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। सरकार अब आईआईपी का आंकड़ा हर महीने की 28 तारीख को जारी करेगी।

# अक्षय तृतीया पर सोना, चांदी की मांग मजबूत रहने की उम्मीद

एजेंसी ⏭ कोलकाता

आभूषण विक्रेता सोने की बढ़ती कीमतों के बावजूद अक्षय तृतीया के मौके पर अच्छी मांग की उम्मीद कर रहे हैं और ग्राहकों को लुभाने के लिए सोने के मूल्य और गहने बनाने के शुल्क पर आकर्षक छूट की पेशकश कर रहे हैं।

अक्षय तृतीया को सोना खरीदने के लिए शुभ माना जाता है। यह इस साल 30 अप्रैल को है। तनिष्क, सेन्को गोल्ड, एमपी ज्वैलर्स और पीसी चंद्रा ज्वैलर्स जैसे प्रमुख ब्रांड ने इस अवसर का लाभ उठाने के लिए कई तरह की छूट की घोषणा की है। अंजलि ज्वैलर्स के निदेशक अनर्घा उत्तिया चौधरी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि अक्षय तृतीया पर काम अच्छा रहेगा क्योंकि इस समय सोने में उपभोक्ताओं का विश्वास पहले से कहीं अधिक है।



- आभूषण विक्रेता दे रहे आकर्षक छूट
- अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है

### बढ़ती कीमतों से खरीद में कमी आई

सेनको गोल्ड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुवनकर सेन ने कहा कि सोने की बढ़ती कीमतों के कारण खरीद मात्रा में गिरावट आई है, लेकिन शुभ मुहूर्त में खरीदारी की धारणा मजबूत रहने की उम्मीद है। हालांकि, कंपनी किफायती दाम बनाए रखने के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रही है।

## नेटवर्किंग मंच अपना ने जारी की रिपोर्ट

# मार्च तिमाही में रोजगार बाजार सुधरा, आवेदन बढ़े

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के रोजगार बाजार में साल 2025 की पहली तिमाही में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस दौरान नौकरियों के आवेदन 30 प्रतिशत बढ़ गए जिनमें महिलाओं की भी अच्छी हिस्सेदारी रही।

- नौकरियों के आवेदन 30 प्रतिशत बढ़ गए

एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। पेशेवर नेटवर्किंग मंच 'अपना' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, लचीले कामकाज, समावेशी भर्ती प्रक्रिया और मझोले एवं छोटे शहरों में भी रोजगार अवसर बढ़ने से कार्यबल भागीदारी में महिलाओं की संख्या बढ़ी है।



### एलआईसी आदि ने एक लाख रोजगार सृजन किए

रिपोर्ट कहती है कि एलआईसी, पेटीएम, डेल्हीवरी और फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियों ने एक लाख से अधिक रिक्तियों का सृजन किया और महानगरों से हटकर अन्य शहरों में भी भर्ती का विस्तार किया। अपना मंच के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी निर्मित पारिख ने कहा, भर्ती वास्तव में विकेंद्रीकृत हो गई है।

*महिलाओं के आवेदनों में 92 फीसदी का उछाल : दूसरी एवं तीसरी श्रेणी के शहरों ने नए उपयोगकर्ताओं में 40 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया। उद्यम भूमिकाओं के लिए महिलाओं के आवेदनों में 92 प्रतिशत की उछाल देखी गई। फ्रेशर के आवेदनों की संख्या भी 66 लाख से अधिक रही।*

### नियोक्ताओं ने 3.1 लाख पदों के लिए आवेदन मंगाए

हाल ही में पढ़ाई पूरी करने वाले युवाओं (फ्रेशर्स) ने मार्च तिमाही में 66 लाख से अधिक आवेदन किए जो सालाना आधार पर 46 प्रतिशत की वृद्धि है। इस बीच, अपना मंच ने पाया कि नियोक्ताओं की तरफ से आलोच्य अवधि में 3.1 लाख पदों के लिए आवेदन मंगाए गए जो एक साल पहले की समान अवधि से 26 प्रतिशत अधिक है। इनमें से छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों में 2.1 लाख से अधिक नौकरियां आईं जिनमें 28,547 पद खास तौर पर महिलाओं के लिए थे।

### जनवरी-मार्च में 1.81 करोड़ नौकरी के आवेदन आए

अपना की नवीनतम 'इंडिया ऐट वर्क' तिमाही रिपोर्ट कहती है कि जनवरी-मार्च तिमाही में रिकॉर्ड तोड़ 1.81 करोड़ नौकरी के आवेदन आए जो पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। यह भारत के बढ़ते आर्थिक आशावाद और सभी क्षेत्रों में डिजिटल माध्यम से भर्ती में उछाल को बताता है।

### टियर दो व तीन में वृद्धि देखने मिली

रिपोर्ट के मुताबिक, तिमाही में महिलाओं के आवेदन सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 62 लाख से अधिक रहे। यह वृद्धि चंडीगढ़, इंदौर और जमशेदपुर जैसे मझोले और छोटे शहरों (टियर दो और टियर तीन) में सबसे अधिक देखने को मिली।

चिंतन

# राफेल मरीन से समंदर में मजबूत होगा भारत

भारत अपनी सैन्य ताकत में लगातार इजाफा कर रहा है। इसी कड़ी में फ्रांस के साथ राफेल मरीन फाइटर जेट की डील काफी महत्वपूर्ण है। भारत फ्रांस से 63 हजार करोड़ रुपये में 26 राफेल मरीन विमान खरीदेगा। इन विमानों की तैनाती आईएनएस विक्रांत पर होगी। अभी मिग-29 तैनात है। मिग-29 की अपेक्षा राफेल मरीन काफी उन्नत और प्रभावी है। राफेल मरीन की एडवांस रडार टेक्नोलॉजी, ज्यादा हथियार ले जाने की क्षमता, बेहतर सेंसर इसे मिग-29 विमान से बेहतर बनाते हैं। भारत की नौसेन्य जरूरतों को राफेल मरीन पूरा करेगा। तीन वर्ष बाद इसकी आपूर्ति शुरू होगी और वर्ष 2030 तक सभी विमान मिल जाएंगे। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान बढ़े तनाव के बीच हुई इस डील का सीधा संदेश है कि भारत सेना व वायुसेना के साथ अपने नौसेना को भी मजबूत कर रही है। भारत के पास आईएनएस विक्रमादित्य व आईएनस विक्रांत दो युद्धपोत हैं, जबकि पाकिस्तान के पास ऐसा कोई युद्धपोत नहीं है। हाल के वर्षों में परमाणु पनडुब्बी से समेत कई पनडुब्बियां भारत ने अपने नौसैन्य बेड़े में शामिल की हैं। इस वक्त भारत हिंद महासागर, अरब सागर, लाल सागर और अदन की खाड़ी में काफी मजबूत है। राफेल मरीन के आने से भारत के पास समंदर में छिपे दुश्मन की पनडुब्बियों को मार गिराने की क्षमता में वृद्धि होगी। राफेल मरीन विमान परमाणु बम दागने की क्षमता से लैस होंगे। हथियारों की खरीद के मामले में यह फ्रांस के साथ भारत की अब तक की सबसे बड़ी डील है। इससे पहले भारत ने फ्रांस के साथ ही 58 हजार करोड़ रुपये में 36 राफेल जेट विमान की खरीद वायुसेना के लिए की थी। अभी नौसेना के लिए भारत को कम से कम 57 फाइटर प्लेन की आवश्यकता है, जिनमें से 26 राफेल मरीन की डील हुई है, बाकी स्वदेशी स्तर पर निर्माण होंगे। राफेल-एम (मरीन) का उपयोग नौसेना के विमान वाहक पोत में होगा। यह पाकिस्तान के एफ-16 और चीन के जे-20 से ज्यादा बेहतर है। यह उड़ान भरने के बाद 3700 किमी दूर तक हमला करने में सक्षम है। यह बहुत कम जगह पर भी लैंड कर सकता है। राफेल-एम में शक्तिशाली एंटी शिप मिसाइलें लगाई जा सकती हैं, जो हवा से हवा और हवा से जमीन पर मार करने में सक्षम हैं। यह विमान पनडुब्बियां खोजकर ध्वस्त करने वाले विशेष रडार से लैस होता है। खास बात यह है कि राफेल-एम में बीच हवा में ही रीफ्यूलिंग की जा सकती है। इस फाइटर जेट से नभ, थल और जल में नौसेना की पकड़ और मजबूत होगी। भारत की वायुसेना के पास पहले से ही राफेल विमान हैं। ऐसे में इसके उपकरणों और रखरखाव के लिए ट्रेनिंग में ज्यादा समस्या नहीं आएगी। यह डील भारत और फ्रांस के संबंधों को मजबूत करने की एक पहल भी है। ड्रोन के बढ़ रहे प्रचलन के बीच लड़ाकू विमान सटीक हमले करने और दूर तक स्ट्राइक करने की अपनी क्षमता के लिहाज से अहम हैं। भारत ने इससे पहले 1997-98 में रूस से सुखोई विमान ख़रीदा था। सुखोई के बाद लड़ाकू विमानों की तकनीक काफ़ी बदल चुकी है और इस लिहाज़ से राफेल बहुत ही आधुनिक लड़ाकू विमान है। विश्व के शक्तिशाली देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत को सामरिक रूप से ताकतवर देखना चाहते हैं, यह डील उस आकांक्षा को पूरी करती है। भारत के ध्यान में पाकिस्तान से अधिक चीन है, इसलिए मजबूत रक्षा तैयारी आवश्यक है। भारत को युद्धपोत बढ़ाने की भी आवश्यकता है और मरीन लड़ाकू विमान भी। हालांकि भारत को एआई बेस्ड ड्रोन और लेजर गन पर भी ध्यान देना चाहिए।

# वैश्विक रचनात्मक नेतृत्व की ओर भारत



वेव्स 2025

डॉ. एल. मुरुगन

प्रथम विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) जो 1 से 4 मई 2025 तक आयोजित होगा, भारत को वैश्विक रचनात्मकता के केंद्र में रखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संकल्पित, वेव्स एक परिवर्तनकारी आंदोलन है और यह मीडिया तथा मनोरंजन (एमएंडई) परिदृश्य को फिर से पारिभाषित करेगा। भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग 2.7 ट्रिलियन रुपये के करीब पहुंच चुका है, ऐसे में वेव्स रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमिता में अग्रणी होने के हमारे संकल्प का संकेत देता है। यह अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, तकनीकी कौशल और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करने का एक बहुत ही शानदार अवसर है।

भारत ने सदैव कहानी कहने की कला में उत्कृष्टता हासिल की है। रामायण और महाभारत जैसे कालातीत महाकाव्यों ने पीढ़ियों को अपनी ओर आकर्षित किया है। हमारी कथाएं इन गाथाओं से आगे बढ़ती हैं और सांस्कृतिक आधारशिला के रूप में कार्य करते हुए उन्हें यह आकार देती हैं कि हम दुनिया को किस तरह से देखने के साथ-साथ रचनात्मकता व्यक्त करते हुए कलाकारों एवं दूरदर्शी लोगों की पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। कहानी कहने का यह अंतर्निहित उत्साह एक सशक्त रचनात्मक आकांक्षा के रूप में विकसित हुआ है और अब यह भारत को वैश्विक मीडिया पावरहाउस के रूप में उभरने में भी सहायता कर रहा है।

1 से 4 मई 2025 तक आयोजित होने वाला प्रथम विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) भारत को वैश्विक रचनात्मकता के केंद्र में रखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संकल्पित, वेव्स एक परिवर्तनकारी आंदोलन है और यह मीडिया तथा मनोरंजन (एमएंडई) परिदृश्य को फिर से पारिभाषित करेगा। भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग 2.7 ट्रिलियन रुपये के करीब पहुंच चुका है, ऐसे में वेव्स 2025 रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमिता में अग्रणी होने के हमारे संकल्प का संकेत देता है।

अब पारंपरिक मीडिया से एक संपन्न डिजिटल-प्रथम इकोसिस्टम में परिवर्तित हो चुका है। इसके साथ-साथ अब यह स्ट्रीमिंग सेवाओं, सोशल मीडिया और उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से वैश्विक संपर्क का भी विस्तार कर रहा है। भारत में विदेशी फिल्म निर्माण के लिए प्रोत्साहन, सह-निर्माण समझौते और फिल्म सुविधा कार्यालय (एफएफओ) जैसी सरकारी पहल वैश्विक रचनाकारों के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करती है।

वेव्स 2025 भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए एक नए युग के शुभारंभ का प्रतिनिधित्व करता है। दुनियाभर के अभिनवकर्ताओं, नीति निर्माताओं, कलाकारों और उद्योग जगत प्रमुखों को एक साथ लाकर, शिखर सम्मेलन सहयोग के वातावरण को बढ़ावा देता है। इसके साथ-साथ यह मनोरंजन के निर्माण, वितरण और अनुभव को एक नया रूप देगा। इस परिवर्तन के केंद्र में वेवैक्स 2025 और वेव्स बाज़ार जैसी पहल हैं। वेवैक्स 2025 गेमिंग, एनिमेशन, एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर), जनरेटिव एआई और नेक्स्ट-जेन कंटेंट प्लेटफ़ॉर्म जैसी उभरती हुई तकनीकों में कार्य करने वाले स्टार्टअप को सशक्त बनाता है। यह पहल स्टार्टअप के लिए अपने विचारों को प्रदर्शित करने, मेंटरशिप हासिल करने और उद्यम पूंजीदाता और सेलिब्रिटी एंजेल निवेशकों के साथ वार्तालाप के माध्यम से सुरक्षित वित्त पोषण के लिए एक आधार तैयार करती है। दूसरी ओर, वेव्स बाजार एक गतिशील ई-मार्केटप्लेस के रूप में कार्य करता है जिसे रचनाकारों, खरीदारों और विक्रेताओं को जोड़ने के लिए तैयार किया गया है।




5,500 से अधिक खरीदारों, 2,000 विक्रेताओं और फिल्म, टेलीविज़न, गेमिंग, विज्ञापन के अलावा 1,000 पंजीकृत परियोजनाओं के साथ यह बाज़ार सहज सहयोग और अवसर खोज के लिए एक स्थल है। एआई-संचालित मैचमेकिंग यह सुनिश्चित करती है कि परियोजना और पेशेवरों को सही कनेक्शन, नवाचार और रचनात्मक अर्थव्यवस्था में विकास को बढ़ावा मिले। ये प्लेटफॉर्म एक कार्यक्रम के संचालन से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ एक परिवर्तनकारी इकोसिस्टम है जो वेव्स के समापन के बाद भी मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र को प्रभावित करता रहेगा। यह भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में एक और महत्वपूर्ण उपलबिध सिद्ध होगा।

हमारा सबसे बड़े जनसांख्यिकीय लाभ के रूप में भारत के युवा, वेव्स पहल से अत्यंत लाभान्वित होंगे। 29 वर्ष की औसत आयु के साथ, भारत न केवल दुनिया का सबसे युवा देश है बल्कि रचनात्मकता और नवाचार के मामले में सर्वाधिक जीवंत राष्ट्र भी है। वेव्स 2025 युवाओं को अपने दृष्टिकोण में अग्रणी रखने के साथ-साथ कौशल विकास, उद्यमिता और वैश्विक सहयोग के लिए मार्ग भी प्रशस्त करता है। क्रिएट इन इंडिया चैलेंज इस प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। 1,100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों सहित लगभग 1,00,000 पंजीकरणों के साथ इस चुनौती ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक प्रतिभाओं के एक विविध समूह को आकर्षित किया है। क्रिएटोस्फीयर के हिस्सा के रूप में फाइनल प्रतिभागियों को उद्योग प्रमुखों से जुड़ने, मास्टरक्लास में भागीदारी करने और वैश्विक प्रदर्शन हासिल करने के शानदार अवसर प्राप्त होंगे।

इसके अलावा, मुंबई में भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) की स्थापना भारत के युवाओं के भविष्य में एक महत्वपूर्ण निवेश का प्रतीक है। कौशल विकास और नवाचार के लिए उत्कृष्टता के एक वैश्विक केंद्र के रूप में, आईआईसीटी रचनात्मकता और प्रौद्योगिकी के बीच के अंतर को दूर करते हुए यह सुनिश्चित करेगा कि युवा भारतीयों के पास मीडिया और मनोरंजन उद्योग की बढ़ती मांगों को पूरा करने से जुड़ी विशेषज्ञता हासिल हो।सतत विकास के लिए वैश्विक सहयोग शिखर सम्मेलन में वैश्विक मीडिया संवाद भी शामिल होगा, जिसमें वैश्विक प्रमुखों, नीति निर्माताओं, कलाकारों और उद्योग जगत के पेशेवर एक साथ भागीदारी करेंगे। यह संवाद केवल चर्चाओं के संदर्भ में ही नहीं है, अपितु अंतरराष्ट्रीय सहयोग, नैतिक कार्य प्रणालियों और नवाचार के लिए रणनीति विकसित करने से जुड़ी कार्यवाही के लिए भी है।

प्रधानमंत्री मोदी के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और उद्योग हितधारकों के साथ निर्धारित संवाद से प्रभावशाली साझेदारी शुरू होने की आशा है, जिससे आने वाले वर्षों में भारत लाभान्वित होगा। विकसित भारत के लिए दृष्टिकोण वेव्स 2025 केवल एक आयोजन नहीं है, यह विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो एक विकसित राष्ट्र के तौर पर रचनात्मकता और नवाचार में विश्व का नेतृत्व कर रहा है। विविधता को बढ़ावा देने, प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने और युवाओं को सशक्त बनाने के माध्यम से, वेव्स 2025 भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था के सतत विकास में सक्षम प्रतिभा केंद्र के रूप में स्थापित करता है। वेव्स 2025 रचनात्मक उद्योग की अनंत संभावनाओं का सुदृढ़ीकरण है। यह अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, तकनीकी कौशल और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। यह परंपरा और प्रौद्योगिकी के संगम के माध्यम से वैश्विक रचनात्मक इकोसिस्टम को फिर से पारिभाषित करने के भारत के दृष्टिकोण का प्रमाण भी है।

(लेखक केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## चारधाम साइबर स्कैम

डॉ. मोनिका शर्मा



# यात्रा धोखाधड़ी से बचें श्रद्धालु

देश के हर हिस्से में हो रहे साइबर स्कैम चिंता का विषय बन गए हैं। हाल ही में केंद्र सरकार ने चारधाम यात्रा से जुड़ी ऑनलाइन बुकिंग की धोखाधड़ी के मामलों को लेकर भी श्रद्धालुओं को चेताया है। ध्यातव्य है कि 30 अप्रैल को चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही अक्षय तृतीया के दिन से यह धार्मिक यात्रा शुरू होगी। 2 मई को केदारनाथ और 4 मई को बद्रीनाथ के कपाट खुलेंगे। कपाट खुलने की यह धार्मिक परंपरा भारतीय तीर्थ यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हर वर्ष चारधाम यात्रा को लेकर न केवल श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने मिलता है, बल्कि देशभर से लाखों श्रद्धालु इस धार्मिक यात्रा के लिए पंजीकरण भी करवाते हैं। हालिया दिनों में चारधाम यात्रा के नाम पर ठगी के बहुत से तरीके सामने के बाद श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सचेत किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार चारधाम यात्रा संबंधित जालसाजी में नकली वेबसाइटों, सोशल मीडिया पेजों और व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से विभिन्न सेवाएं देने का दावा करते हुए बुकिंग की जा रही है। श्रद्धालु सजग रहें, क्योंकि आस्थावान लोगों से धोखाधड़ी कर आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाले ठगों के ये सभी साइबर ठिकाने एकदम पेशेवर दिखते हैं। साथ ही सोशल मीडिया मंचों से लेकर गूगल जैसे सर्च इंजनों पर इनके भ्रामक विज्ञापन भी मौजूद हैं। दरअसल, चारधाम यात्रा से जुड़ी सेवाओं और सुविधाओं के आरक्षण के नाम पर यह धोखाधड़ी हो रही है। इस जालसाजी में हेलिकॉप्टर बुकिंग, तीर्थयात्रियों के



लिए होटल आरक्षण, ऑनलाइन टैक्सी बुकिंग और धार्मिक पर्यटन पैकेजेज लेने की गतिविधियां शामिल हैं। देश एक हर हिस्से में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं से सस्ती सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दावों वाली यह जालसाजी और आसान हो जाती है, इसीलिए हर मोर्चे पर सजगता आवश्यक है। चारधाम की यात्रा में होने वाली साइबर ठगी पर लगाम लगाने के लिए उत्तराखंड एसटीएफ ने एक टीम को तैनात किया है। बाकायदा न्यायालय से आदेश लेकर यह टीम फेसबुक और अन्य माध्यमों पर नजर रखने के साथ ही इन फर्जी वेबसाइटों को बंद भी करा रही है। समझना जरूरी है कि साइबर ठग नकली वेबसाइट और वर्चुअल मीडिया प्रोफाइल्स के माध्यम से श्रद्धालुओं की जाली बुकिंग कर देते हैं। बुकिंग के अनुसार बद्रीनाथ और केदारनाथ पहुंचने पर तीर्थयात्रियों को पता चलता है कि बुकिंग हुई ही नहीं है। ये मामले धन गंवाने के ही नहीं आस्था से भी खिलवाड़ करने वाले मामले हैं। यही वजह है कि कई नकली वेबसाइटों, विज्ञापनों तथा सोशल मीडिया खातों पर रोक भी लगाई जा रही है। नागरिकों की सुरक्षा और सहूलियत के लिए बरती जा रही सख्ती के बावजूद ठगी के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। ऐसी घटनाएं आर्थिक नुकसान ही नहीं श्रद्धालुओं ही सुरक्षा से भी जुड़ी हैं। एक ओर धन की ठगी होती है तो दूसरी ओर वहां पहुंचने पर कोई सुविधा न मिलने से कई कठिनाइयां सामने आती हैं। बड़े-बुजुर्गों के मामले में तो स्थितियां और भी चिंतनीय हो जाती हैं। जहां एक ओर तकनीकी विस्तार से पंजीकरण एवं आवश्यक जानकारियां जुटा पाना आसान हुआ है तो वहीं दूसरी ओर भ्रामक सूचनाओं और धोखाधड़ी के मार्ग भी खुल गए हैं। ऐसे में भुगतान के बाद सेवाएं न मिलने की जालसाजी से बचने के लिए सतर्कता आवश्यक है। श्रद्धालुओं को चाहिए कि किसी भी तरह की छूट का लालच देने वाले पोर्टल के बजाय आधिकारिक सरकारी पोर्टल से ही बुकिंग करवाएं। यात्रा से जुड़ी सुविधाओं के पंजीकरण के लिए विश्वसनीय संस्थाओं का चुनाव करना चाहिए। इतना ही नहीं भुगतान से पहले इनकी प्रामाणिकता की पुष्टि करना भी आवश्यक है। इस तरह की धोखाधड़ी से बचाव के लिए गूगल या किसी भी दूसरे सोशल मीडिया मंच पर कोई प्रायोजित या अज्ञात लिंक को खोलने से पहले सत्यापित किया जाना बहुत जरूरी है। गौरतलब है कि इस मोर्चे पर पुलिस भी आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रही है। चारधाम यात्रा को देखते हुए नैनीताल पुलिस द्वारा 'साइबर क्राइम एक, चेहरे अनेक' स्लोगन द्वारा उत्तराखंड के लोगों और यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को सजग किया जा रहा है। समझना मुश्किल नहीं है कि तीर्थयात्रियों की सतर्कता से ऐसे प्रशासनिक प्रबंध और प्रभावी साबित हो सकते हैं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मुक्ति के लिए पहले मोक्ष का मर्म समझें




संकलित

दर्शन

मन ही बंधन का कारण है, तो वही मोक्ष का माध्यम भी। पूरी दुनिया सदियों से मोक्ष यानी बंधन से मुक्ति का मार्ग तलाश रही है। पर, वेदांत सिद्धांत कहता है कि आत्मा ही शुद्ध है और यह संसार भ्रम। जो इस बात को समझने में सफल हो गया, उन्हें बंधन से मुक्ति का मार्ग भी मिल जाता है। मन एव मनुष्याणां कारणं बंधमोक्षयो' यानी मन ही तुम्हारे बंधन और मोक्ष का कारण होता है। मन से ही बंधन होता है और मन से ही मुक्ति होती है। बंधा कौन है? जो विषयों की आसक्ति में है। मुक्त कौन है? जिसका मन निर्विषय हो गया। सामान्य धारणा यही होती है कि मुक्ति का मतलब है कि दोबारा जन्म न हो। इसी संदर्भ में रवीन्द्रनाथ टैगोर कहते थे कि जब मैं प्रभु को प्यार करता हूं तो फिर प्रभु की सृष्टि को भी प्यार कैसे न करूं? एक बार नहीं, मैं तो हजारों बार इसी धरा पर जन्म लेना चाहूंगा। उस प्यारे की जो सृष्टि है, वह भी प्यारी है। ऐसे ही एक ज्ञानी से किसी ने पूछा कि क्या आपको मुक्ति नहीं चाहिए? ज्ञानी ने कहा कि अगर मुक्ति का मतलब यह है कि जन्म नहीं होगा तो जाओ, मुझे तुम्हारी मुक्ति भी नहीं चाहिए। लोग अमूमन यही सोचते हैं कि संसार बुरी जगह है और यहां दोबारा पैदा न होना मुक्ति है। जबकि ज्ञानी की दृष्टि है कि विषय की आसक्ति न रहे, यही मुक्ति है। संसार असार है, यह जानना ही मुक्ति है। कबीर जी सारी जिंदगी बनारस में रहे और शरीर जाने का जब समय आया तो जाकर मगहर में बस गए। लोगों ने कहा, 'कबीर जी! क्या करते हो?

## क्रोध को वश में करने से जीवन सहज और सरल




संकलित

प्रेरणा

आमतौर पर, हम क्रोध या घृणा की ज्यादा परवाह नहीं करते, इसलिए यह सहजता से आ जाते हैं। परंतु यदि हम इन भावनाओं के विषय में सजग हो जाएं, तो हमारा क्रोध व घृणा के प्रति यह अनिच्छापूर्ण रुख ही उन्हें हमसे दूर रखने के लिए पर्याप्त होगा। घृणा के विनाशकारी प्रभाव स्पष्ट और तुरंत दिखाई दे जाते हैं। उदाहरण के लिए, जब आपके अंदर घृणा का अत्यंत तीव्र भाव उत्पन्न होता है, तो उसी क्षण, वह आपके ऊपर पूरी तरह से हावी हो जाता है और आपकी मानसिक शांति को भंग कर देता है; आपकी बुद्धि काम करना बंद कर देती है। क्रोध और घृणा के तीव्र भाव आपके दिमाग के सबसे बेहतरीन हिस्से, यानी सही व गलत तथा आपके कार्यों के अल्पकालिक व दीर्घकालिक प्रभावों में अंतर करने की क्षमता को बिलकुल मिटा देते हैं। निर्णय लेने की योग्यता पूरी तरह निष्क्रिय हो जाती है। आप लगभग पागल जैसे हो जाते हैं। यह क्रोध और घृणा आपको दुविधा की स्थिति में डाल देते हैं, जिससे आपकी समस्याएं और परेशानियां और बढ़ जाती हैं। शारीरिक स्तर पर भी, घृणा से व्यक्ति में बहुत गंदा, अनाकर्षक शारीरिक बदलाव आ जाता है। क्रोध व घृणा के तीव्र भाव जाग्रत होने पर, व्यक्ति कितना भी अच्छा दिखने की कोशिश करे, उसका चेहरा भद्दा और विरूपित दिखाई देता है। घृणा की तुलना शत्रु से की जाती है। यह भीतरी दुश्मन नुकसान पहुंचाने के अलावा कुछ नहीं करता। यह हमारा पक्का दुश्मन, हमारा सबसे बड़ा शत्रु है।

## शोक



वेटिकन के सेंट पीटर्स स्क्वायर में दिवंगत पोप फ्रांसिस के लिए नौ दिनों के शोक के दूसरे दिन वेटिकन के राज्य सचिव कार्डिनल पिएत्रो परोलिन की अध्यक्षता में आयोजित प्रार्थना सभा के अंत में कार्डिनल गले मिलते और हाथ मिलाते हुए।

## आज की पाती

### स्टार्टअप और कौशल विकास बेरोजगारी का हल

आज से लगभग आठ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने स्टार्टअप योजना को अमल में लाया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़, यानी उद्योगों को और मजबूत बनाना है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ-साथ महिला उद्यमियों को सब्सिडी भी मिलती है। सरकार इस योजना के अधीन उद्योगों को टैक्स में भी छूट देती है। हमारे देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। देश के उद्योग जितने मजबूत होंगे उतने ही रोजगार उपलब्ध होंगे और देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी।

*-सोहन कुमार, रायपुर*

## ट्रेंड

### खिताब हासिल करने पर बधाई



भारतीय टीम को कुल 87 पदक जीतने और दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप में खिताब हासिल करने के लिए बहुत-बहुत बधाई। यह उपलब्धि हमारे एथलीटों के समर्पण को दर्शाती है, जिन्होंने योग की समृद्ध विरासत को सम्मानित किया है।

-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

### चिकित्सा आपूर्ति भेजी



हमारी संवेदनाएं ईरान में हुए दुखद विस्फोट से प्रभावित लोगों के साथ हैं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति गहरी संवेदनाएं। डब्ल्यूएचओ ने घायलों के इलाज के लिए आपातकालीन चिकित्सा आपूर्ति भेजी है।

-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### हम पर टिप्पणी कर रहे



पीयूष गोयल ने कहा कि हमारे देश में 140 करोड़ लोग हैं, लेकिन उनमें देशभक्ति की कमी है। यानी वो देश के लोगों को चुनौती दे रहे हैं। आजादी के लिए लड़ाई लड़ने वाले गांधीजी की हत्या कर दी गई, लेकिन बीजेपी के लोग हम पर टिप्पणी कर रहे हैं।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### रोबोट आगे निकल जाएंगे



रोबोट 5 साल के भीतर सबसे अच्छे मानव सर्जनों से भी आगे निकल जाएंगे। न्यूरालिंक को मस्तिष्क-कंप्यूटर इलेक्ट्रोड सम्मिलन के लिए रोबोट का उपयोग करना पड़ा, क्योंकि मनुष्य के लिए आवश्यक गति और सटीकता प्राप्त करना असंभव था।

-एलोन मस्क, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# '3 इडियट्स' से चर्चा में आए लद्दाख के स्कूल को मान्यता

लद्दाख के पहाड़ों में स्थित और 'रैंचो स्कूल' के नाम से मशहूर ड्रुक पद्मा कार्पो स्कूल को आखिरकार अपनी स्थापना के दो दशक से भी ज्यादा समय बाद सीबीएसई से मान्यता मिल गई है। कई वर्षों के विलंब और अस्वीकृतियों के बाद यह मान्यता दी गई। वर्ष 2009 में आमिर खान अभिनीत फिल्म '3 इडियट्स' से प्रसिद्धि पाने वाला यह स्कूल अब तक जम्मू-कश्मीर राज्य विद्यालय शिक्षा बोर्ड (जेकेबीओएसई) से संबद्ध था। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में पारंपरिक 'रटंत शिक्षा' से हटकर नवीन शिक्षण तरीकों से पढ़ाई पर जोर देने के लिए सुधारों का प्रस्ताव किए जाने से बहुत पहले ही अपने नवीन शिक्षण तरीकों के लिए मशहूर यह स्कूल अब कक्षा 12 तक




विस्तार करने की योजना बना रहा है। स्कूल की प्रधानाचार्य मिंगुर आंगमो ने कहा, कई वर्षों की देरी के बाद हमें आखिरकार सीबीएसई से मान्यता मिल गई है और कक्षा 10 के हमारे पहले बैच के छात्र अब अपने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास सभी आवश्यक बुनियादी ढांचा, उत्कृष्ट परिणाम रिकॉर्ड और शिक्षण एवं सीखने के अभिनव तरीके होने के बावजूद इन वर्षों में कई प्रयासों के बाद भी हमें जेकेबीओएसई से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) नहीं मिली।

## ऑफ बीट

# लिथियम- आयन बैटरी की चुनौतियां कोई कम नहीं

लिथियम-आयन बैटरी दुनिया के बड़े हिस्से को बिजली दे रही हैं। इसका इलेक्ट्रिक वाहन और स्मार्टफोन जैसे उपकरणों में भी इस्तेमाल होता है। बैटरी



से लोगों के ऊर्जा भंडारण और इस्तेमाल के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव आया है। लेकिन जैसे-जैसे ये बैटरी दैनिक जीवन का हिस्सा बनती जा रही हैं, वैसे-वैसे इनके प्रबंधन और ऊर्जा को सुरक्षित, कुशलतापूर्वक और विवेकपूर्ण ढंग से संग्रहीत करने की चुनौतियों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। लिथियम-आयन बैटरी को दोबारा रिजार्च किया जा सकता है। बैटरी सरल लग सकती हैं, लेकिन वे उतनी ही जटिल हैं, जितना कि वास्तविक दुनिया में लोग इनका इस्तेमाल करने के लिए सोचते हैं। मूलतः लिथियम-आयन बैटरी दो विद्युत ध्रुवों या इलेक्ट्रोड के बीच लिथियम तत्व के आवेशित कणों, जिन्हें आयन कहते हैं, की गति पर निर्भर करती हैं। ये बैटरी कितनी ऊर्जा संग्रहीत करती हैं और कितनी अच्छी तरह काम करती हैं, यह कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें तापमान और बैटरी की भौतिक संरचना शामिल है। दुनियाभर में, शोधकर्ता इनमें से प्रत्येक कारक के बारे में अलग-अलग और एक-दूसरे के साथ मिलकर सवालों के जवाब देने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ शोध बैटरी के खराब होने की गणना करने पर केंद्रित हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# अमेरिका जो नहीं कर पाया जापान ने कर दिखाया, बना डाला भविष्य का हथियार 'रेलगन'

दूसरे विश्वयुद्ध के बाद हथियार बनाने वाली जापानी कंपनियां अगर हथियार बनाना बंद नहीं करतीं, तो आज जापान जैसी हथियार टेक्नोलॉजी कहीं नहीं होती। चीन का खतरा बढ़ने के बाद जापान एक बार फिर से हथियार बनाने की दुनिया में ना सिर्फ प्रवेश कर चुका है, बल्कि टेक्नोलॉजिकल चमत्कार भी कर रहा है। पिछले हफ्ते जापान ने एडवांस इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेल गन का समुद्री टेस्ट किया है, जिसे चीन और उत्तर कोरिया परेशान हो गये हैं।

**टोक्यो।** जापान ने अपने इस हथियार को चीन, उत्तर कोरिया और रूस की हाइपरसोनिक मिसाइलों का मुकाबला करने के लिए तैयार किया है। जापान की डिफेंस मिनिस्ट्री ने इस हफ्ते रेलगन की तस्वीरें जारी की हैं

रेलगन को नेक्स्ट जेनरेशन हथियार माना जाता है, जिसे इस महीने की शुरुआत में योकोसुका बंदरगाह में JS असुका पर समुद्री परीक्षण के लिए रवाना होने से पहले देखा गया था। ऑब्जर्वर्स का कहना है कि जापान अपनी एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने के लिए एडवांस हथियारों का निर्माण कर रहा है। इसके साथ ही जापान के पास सबसे एडवांस हथियारों वाली नौसेना हो सकती है। रैंड कॉर्पोरेशन के एक वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय रक्षा शोधकर्ता टिमोथी हीथ के मुताबिक, ₹इस तकनीक का जापानी विकास, चीन की लगातार अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाने की वजह से लिया गया है।

## चीनी हाइपरसोनिक मिसाइल भी होगी फेल



**जापान बनाया नेक्स्ट जेनरेशन हथियार 'रेलगन'**

टिमोथी हीथ के मुताबिक, चीन के पास बैलिस्टिक और हाइपरसोनिक मिसाइलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जापान ने इसे बनाया है। ये देश जापान को निशाना बना सकते हैं।₹ हालांकि, पूर्व पीएलए प्रशिक्षक सोंग झोंगपिंग ने साउथ चायना मॉर्निंग पोस्ट से कहा कि ₹पारंपरिक तोपखाने की तुलना में, विद्युत चुम्बकीय बंदूक ₹लक्ष्यों पर हमला करने के लिए एक नए सिद्धांत का उपयोग करती है, और इसकी हमला करने की शक्ति और सटीकता काफी ज्यादा होती है।₹

### चीन समेत कई और देश इसे बनाने की कर रहे कोशिश

अगर जापान इस प्रकार का हथियार विकसित करता है और इसे तैनात करता है, तो इसका मतलब होगा कि जापान एक आक्रामक रणनीति को शुरू कर चुका है, जो अन्य देशों और क्षेत्र के लिए खतरा काफी गंभीर होगा। आपको बता दें कि जापान का रेल गन विकास कार्यक्रम 2016 में शुरू हुआ था। जबकि चीन समेत कई और देश इसे बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक बना नहीं पाए हैं। अमेरिकी नौसेना ने जहां थककर 2021 इस प्रोजेक्ट को छोड़ दिया था, वहीं चीन अभी भी रेलगन बनाने की कोशिश कर रहा है।



### रेलगन को क्यों कहा जाता भविष्य का हथियार?

रेलगन एक विद्युतचुंबकीय हथियार प्रणाली है, जो पारंपरिक विस्फोटकों के बजाय विद्युतचुंबकीय फोर्स का इस्तेमाल करता है। इसके जरिए वो प्रोजेक्टाइल को हाईस्पीड से दागती है। **JS Asuka** पर स्थापित यह प्रणाली 40 मिमी स्टील प्रोजेक्टाइल को लगभग 2,500 मीटर/सेकंड (लगभग 5,600 मील/घंटा) की गति से दागने में सक्षम है, जो ध्वनि की गति से लगभग 6.5 गुना तेज है। इसका वजन करीब 8 टन है और इसके बैरल की लंबाई 20 फीट है। इसके प्रोजेक्टाइल का वजन 320 ग्राम और स्पीड 2500 मीटर प्रति सेकंड है। ये लड़ाकू विमान और हाइपरसोनिक मिसाइलों को मार गिराने में सक्षम है।

## रोचक खबरें

## कढ़ाई में एक साथ बना डाली रोटी-सब्जी देसी जुगाड़ का वीडियो वायरल



सोशल मीडिया पर अक्सर देसी जुगाड़ के वीडियो वायरल होते रहते हैं। वीडियो देख यूजर्स हैरान हो जाते हैं। उन्हें समझ नहीं आता कि इस पर प्रतिक्रिया क्या दें, एक पल को वो हैरान हो जाते हैं। वहीं, दूसरे पल में उनकी हंसी निकल जाती है। वह वीडियो देख हंसी से लोटपोट हो जाते हैं। ऐसा ही एक वीडियो इनदिनों भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**रोटी और सब्जी दोनों एक साथ बना रहा :** वीडियो जिसे mr_umesh0018 नाम के यूजर्स ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है में दिखाया गया है कि एक शख्स एक ही कढ़ाई में एक ही समय पर रोटी और सब्जी दोनों बना रहा है। कढ़ाई जिसे आमतौर पर सब्जी बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है में शख्स रोटी भी पका रहा है। वो भी सब्जी के साथ ही।

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि शख्स ने कढ़ाई के अंदरूनी हिस्से को दो भाग में बांट रखा है। उसने गूंथे हुए आटे से कढ़ाई के अंदर एक पार्टिसन बना रखा है। एक तरफ वो आलू की सब्जी बना रहा है। वहीं, दूसरी तरफ वो रोटियां सेंक रहा है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया वीडियो देखते ही देखते वायरल हो गया। पोस्ट किए जाने के बाद से अब तक वीडियो को लाखों लोग देख चुके हैं। वीडियो को एक लाख से अधिक लोगों ने लाइक किया है।

### काश हमने ये पहले देखा होता

वीडियो पर टिप्पणी करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'सब्जी अगर लीक हुई तो रोटी पूरी बन जाएगी।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'गजब की टेक्नोलॉजी। इंडिया में कुछ भी हो सकता है।' तीसरे यूजर ने लिखा, 'दोस्तों ये टेक्नोलॉजी भारत से बाहर नहीं जानी चाहिए। पैसे और टाइम दोनों की बचत।' वहीं, एक अन्य यूजर ने कहा, 'एक पंथ, दो काज का सही उदाहरण।

## सेलिब्रेट

# आईपीएल में चीयरलीडर्स को एक मैच के लिए कितने पैसे मिलते हैं?

### एमआई, सीएसके या आरसीबी कौन सी टीम देती है सबसे ज्यादा रकम

**नई दिल्ली।** आईपीएल में चौके-छक्के पड़ें या कोई विकेट गिरे, किसी न किसी टीम के लिए सेलिब्रेशन का मौका बन ही जाता है। इस मौके को फैंस तो सेलिब्रेट करते हैं, साथ ही स्टेडियम में फायर क्रैकर्स के जरिए भी टीम का उत्साह नजर आता है। साथ ही हर एक टीम की चीयरलीडर्स भी अपनी टीम के लिए खुशी से नाचती नजर आती हैं। सभी टीम अपनी फ्रेंचाइजी के लिए चौके-छक्के सेलिब्रेट करने के लिए चीयरलीडर्स हायर करती हैं। मैच के दौरान दोनों टीमों के चीयरलीडर्स स्टेडियम में मौजूद होते हैं। बल्लेबाजी करने वाली टीम के चौके-छक्के पड़ते हैं तो उस टीम के चीयरलीडर्स खुशी से नाचने लगते हैं। वहीं अगर गेंदबाजी करने वाली टीम विकेट ले लेती है तो इस बात का सेलिब्रेशन चीयरलीडर्स के डांस मूव में नजर आता है।



### चीयरलीडर्स को मिलते हैं ये बेनिफिट्स

चीयरलीडर्स को सैलरी के अलावा भी एडिशनल बेनिफिट्स मिलते हैं। कुछ फ्रेंचाइजी टीम के जीतने पर या चीयरलीडर्स के परफॉर्मेंस पर एडिशनल बेनिफिट्स भी देती हैं। इसके अलावा चीयरलीडर्स के आने-जाने का खर्च और खाने-पीने का खर्च भी फ्रेंचाइजी ही उठाती हैं। चीयरलीडर्स की सैलरी के ये आंकड़े पिछले आईपीएल सीजन के मुताबिक हैं। आईपीएल 2025 के लिए चीयरलीडर्स की सैलरी में कुछ अंतर हो सकता है।

### चीयरलीडर्स को मिलते हैं कितने पैसे?


आईपीएलएसएन डॉट कॉम के मुताबिक, चीयरलीडर्स को एक मैच के लिए 12 हजार रुपये से लेकर 24 हजार रुपये तक मिलते हैं। चीयकलीडर्स की सैलरी में टीम के मुताबिक बदलाव देखने को मिलता है। कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी चीयरलीडर्स को सबसे ज्यादा सैलरी देती है। KKR चीयरलीडर्स को एक मैच के लिए करीब 24 हजार रुपये देती है।



### एक मैच के लिए 20 हजार

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। आरसीबी और एमआई अपनी टीम की चीयरलीडर्स को एक मैच के लिए करीब 20 हजार रुपये देती हैं। वहीं आईपीएल की बाकी टीमें चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) समेत सभी फ्रेंचाइजी अपनी टीम की चीयरलीडर्स को एक मैच के लिए 12 हजार रुपये से 17 हजार रुपये के बीच में देती हैं।

## सफेद घोड़े पर सवार होकर सजी धजी दुल्हन ने मारी एंट्री



शादी में दूल्हे के घोड़ी पर सवार होकर आना तो आम बात है। मम्मियां भी अपनी बेटियों को कहानियां सुनाती हैं कि सफेद घोड़ी पर होकर एकदिन तेरा राजकुमार आएगा और तुझे भी घोड़ी पर बैठा कर ले जाएगा। लेकिन अब जमाना बदल गया है। अब दुल्हन अलग-अलग तरीके से अपने राजकुमार के सामने एंट्री मारती है।

**दुल्हन की असाधारण एंट्री का वीडियो वायरल :** सोशल मीडिया पर इनदिनों एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सजी धजी दुल्हन खुद सफेद रंग के घोड़े पर एंट्री मारते दिख रही है। सोलह श्रृंगार कर दुल्हन घोड़ी पर बैठकर वेडिंग वेन्यू में एंट्री मारती है। दुल्हन के इस असाधारण एंट्री को देख रिश्तेदार और शादी में आए गेस्ट हैरान रह जाते हैं।

कुछ यूजर्स ने दुल्हन की असाधारण एंट्री की तारीफ की है, जबकि कुछ ने इसे ड्रामा बताया है। वीडियो पर टिप्पणी करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'ये देखना बाकी था कि लड़की अब घोड़े पर एंट्री मारेगी।' दूसरे यूजर ने कहा, 'हे भगवान, क्या ड्रामा मचा रखा है आजकल लोगों ने शादी के नाम पर।' तीसरे यूजर ने कहा, 'यह शास्त्र विरुद्ध है।

### यूजर्स, कहा – बड़े दुख के साथ हंसना पड़ रहा है

वीडियो जिसे सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर विक्रमपनवार नाम के यूजर ने शेयर किया है, देखते ही देखते वायरल हो गया। वीडियो को अब तक 60 हजार से अधिक यूजर लाइक कर चुके हैं। पोस्ट किए जाने के बाद से इसे अब तक हजारों लोगों ने देखा है। वीडियो के कमेंट सेक्शन में यूजर दो धड़ों में बंटे दिख रहे हैं।

## जानवरों से लड़ते थे रोमन ग्लेडिएटर्स... प्राचीन कब्रिस्तान से मिला योद्धा का कंकाल

लंदन। वैज्ञानिकों ने ब्रिटेन में एक दिलचस्प खोज की है। वैज्ञानिकों को इंग्लैंड के यॉर्क शहर में एक पुराना कब्रिस्तान मिला है। यह कब्रगाह 1,825 से 1,725 साल पुरानी है। इसमें एक युवक का कंकाल मिला है, जिसकी मौत के समय उम्र 26 से 35 साल के बीच रही होगी। उसके कंकाल पर किसी बड़े जानवर के काटने के निशान हैं।



वैज्ञानिकों का मानना है कि यह निशान शेर के काटने का है। इस खोज के आधार पर वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि रोमन साम्राज्य का प्रभाव ब्रिटेन तक फैला था। इससे यह भी पता चलता है कि उस समय ग्लैडिएटर्स (योद्धाओं) और जानवरों के बीच लड़ाई होती थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यॉर्क आर्कियोलॉजिकल ट्रस्ट के नेतृत्व में 2010 में इस कब्रगाह की खोज हुई थी। शुरुआत में वैज्ञानिकों को लगा कि युवक की पेल्विस यानी कूल्हे की हड्डी पर निशान किसी मांसाहारी जानवर के हैं। काफी लंबी जांच के बाद पता चला कि ये निशान शेर के काटने के हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क की मालिन होल्स्ट ने कहा कि इस खोज से पता चलता है कि कब्रगाह में दफन लोग ग्लैडिएटर्स थे, ये सैनिक या गुलाम नहीं थे।

## 34 हजार में खरीद लिया फर्स्ट वर्ल्ड वॉर के जहाज का मलबा

सोशल मीडिया पर कभी-कभी ऐसे सौदे हो जाते हैं जो सुनकर यकीन करना मुश्किल होता है। ऐसा ही कुछ हुआ ब्रिटेन के डॉम रॉबिन्सन के साथ, जिन्होंने सिर्फ 34 हजार रुपये (300 पाउंड) में एक वर्ल्ड वॉर-1 के डूबे हुए जहाज का मलबा खरीद लिया। जी हां, ये सौदा हुआ फेसबुक मार्केटप्लेस पर और जहाज भी कोई मामूली नहीं, बल्कि 330 फुट लंबा और 3,300 टन वजनी कार्गो शिप एसएस एलमंड ब्रांच था। ब्रिटेन के डॉम रॉबिन्सन को जहाजों से बचपन से लगाव रहा है। वो समुद्र में डूबे जहाजों की खोज करते हैं और खुद डाइविंग कर के उन्हें देखते हैं। एक दिन फेसबुक पर उन्हें एसएस एलमंड ब्रांच का विज्ञापन दिखा जो 1917 में जर्मन सबमरीन द्वारा डुबो दिया गया था। डॉम ने बिना देर किए 300 पाउंड देकर इसे खरीद लिया। डॉम कहते हैं, 'जब आप किसी डूबे जहाज में उतरते हैं और जानते हैं कि उसका मालिक आप हैं तो उसका अलग ही एहसास होता है।' वो बताते हैं कि उन्होंने पिछले कुछ सालों में करीब 20 से 25 शिपव्रेक खोज निकाले हैं और हर जहाज के पीछे एक अनोखी कहानी होती है। जहां डॉम इस खरीद से बेहद खुश हैं वहीं उनकी पत्नी सुजी का रिएक्शन बिल्कुल अलग था। डॉम ने मजाक में कहा, 'जब मैंने उसे बताया कि मैंने जहाज खरीद लिया है तो वो गुस्से से लाल हो गई। उसने इसे पैसे की बर्बादी कहा।'हालांकि डॉम को मलबे से पैसे कमाने की उम्मीद नहीं है, लेकिन वो एसएस एलमंड ब्रांच की घंटी ढूंढना चाहते हैं। उनका कहना है, 'अगर किसी को घंटी मिले, तो उसे सरकार के 'रिसीवर ऑफ व्रेक' को बताना होगा और मुझसे पूछा जाएगा कि क्या मैं उसे रखना चाहता हूं।



## प्लेन के अंदर होता है सीक्रेट कमरा, पर कभी नहीं आता नजर

**नई दिल्ली।** जब भी आप प्लेन में यात्रा करते होंगे, तो आपने हमेशा देखा होगा कि एयर होस्टेस पूरे वक्त या तो खड़ी रहती हैं, या फिर वॉशरूम के पास एक पतली सी सीट पर बैठे दिख जाती हैं। इसी प्रकार पायलट भी कॉकपिट के अंदर ही बैठते हैं। तो क्या आपने कभी सोचा है कि फ्लाइट के ये कर्मी आखिर आराम कैसे करते होंगे, खासकर तब, जब फ्लाइट लंबी दूरी की हो? इसके लिए वो प्लेन के अंदर मौजूद खुफिया कमरों का इस्तेमाल करते हैं। क्या आप जानते हैं कि ये कमरा कहां होता है और नजर में क्यों नहीं आता?

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार जो लंबी दूरी के प्लेन होते हैं, उनमें सीक्रेट रूम होते हैं। इन रूमों में कर्मचारी जाकर आराम कर सकते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि इन कमरों को आम यात्री नहीं देख सकते हैं।



### डेढ़ घंटे तक करती हैं आराम

एयर होस्टेस ने कहा कि ये कमरे काफी आरामदायक होते हैं, लेकिन अगर किसी का कद 6 फीट से ज्यादा होता है, तो उनके लिए इसमें फिट होना काफी मुश्किल होता है। हालांकि, कुछ एयरक्राफ्ट में बिस्तर नहीं होते. उनमें सिर्फ रिक्लायनर होते हैं, पर्दे लगे होते हैं। फिनएयर की एक फ्लाइट अटेंडेंट ने सीएनएन को बताया कि 6 घंटे से ज्यादा लंबी फ्लाइट में 10 पर्सेंट का वक्त कर्मियों के आराम के लिए होता है, जिसमें वो यात्रियों की समस्याओं का समाधान भी नहीं करती हैं, वो सिर्फ आराम करती हैं।

### खुफिया कमरे में करते हैं आराम

नए विमानों में ये बेडरूम मुख्य केबिन के ऊपर होता है वहीं पुराने प्लेनों में ये कॉकपिट के पास होता है। यूनाइटेड एयरलाइन्स फ्लाइट अटेंडेंट सुजैन कार ने सीएनएन से बात करते हुए कहा कि वो बोइंग 787, 777 और 767 विमान में आए दिन यात्रा करती हैं। एयर होस्टेस ने कहा कि कई बार यात्रियों को लगता है कि उन कमरों के दरवाजे असल में वॉशरूम के दरवाजे हैं, इसलिए वो अंदर जाने की कोशिश करते हैं पर फिर उन्हें वो सही रास्ता दिखा देती हैं।

## फिल्म

### लोग थियेटर में हो जाते थे बेहोश, करते थे उल्टियां, बाहर खड़ी रहती थी एंबुलेंस

# 50 सालों में नहीं बनी पाई इससे भयानक हारर मूवी, कई देशों में बैन

जब भी हॉरर फिल्मों की बात होती है, तो यह जॉनर सबसे रोमांचक माना जाता है। लोग डर का एक्सपीरियंस लेने के लिए हॉरर फिल्में देखते हैं, और हॉलीवुड इस जॉनर में काफी आगे रहा है। भारत में भी हॉलीवुड की हॉरर फिल्में खूब पसंद की जाती हैं। साउथ में जहां हॉरर-थ्रिलर फिल्में देखेन को मिलती हैं वहीं बॉलीवुड में हॉरर-कॉमेडी का चलन बढ़ा है। स्त्री, मुंज्या, रूही जैसी कई हॉरर-कॉमेडी फिल्मों ने अपना जलवा बॉक्स ऑफिस पर दिखाया है। लेकिन हॉरर फिल्मों के इतिहास में एक फिल्म ऐसी भी है, जिसे अब तक की सबसे डरावनी फिल्म माना जाता है और ये फिल्म एकलौती हॉरर मूवी है जिसे ऑस्कर अवार्ड भी मिला है। फिल्म का नाम है 'द एक्सोरसिस्ट' जिसे 1973 में रिलीज किया गया था। इसे हॉरर जॉनर की सबसे प्रभावशाली और खौफनाक फिल्मों में से एक माना जाता है। यह फिल्म इतनी डरावनी थी कि इसे कई देशों में बैन कर दिया गया था।




**ऑस्कर जीतने वाली हॉरर फिल्म 'द एक्सोरसिस्ट'**

'द एक्सोरसिस्ट' हॉरर जॉनर की पहली ऐसी फिल्म बनी जिसे ऑस्कर अवार्ड से नवाजा गया। इस फिल्म को कई कैटेगरी में नॉमिनेशन मिले थे और इसे **Best Adapted Screenplay** के लिए ऑस्कर दिया गया। यह हॉरर फिल्मों के लिए एक ऐतिहासिक पल था, क्योंकि आमतौर पर इस जॉनर की फिल्में ऑस्कर की दौड़ में कम ही शामिल होती हैं।

**कहां देख सकते हैं 'द एक्सोरसिस्ट' :** अगर आप असली हॉरर का एक्सपीरियंस लेना चाहते हैं तो 'द एक्सोरसिस्ट' जरूर देखें। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है, लेकिन इसे देखने के लिए आपको अलग से 119 रुपये का रेंट देना होगा, भले ही आपके पास प्राइम का सब्सक्रिप्शन हो। आप इसे यूट्यूब पर 120 रुपये में और एप्पल टीवी पर 129 रुपये में देख सकते हैं।

### सच्ची घटना पर आधारित है फिल्म 'द एक्सोरसिस्ट'

द एक्सोरसिस्ट विलियम पीटर ब्लैटी के नॉवेल पर आधारित है, जिसे उन्होंने खुद स्क्रिप्ट में तब्दील किया था। दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म एक सच्ची घटना से प्रेरित है। जब यह फिल्म रिलीज हुई, तो हॉलीवुड के मेकर्स को इसकी सफलता को लेकर शक था। इसलिए इसे पहले सिर्फ 25 सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। लेकिन फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और फिर इसे दुनियाभर में रिलीज किया गया। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है कि, द एक्सोरसिस्ट इतनी डरावनी थी कि इसे देखने के दौरान सिनेमा हॉल में कई दर्शकों की हालत बिगड़ गई थी।

## ऐसा मंदिर जहां भगवान के दर्शन की इजाजत नहीं



**देहरादून।** उत्तराखंड को देवभूमि यूं ही नहीं कहा जाता है। यहां हर पहाड़, नदी, मंदिर अपने आप में कोई न कोई रहस्य समेटे हुए है। उत्तराखंड में कई खूबसूरत हिल स्टेशन तो है ही साथ ही, यह राज्य देवों का भी स्थान है। देवभूमि में कई ऐसे मंदिर है, जो सालों से लोगों के बीच रहस्य बने हुए हैं। खासकर गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्रों में ऐसे कई मंदिर हैं जिनसे जुड़ी मान्यताएं लोगों को हैरान भी करती हैं और आस्था से जोड़ती भी हैं। आज हम बात कर रहे हैं गढ़वाल के चमोली जिले में स्थित एक बेहद रहस्यमयी मंदिर की, जिसे लाटू देवता का मंदिर कहा जाता है। इस मंदिर की खास बात ये है कि यहां कोई भी श्रद्धालु मंदिर के अंदर नहीं जा सकता न पुरुष, न महिला। यहां तक कि मंदिर के पुजारी भी आंखों और मुंह पर पट्टी बांधकर पूजा करते हैं।

### मंदिर का इतिहास

लाटू मंदिर उत्तराखंड के चमोली जिले में देवाल ब्लॉक के वांण गांव में स्थित है। इस मंदिर में लाटू देवता की पूजा होती है। ये जगह नंदा देवी राजजात यात्रा का एक अहम पड़ाव भी है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, लाटू देवता नंदा देवी के धर्म भाई हैं। दरअसल वांण गांव में हर 12 साल में बड़ी पैदल यात्रा होती है जिसे नंदा देवी राजजात कहा जाता है उसमें वांण गांव 12वां पड़ाव होता है और माना जाता है कि लाटू देवता खुद इस यात्रा में अपनी बहन नंदा देवी का स्वागत करने आते हैं और उन्हें हेमकुंड तक पहुंचाते हैं।

### साल में एक बार खुलते हैं कपाट

इस मंदिर की एक और विशेषता है कि इसके द्वार साल भर में केवल एक बार ही खुलते हैं। दरअसल, लाटू देवता मंदिर के कपाट वैशाख महीने की पूर्णिमा तिथि के दिन खुलते हैं। कपाट खुलते ही यहां श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ती है। लेकिन उस दिन भी कोई श्रद्धालु मंदिर के अंदर नहीं जा सकता। जब पुजारी मंदिर खोलते हैं तो वे अपने आंखों और मुंह पर पट्टी बांधते हैं।

### इस वजह से आंख पर पट्टी बांधकर की जाती है पूजा

लाटू मंदिर से जुड़ी सबसे बड़ी मान्यता यह है कि मंदिर के भीतर नागराज अपनी चमत्कारी मणि के साथ विराजमान हैं। इसे देख पाना किसी के बस की नहीं है। यह मणि इतनी तेज रोशनी छोड़ती है कि अगर कोई उसे देखे तो अंधा हो सकता है। यही वजह है कि पुजारी भी आंखों पर पट्टी बांधकर मंदिर में प्रवेश करते हैं। वहीं, मुंह पर पट्टी बांधने का कारण यह है कि पुजारी की सांस या कोई भी गंध नागराज तक न पहुंचे और उनकी विषैली गंध पुजारी को नुकसान न पहुंचाए। कहा जाता है कि अगर कोई इंसान इस मणि को छुड़ा दे, तो दुनिया का कल्याण हो सकता है। लेकिन अब तक ऐसा करना किसी के बस की बात नहीं रही है।

### राज्य सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

# हाईकोर्ट से अनाथ बच्चों को शिक्षा एवं रोजगार में आरक्षण देने की गुहार

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज। मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर अनाथ बच्चों को शिक्षा एवं रोजगार में आरक्षण देने की मांग की गई है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ के समक्ष राज्य सरकार ने बताया कि इस याचिका में उठाए गए मुद्दों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लंबित है। हाईकोर्ट ने सरकार को अगली सुनवाई तक सुको में लंबित प्रकरण का स्टेटस पेश करने के निर्देश दिए। यह बताने को कहा कि क्या इस याचिका मे उठाए गए मुद्दे सुको की याचिका के समान हैं। अगली सुनवाई 5 मई को होगी।**



जबलपुर में दिशा एजुकेशन एण्ड फाउंडेशन नामक संस्था के अध्यक्ष कैलास कुमार वासनिक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह, अखिलेश प्रजापति व जीएस उद्दे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य में अनाथ बच्चो, छात्रों को पृथक वर्ग मे रखते हुए उन्हें शिक्षा एवं रोजगार मे कम से कम 5 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए। दलील दी गई कि अनाथ छात्रों को दिल्ली विश्वविधलाय द्वारा प्रत्येक संकाय मे एडमीशन हेतु आरक्षण की व्यवस्था की गई है। महाराष्ट्र व उत्तराखंड राज्य ने ऐसे बच्चों को शिक्षा तथा रोजगार मे 5 फीसदी आरक्षण का कानून बनाया गया है। पिछले साल संसद में अनाथों को पृथक वर्ग घोषित कर आरक्षण देने का बिल प्रस्तुत किया गया है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 10 अगस्त 2022 को मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना बनाई गई है, जिसमें प्रतिमाह 4 हजार रुपए दिए जाने की व्यवस्था की गई है। मध्य प्रदेश सरकार से सूचना के अधिकार के तहत आनाथ बच्चो की संख्या तथा उनको शासन स्तर पर दिए जाने बाली सुविधाओं की जानकारी चाही गई थी। सरकार की ओर से बताया गया कि उनके पास आनाथ बच्चों का कोई अधिकृत डाटा उपलब्ध नहीं है। मांग की गई कि सुप्रीम कोर्ट की 7 जजो की संवैधानिक पीठ ने एक अगस्त 2024 को पंजाब राज्य के मामले में दिए फैसले के तहत मप्र में भी अनाथ बच्चों को शिक्षा तथा रोजगार मे कम से कम 5 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था दी जाए।

### कालोनी की खाली जमीन पर सरकारी विभागों ने किया अतिक्रमण

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने राज्य हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित कालोनी की खाली जमीन पर सरकारी विभागों के अतिक्रमण को गंभीरता से लिया। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की खण्डपीठ ने मामले में यथास्थिति बनाए रखने का अंतरिम आदेश पारित कर दिया। राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। जनहित याचिकाकर्ता भोपाल निवासी निसार खान की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि सार्वजनिक उपयोग के लिए खाली जमीन पर नगर निगम, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अतिक्रमण कर कार्यालय खोल लिए गए हैं। नगर निगम भोपाल के द्वारा वेस्ट डम एरिया बनाने की तैयार कर रहा है। मप्र हाउसिंग बोर्ड के द्वारा ऐशबाग एरिया में कालोनी बनाई गई थी, जिसे बाद में नगर निगम को स्थानांतरित कर दिया गया था। हाउसिंग बोर्ड ने एमआइजी श्रेणी के मकानों वाले क्षेत्र में लगभग 12 हजार वर्ग फीट जमीन को सार्वजनिक उपयोग हेतु खुला छोडा गया था।

### मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से दो कार्मिक आज होंगे सेवानिवृत्त

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से एक अधिकारी एवं एक कर्मचारी 29 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।



**चन्द्रमणी प्रसाद सिंह-** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) पन्ना चन्द्रमणी प्रसाद सिंह, 29 अप्रैल 2025 को 36 वर्ष 08 माह की निष्ठापूर्वक सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वह कंपनी के विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे हैं।



**श्रीमती प्रियंका नाईक-** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) में कार्यालय सहायक श्रेणी तीन के पद पर पदस्थ श्रीमती प्रियंका नाईक, 29 अप्रैल 2025 को 32 वर्ष 08 माह की निष्ठापूर्वक सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हो रही हैं। कंपनी प्रबंधन ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# मां नर्मदा की शुद्धि के लिए श्री शिव समाराधन महायज 1 मई से

### अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास इंदेश उपाध्याय भी करेंगे श्रीमद भागवत कथा का वाचन



**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज**। विश्व स्तर पर बढ़ता प्रदूषण प्राणी मात्र के लिए अतिघातक होता जा रहा है। पर्यावरण की रक्षा के बिना प्राणियों के प्राणों की रक्षा संभव नहीं है। पंच तत्वी पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश से ही शरीर का निर्माण हुआ है। इसलिए इन पंघ तत्वी शुद्धि आवश्यक है। यही के अनुष्ठान से पंच तत्वों की शुद्धि होती है और पर्यावरण प्रदूषण मुक्त होता है। इन्हीं तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुये जबलपुर की पाटन तहसील के प्रसिद्ध तीर्थ भवई धाम में पवई सरकार श्री हनुमान जी की प्रेरणा एवं कृपा से उनके ही सान्निध्य में श्री शिवतमारधन नहायज का अनुष्ठान 1 मई से 7 गई 2025 तक किया जा रहा है। महायज में वृंदावन से पधारे अंतराष्ट्रीय कथावाचक पूज्य श्री इंदेश उपाध्याय जी के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का पावन रस सुधी श्रोताओ को प्राप्त होगा। प्रतिदिन प्रातः 8 से 11 बजे तक श्री शिव समाराधन महायज हवन एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा होगी। स्वामी महेन्द्रानंद महाराज ने बताया कि मां नर्मदा प्रदूषण मुक्ति आंदोलन के चतुर्थ अधिवेशन के संदर्भ में श्री शिव समाराधन महायज्ञ का आयोजन कया जा रहा है। महायज का उद्देश्य मा नर्मदा को प्रदूषण से बचाना है। इसके लिए जन जागरण किया जाएगा। जिसमे म.प्र शासन के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. श्री मोहन यादव जी मंत्रीगण एवं सांसद तथा विधायकगण भी उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।

**पाटन तहसील के परम धाम तीर्थ में होगा भव्य और दिव्य आयोजन**

समायोजक स्वामी श्री महेन्द्रानंद जी महाराज ने आयोजन समिति का गठन किया है। इसमें विदुषी ऋचा गोस्वामी (कार्यवाहक तमायोजक), विधायक अजय विश्नोई को आयोजन का परमाध्यक्ष, बलराम यादव को सम्पूर्ण आयोजन का प्रमुख प्रभारी, हर कृष्ण पचौरी को अध्यक्ष, सर्वेश पटेल जो मुख्य यजमान (कथा), श्यानमनोहर पचौरी मुख्य यज यजमान एवं (कोषाध्यक्ष), जितेंद्र पचौरी (आयोजक प्रवक्ता), मदन मोहन पचौरी (मंच प्रबंधक), नवनीत माहेश्वरी एवं बाल युवा प्रकोष्ठ से आमट्य पचौरी विशेष रूप से शामिल है।

# डॉ. हरिशंकर प्रताप सिंह चंदेल को मिला बेस्ट प्रेजेंटर अवॉर्ड




**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज**। शहर के चिकित्सकों ने दक्षिण कोरिया के सियोल में 23 से 26 अप्रैल तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्डियोलॉजी कॉन्फ्रेंस (टीसीटीएपी-2025) में सहभागिता करते हुए जबलपुर को गौरवान्वित किया। उल्लेखनीय है कि यह कॉन्फ्रेंस दुनिया की चार बड़ी कार्डियो कॉन्फ्रेंस में से एक है। इसमें देश दुनिया से करीब 5 हजार विशेषज्ञों ने सहभागिता की। कार्डियो कॉन्फ्रेंस में शहर के गैलेक्सी एवं आदित्य हॉस्पिटल के डायरेक्टर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. हरिशंकर प्रताप सिंह चंदेल को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतकर्ता चुना गया। डॉ. चंदेल ने बताया कि उन्होंने कॉन्फ्रेंस में इंडोवस्कुलर प्रोसिजर से जुड़ा केस प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने इनोवेटिव ट्रीटमेंट से मरीज की जान बचाने से जुड़ा प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि एक मरीज को ट्रॉमा के चलते किडनी आर्टरी में फ़शिचुला की समस्या हो गई थी। उसके यूरिन में लगातार ब्लड आ रहा था, जिसके कारण वो लो बीपी के साथ आदित्य हॉस्पिटल में भर्ती हुआ । ऐसे में उसकी जान को खतरा था। इस इमरजेंसी में हमने सूझबूझ के साथ परिस्थिति का सामना किया। हमने प्रोसिजर को इनोवेटिव तरीके से पूरा किया। इस तरह मरीज को नई जिंदगी मिली।



### यूपीएससी में चयनित होने पर कु. शिवानी तिवारी सम्मानित

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज**। महिला शक्ति द्वारा संस्कार सिटी सूरतलाई में जबलपुर की बिटिया कु. शिवानी तिवारी का UPSC में चयन होने पर उसका भव्य स्वागत क्राईम इन्फारमेशन ब्यूरो महिला सेल श्रीमति सुजीता मिश्रा एवं संस्कार सिटी की महिलाओं द्वारा किया गया। आज इस कार्यक्रम में महिलाओं ने यह संकल्प लिया कि 'बेटी पढ़ाओं, बेटी बढ़ाओं' एवं समाज में महिला शक्ति के योगदान को प्रोत्साहित करने का दृढ़ निश्चय किया। आज बेटी कु. शिवानी तिवारी के इस गौरवपूर्ण कार्य हेतु उनके पिता सतीश तिवारी को भी सम्मानित किया गया एवं विशेष भूमिका हेतु उनकी माता सरिता तिवारी को पुष्पगुच्छ एवं महिलाशक्ति की ओर से उनके इस समर्पण और त्याग के लिये बहुत बहुत आभार दिया गया। आज एक मां के अनुशासन, त्याग एवं परिश्रम को नमन है।

### अग्रवाल सभा की कार्यकारिणी गठित

**जबलपुर**। जबलपुर अग्रवाल सभा की सत्र 2025-28 की कार्यकारिणी की बैठक श्री अग्रसेन कल्याण मंडपम, श्री महाराजा अग्रसेन वार्ड, विजयनगर में अध्यक्ष राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रचार प्रकाशन सचिव अमित अग्रवाल ने बताया बैठक में स्क्रीनिंग समिति वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश अग्रवाल, शिक्षा सहायता उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, संविधान संशोधन रूपेश अग्रवाल, स्वास्थ्य चिकित्सा अमित अग्रवाल संयोजक नियुक्त किए गए। महिला उपाध्यक्ष श्रीमति पूजा रूपेश अग्रवाल एवं उपसचिव श्रीमति स्वीटी अग्रवाल ने समर कैंप 13 मई से 25 मई तक आयोजित करने की जानकारी दी। सचिव रीतेश अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं पहलगाम में शहीद हुए भारतीयों को श्रद्धांजलि दी। स्वल्पाहार की व्यवस्था अध्यक्ष राजेश अग्रवाल द्वारा की गई। बैठक में रामबाबू, गोविंद, कंछेदी, रुपेश, धीरज, अनूप, विवेक रिंकू, के.के अग्रवाल, ज्ञानेश्वर, शैलेष, अभिषेक, राखी, सुषमा, रश्मि उपस्थित थे।



### हाजियों ने हासिल की सफर-ए-हज की मालूमात

#### गोहलपुर मोमिन ईदगाह के हज ट्रेनिंग कैम्प में हाजियों को नसीहत

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज**। मोमिन ईदगाह, गोहलपुर, जबलपुर में हज 2025 के जबलपुर से जाने वाले आज़मीने हज के लिए एक दिवसीय विशेष तरबियती व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। हज इस्लाम का एक अहम फर्ज है, जिसकी अदायगी सही इल्म और अमल के साथ जरूरी है। प्रशिक्षण से आज़मीने हज सफर-ए-हज की तैयारी, अरकान की सही तरतीब और शरई मसाइल से वाकिफ होते हैं। यह अमली और रूहानी तौर पर हज को मुकम्मल और पूरा करने में मदद करता है। प्रशिक्षण शिविर की सदारत अंसारी समाज के अध्यक्ष सरदार हकीम बाबा, हाजी जमील सर, हाजी साबिर सरदार, सगीर सरदार, जुम्मन खलीफा, सगीर फ़रोग और गुलाम रसूल ने की। शिविर का आगाज तिलावते-क़ुरआन पाक, नाते-रसूल पाक और लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैक की बुलंद आवाजों के साथ किया गया, जिसने पूरे माहौल को रूहानी बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप सरदार इरशाद अंसारी, खलील अंसारी, सरदार अख्तर अंसारी, वकील अंसारी, शफीक हीरा, कलीम खान, मुकीमा अंसारी, मुस्तफा कामरेड, शेख निजामी, गुलाम सरवर, फरीद सब्जी, अकील अंसारी, सगीर बम्बईया, निसार अहमद निसार, हाजी फिरोज़ बाबा, रशीद हिना, अफजाल रहमानी, कमरूल हक, इरफान मालगुजार, शकील अंसारी, मुख्तार अंसारी आदि उपस्थित थे।

### डॉ. भीमराव आम्बेडकर कीर्ति स्तंभ दीनदयाल बस स्टैंड में बनवाने सांसद से की मांग

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड की पार्षद मोनिका पुष्पेंद्र सिंह के द्वारा डॉ. भीमराव आम्बेडकर बाबा साहब का कीर्ति स्तंभ बनवाने 26/04/2025 को जबलपुर लोकसभा के सांसद आशीष दुबे को पत्र प्रेषित किया गया। मांग की गई कि आईएसबीटी बस स्टैंड के सामने स्थित गार्डन में संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आम्बेडकर का कीर्ति स्तंभ बनवाया जाए। मांग पत्र पर ध्यान देते हुए सांसद आशीष दुबे ने अपनी सहमति जताई एवं अच्छी पहल की सराहना की। मांग पत्र के दौरान भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर, भाजपा नेता पुष्पेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष योगेश बिलोहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष टिकेंद्र यादव मौजूद रहे।

### पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को HUDCO का राष्ट्रीय सम्मान



#### प्रबंध संचालक को सौंपा गया पुरस्कार

जबलपुर, हरिभूमि न्यूज। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को ऊर्जा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (**HUDCO**) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। **HUDCO** के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिनाँक 25.04.25 को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में कंपनी को यह प्रतिष्ठित अवार्ड प्रदान किया गया। कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक कार्य संजय भागवतकर द्वारा अवार्ड प्राप्त किया गया, तत्पश्चात यह पुरस्कार पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी को ससम्मान सौंपा गया।

इस अवसर पर श्री द्विवेदी ने पुरस्कार को अधिकारियों और कर्मचारियों को समर्पित करते हुए उनके उत्कृष्ट कार्य, सेवा एवं समर्पण के प्रति प्रतिबद्धता को सराहा। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार पूर्व क्षेत्र कंपनी के ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों का प्रमाण है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (मा.संसा. एवं प्रशा.) श्रीमती नीता राठौर, प्रमुख (कंप्यूटर पद्धति एवं संचलन) अरविंद सक्सेना, मुख्य वित्तीय अधिकारी विक्रम भास्कर, महाप्रबंधक (स्थापना) आर.सी. साहू उपस्थित रहे। पुरस्कार प्राप्ति पर कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्ष और गर्व व्याप्त है। श्री द्विवेदी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस सम्मान हेतु बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।



### सखी सहेली ग्रुप ने की सुहागन पूजन

**जबलपुर**। बल्देवबाग कालोनी में सखी सहेली किटी ग्रुप ने शिव सक्ति मंदिर में सुहागन पूजन कर मां का आशीर्वाद लिया। जिसमें अध्यक्ष श्रीमति आभा तिवारी और सखियों में मंगला, साधना, रानी, पूनम, अर्णिका, विभा, प्रियंका, रिशिका रजनी, विनीता, पूनम, रोशनी, दीपा, नेहा, निधि, स्वेता, कोमल, रिशिका, लेकिशा तिवारी, परी, यशी, चंचल, प्रमिला, रश्मि, अम्बिका, ऊषा, शारदा, पूनम केसरवानी, प्रग्या आदि रही।



### अधीक्षण अभियंता पसरीचा आज होंगे सेवानिवृत्त

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज**। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के अधीक्षण अभियंता सिविल जसवंत सिंह पसरीचा 40 वर्षों की सेवा के उपरांत आज 29 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

# गुर्दे के कैंसर की सफल सर्जरी से मरीज को मिली नई जिंदगी



**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज**। सतना निवासी 72 वर्षीय यशवेंद्र प्रसाद गौतम की एक नियमित जांच के दौरान गुर्दे में कैंसर की जानकारी मिली। उनकी सीटी स्कैन रिपोर्ट में 3 सेमी के गुर्दे के ट्यूमर की पुष्टि हुई। जिसके बाद उन्हें जबलपुर के शैल्बी मल्टीस्पेशलटी हॉस्पिटल के मूत्र रोग विभाग में सर्जरी के लिए भर्ती किया गया जहाँ डॉ. अनूप जैन डॉ. इशान मर्चेंट की टीम द्वारा (लैप्रोस्कोपिक असिस्टेड ओपन पार्शियल नेफ्रेक्टॉमी) नामक सफल सर्जरी की गयी । इस प्रक्रिया में ट्यूमर को हटा कर गुर्दे को सुरक्षित रखा गया, जिससे मरीज की जान बचाई गयी तथा नई जिंदगी जीने के लिए उसे प्रेरित किया गया।

सर्जरी के बाद यशवेंद्र प्रसाद गौतम पूरी तरह से कैंसर मुक्त हो गए हैं। उनकी किडनी सुरक्षित है और वे स्वस्थ हैं। समय पर इलाज न होने पर पूरे गुर्दे को हटाना पड़ सकता था।

शैल्बी मल्टीस्पेशलटी हॉस्पिटल द्वारा इस विशेष सर्जरी के उपरांत दोनों मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अनूप जैन एवं डॉ. इशान मर्चेंट द्वारा मरीज को एवं उनके रिश्तेदारो को बधाई दी गयी साथ ही हॉस्पिटल के ओ.टी. टीम द्वारा किये गए अथक प्रयासों के लिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर शोभायात्रा आज

## मालवीय चौक से कोतवाली तक झांकियों के साथ निकलेगा जुलूस

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज। भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर ब्राह्मण एकता मंच द्वारा 29 अप्रैल मंगलवार को शाम 5 बजे मालवीय चौक से कोतवाली तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। पिछले कई वर्षो से यह आयोजन किया जा रहा है। ब्राह्मण शिरोमणि पंडित वासुदेव शास्त्री, पंडित योगेंद्र दुबे, पंडित राम दुबे और ब्राह्मण एकता मंच के पंडित कपिल देव, वीरेंद्र चौबे ने बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी ब्राह्मण एकता मंच द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया की पूर्व संध्या 29 अप्रैल मंगलवार शाम 5 बजे विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है।**



यह विशाल शोभायात्रा मालवीय चौक से दोपहर 5 बजे प्रारंभ होगी एवं सतना बिल्डिंग लार्डगंज, घमंडी चौक, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा होकर कोतवाली थाने के समक्ष समापन होगी। शोभायात्रा मे हजारों की संख्या में विप्रजन पैदल चलेंगे। इस शोभायात्रा का प्रारंभ भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा के पूजन से होगा, तत्पश्चात प्रतिष्ठित धर्माचार्य, संत एवं मनीषी, बग्घियों में विराजमान होकर शोभायात्रा का नेतृत्व करेंगे। शोभायात्रा में जीवंत झांकी, घोड़े, बग्घी, ढोल, रथ, बैंडदल, चलित गायन समूह, बटुक, महिलाएं, बच्चें एवं समाज के प्रतिष्ठित जनों के साथ ही साथ जन प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। इस शोभायात्रा का स्वागत यात्रा मार्ग में अनेक स्थानों पर किया जाएगा। शोभायात्रा में देश के प्रतिष्ठित धर्माचार्य, प्रसिद्ध संतजन, नगर पंडित सभा, विप्र समाज के सभी संगठनों के प्रतिनिधि, विधायक, पार्षद, महिला संगठनों की प्रतिनिधि, समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रतिनिधि, व्यापारी, उद्योगपति, खेल जगत, शिक्षा जगत, चिंतक, विचारक एवं सामान्य जन रहेंगे। समापन स्थल कोतवाली थाने के समक्ष स्नेह भोज होगा। शोभायात्रा के समापन पर विप्र समाज की मातृशक्ति सहित शामिल समस्तजनों हेतु विशाल स्नेह भोज प्रसाद स्वरुप रहेगा। इस अवसर पर सासंद आशीष दुबे, विधायक इंदु तिवारी, विधायक डॉ.अभिलाष पांडे, श्रीमति गीता तिवारी, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पार्षद अयोध्या तिवारी, विनोद शर्मा, अटल उपाध्याय, आलोक अग्निहोत्री, मथुरा चौबे, विनोद दुबे, संतोष दुबे, गणेश पांडे, अनुराग गौतम, आदित्य गौतम, अनिकेत तिवारी, पंडित बसंत पांडे इंद्र कुमार पांडे के द्वारा जिसमें चंद्रमा पांडे रामचरण तिवारी कृष्ण कुमार पांडे जय राम जोशी सुमित द्विवेदी, पंडित सुजीत अवस्थी, डॉक्टर कल्पना मिश्रा, अखिलेश तिवारी, गौरी शंकर दुबे, नारायण दुबे पंडित अनिल दुबे कृष्ण कांति पांडे मंजू दुबे श्रीमती निशा दुबे, नीतू दुबे, शिवानी दुबे आदि ने सभी विप्रजनों से सभी से उपस्थित का आग्रह किया है साथ ही अपील की गई है कि घर घर पांच दिए जलाए और तोरण द्वार सजाए। गौरतलब है कि भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा में न केवल विप्रजन बल्कि सभी समाजों के प्रतिष्ठित जन शामिल होकर समरसता और श्रद्धा का भाव व्यक्त करते हैं।

### मजदूर दिवस पर बैंक मित्र करेंगे विरोध प्रर्दशन

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज**। मध्यप्रदेश बैंक मित्र संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रजत कुमार शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश के सभी बैंक मित्र 1 मई 2025 अंर्तराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपक्ष्य में एक दिन काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन करेंगें। संगठन ने भारतीय रिजर्व बैंक नई दिल्ली एवं भारतीय रिजर्व बैंक के भोपाल स्थित कार्यायल एवं समस्त राष्ट्रीयकृत बैंको के आंचलिक कार्यालयों को मेल एंव डॉक के माध्यम से अपनी समस्याओं से अवगत कराया हैं। यदि एक सप्ताह के अंदर कोई उचित कार्यवाही नहीं की जाती है तो मध्यप्रदेश के सभी बैंक मित्र काली पट्टी बांध कर विरोध प्रर्दशन करेंगें। जबलपुर कॉर्डिनेटर मूर्ति नामदेव ने बताया कि बैंक मित्रों को बैंको एवं कंपनियों के द्वारा जबरन बीमा करने के लिए दवाव बनाया जाता है तथा लक्ष्य की पूर्ति नहीं करने पर आई बंद कर दी जाती है। इस तरह बैंक मित्रों को कभी भी बेरोजगार कर दिया जाता है जिससे सभी मानसिक रूप से परेशान है। अब सभी बैंकों के बैंक मित्रों का उक्त संगठन ट्रेड यूनियन में पंजीकृत हो गया है जो बैंक मित्रों के हितो के लिए लगातार अपनी लड़ाई लड़ रहा है।

इन्दौर ब्रिलियंट कन्वेशन सेन्टर में सीएम डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से कहा

# टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 केवल निवेश का मंच नहीं, बल्कि विचार मंथन, नीति-निर्माण और भविष्य की दिशा तय करने का है अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 का समापन एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में हो रहा है। यह केवल निवेश का मंच नहीं था, बल्कि एक विचार-मंथन, नीति-निर्माण और भविष्य की दिशा तय करने का अवसर था। मप्र की यह यात्रा यहीं नहीं रुकेगी। हम निवेशकों के विश्वास को मजबूती देंगे, नई नीतियां लागू करेंगे, आधारभूत संरचना को और सशक्त करेंगे, और प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि मप्र आत्मनिर्भर भारत के विकास पथ का ध्वजवाहक बने। यह टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात रविवार को इन्दौर ब्रिलियंट कन्वेशन सेन्टर में आयोजित टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 में कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को हम 'विकसित मप्र' से साकार करेंगे और उनके विजन-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में मध्यप्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा। टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 का समापन केवल एक आयोजन का अंत नहीं, बल्कि यह उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 की एक सफल शुरुआत है, जो मप्र को निवेश, नवाचार और अवसरों की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। इस वर्ष, हम नए रोजगार सृजन के लिए प्रयास करेंगे। तकनीकी परक नीतियों को और अधिक सशक्त बनाएंगे। औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर को विश्वस्तरीय बनाएंगे। ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को सर्वोत्कृष्ट बनाएंगे।

कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री की 19 निवेशकों से वन-टू-वन मीटिंग हुई



## औद्योगिक सेक्टर में कुल 452.95 करोड़ के निवेश वाली परियोजना श्रृंखला की घोषणा

औद्योगिक सेक्टर में कुल 452.95 करोड़ रुपए के निवेश वाली एक सशक्त परियोजना श्रृंखला की घोषणा हुई है। इससे हेवी इंजीनियरिंग, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स, फर्नीचर, फूड प्रोसेसिंग, मेडिकल डिवाइसेज और ऑटो कंपोनेंट्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में 2,049 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। इनमें से छह परियोजनाओं का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ है, जिसमें 195.5 करोड़ रुपए का निवेश संभावित है। इन परियोजनाओं से 1,200 नवीन रोजगार का सृजन होगा। पांच नई औद्योगिक इकाइयों का उद्घाटन हुआ है, जिसमें 32.4 करोड़ रुपए का निवेश और 214 नए रोजगार का सृजन हुआ है। इसके साथ ही पांच उभरते उद्यमों के लिए 225.05 करोड़ रुपए के निवेश के साथ 635 नए रोजगार सृजन के लिए आवंटन पत्र जारी किए गए हैं। जिसमें पीपीपी मोड पर इंदौर के आईटी पार्क (परदेशीपुरा) में आईटी टावर, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर हेतु ऑप्टिकल फाइबर, भोपाल, इंदौर एवं जबलपुर में स्थापित होने वाली 8 कंपनियों को कुल 12 आवंटन पत्र जारी किए गए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉन्क्लेव के दौरान 19 निवेशकों से वन-टू-वन मीटिंग हुई।

### भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान क्षेत्रीय केंद्र

भोपाल/इंदौर में आईआईसीटी के क्षेत्रीय केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जो डिजिटल नवाचार, रचनात्मक शिक्षा और स्किल डवलपमेंट के लिए एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म उपलब्ध कराते हैं। एमपीएसईडीसी में निवेश प्रोत्साहन के लिए नई संगठनात्मक संरचना इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर के प्रमुख आईटी पार्कों में चार नए सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं ताकि क्षेत्रीय स्तर पर निवेशकों को सहायता और नीति क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

### भोपाल में आईटी पार्क टॉवर

भोपाल में लगभग 3 लाख वर्ग फुट लीज़ योग्य कार्यक्षेत्र के साथ 125 करोड़ रुपए के निवेश से एक नया आईटी टॉवर प्रस्तावित है, जो तकनीकी उद्यमों को बूस्ट देगा। नीति दिशा-निर्देश और प्रोत्साहन पोर्टल यानी निवेशकों को एकीकृत सुविधा देने के लिए प्रोत्साहन पोर्टल लॉन्च किया जा रहा है। इसके तहत निम्नलिखित नीतियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके तहत एमपी जीसीसी नीति-2025, एमपी सेमीकंडक्टर नीति-2025, एमपी एवीजीसी-एक्सआर नीति-2025, एमपी ड्रोन प्रोत्साहन और उपयोग नीति-2025 के तहत उद्यमियों को लाभ मिलेगा।

### दृष्टि आईआईटीआई इनक्यूबेशन सेंटर

सिन्हासा आईटी पार्क इंदौर में 10,248 वर्ग फुट में 120-सीटर स्टार्टअप स्पेस का निर्माण किया जाएगा, जो प्रदेश के स्टार्टअप्स को नई ऊंचाइयों पर पहुचने का कार्य करेगा। इस प्रोजेक्ट का अनुमानित निवेश लगभग 7 करोड़ रुपए है जो लगभग 120 स्टार्टअप्स कंपनियों के लिए पर्याप्त होगा।

### एमपी-सीईआरटी साइबर सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र

*एमपी-सीईआरटी के अंतर्गत राज्य में साइबर सुरक्षा हेतु उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया गया है। यह केंद्र अनुसंधान, प्रशिक्षण, साइबर खतरों की जानकारी और नीति समर्थन पर केंद्रित होगा, जिससे सरकारी एजेंसियों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को सशक्त किया जा सके।*

### बंदीखेड़ी, बैरसिया में ईएमसी 2.0—इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित होगा

*भोपाल के बंदीखेड़ी, बैरसिया में 209.47 एकड़ में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित किया जा रहा है, जो 1,500 करोड़ रुपए से अधिक का निजी निवेश आकर्षित करने और 75,000+ नौकरियां (30,000 प्रत्यक्ष और 45,000 अप्रत्यक्ष) सृजित करने का लक्ष्य रखता है।*

### कॉन्क्लेव में की गई प्रमुख घोषणाएं

कॉन्क्लेव में स्पेसटेक एवं नवाचार नीति लॉन्च की है, जिसका उद्देश्य राज्य को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और वाणिज्यिक अंतरिक्ष उद्यमों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है। यह नीति नवाचार, उद्यमशीलता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगी।

सम्मेलन में केंद्र के समान डीए देने घोषणा करने पर मुख्यमंत्री का माना आभार

# राजपत्रित अधिकारी संघ ने कहाः मुख्यमंत्री कर्मचारी हितैषी, कर्मचारियों की मांगों का कर रहे समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ का प्रांतीय सम्मेलन रविवार को नार्मदीय भवन तुलसी नगर में आयोजित किया गया। संघ के प्रांताध्यक्ष डीके यादव ने बताया कि प्रांतीय सम्मेलन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मुख्य आतिथ्य के रूप में शामिल हुए। डीके यादव ने बताया कि सम्मेलन में संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का सम्मान कर केंद्र के समान 55 प्रतिशत डीए देने की घोषणा करने पर आभार व्यक्त किया। डीके यादव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कर्मचारी हितैषी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लगातार कर्मचारी-अधिकारियों की लंबित समस्याओं और मांगों का निराकरण कर रहे है। कर्मचारियों के दर्द को समझकर ही उन्होंने नौ साल से पदोन्नति पर लगी रोक को हटा कर केंद्र के सामान 55 प्रतिशत डीए के साथ एरियस भी देने की घोषणा की। सम्मेलन में संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी समान रूप से पिछली तिथि से पांच प्रतिशत महंगाई राहत देने की मांग की है।

**नार्मदीय भवन तुलसी नगर में मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन**



### 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति में हो संशोधन



*संविदा महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने राजपत्रित संघ के प्रांतीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री का स्वागत कर नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर संविदा कर्मचारियों के संबंध में चर्चा की। रमेश राठौर ने मुख्यमंत्री से संविदा नीति 22 जुलाई 2023 में संशोधन करने तथा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार संविदा कर्मचारियों के नियमिति करने की मांग की।*

## सम्मेलन में मांग-पत्र पर चर्चा कर बनाई रणनीति

सम्मेलन में राजपत्रित अधिकारी संघ की मांगों पर प्रदेश भर से आए प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श कर उनके निकाकरण की रणनीति बनाई। मांग पत्र में राजस्व विभाग अनुसार समस्त राजपत्रित अधिकारियों को वेतनमान एवं पदनाम, सामाजिक सुरक्षा-दायित्व को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन योजना को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना, समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को आयुषमान कार्ड की तर्ज पर 10 लाख तक का केश-लेश चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने आदि मांगें शामिल है।

### डीए की बढ़ोतरी के साथ एरियर की सौगात

शासकीय कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय ने



महंगाई भत्ते में पांच प्रतिशत की वृद्धि कर 55 प्रतिशत करने की घोषणा का स्वागत कर मुख्यमंत्री का आभार माना है। मुख्यमंत्री ने न केवल पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया गया है, बल्कि जुलाई 2024 से अप्रैल 2025 तक का एरियर देकर कर्मचारियों को दो गुनी खुशी दी। मुख्यमंत्री की घोषणा से प्रदेश के कर्मचारियों को 775 रुपए से लेकर 7500 रुपए तक का सीधा लाभ मिलेगा।

पीएम मोदी बाबा साहेब के विकसित भारत के संकल्प का क्रियान्वयन कर रहेः भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान समारोह को किया संबोधित

# डॉ. आंबेडकर ने देश में समतामूलक समाज निर्माण के लिए गुरू की भूमिका निभाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश में समतामूलक समाज के निर्माण के लिए गुरू की भूमिका निभाई और देश की आजादी को अमर, अखंड और अक्षुण्ण रखने का आधार बनाया। एक हजार साल की गुलामी के दौर से गुजरे देश में, गुलामी के कारणों को खोजने और उन कारणों का प्रभावी समाधान देने में बाबा साहेब का महत्वपूर्ण योगदान है।

आरक्षण की व्यवस्था को संवैधानिक आधार प्रदान कर डॉ. आंबेडकर ने देश में समानता के भाव का विस्तार किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यूथ कॉन्क्लेव में श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय में आयोजित डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर सांसद विष्णुदत्त शर्मा, सांसद देवास महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक भगवानदास सबनानी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को डिक्की के मप्र चैप्टर प्रमुख अनिल सिरवैया ने सोशल जस्टिस पत्र की प्रति भेंट की। मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। मुदित शैजवार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।



### भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य बाबा साहेब आंबेडकर ने कियाः शर्मा

*कार्यक्रम में सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर ने किया। प्रधानमंत्री मोदी उनके विकसित भारत के संकल्प का क्रियान्वयन कर रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया।*

### देश में सभी वर्गों को प्रगति के समान अवसर मिलेः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि डॉ. आंबेडकर की ओर से स्थापित व्यवस्था के परिणामस्वरूप ही देश में सभी वर्गों को प्रगति के समान अवसर मिले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि किसान-मजदूर सहित अन्य कठिन और संघर्षपूर्ण परिस्थिति में रह रहे परिवारों से आए व्यक्तियों को देश का नेतृत्व करने सहित महत्वपूर्ण पदों से व्यवस्था संचालन के अवसर प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों की महत्ता को स्वीकारते हुए उनकी जन्म स्थली महू पर विश्वविद्यालय स्थापित किया गया। प्रधानमंत्री की पहल पर नई शिक्षा नीति में डॉ. आंबेडकर को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है और उनके विचारों पर शोध को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### भीषण सड़क हादसे में युवक-युवती की मौत

दुर्ग। जिले में सड़क हादसे में मौतों का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में एक तेज रफ्तार कार बिजली पोल से जा टकराई। जिसमें सवार दो लोगों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक हो गई। हादसे की जानकारी लगाते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों के शव को पीएम के लिए भेजवाकर जांच में जुट गई है। भिलाई के स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के अवंती बाई चौक में सुबह एक तेज रफ्तार कार बिजली पोल से टकराई।

## राशिफल

**मेष** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि

**कर्क** अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

*5 किलो चावल + 3 लीटर तेल सिर्फ रु. 799 में*

## भारत- स्मार्ट बाजार की 'फुल पैसा वसूल सेल' शुरू

एजेंसी ⏭ मुंबई

तैयार हो जाइए, भारत- स्मार्ट बाज़ार की फुल पैसा वसूल सेल आ गई है। स्मार्ट बाजार की सबसे प्रतीक्षित सेल वापस आ गई है और यह पहले से कहीं ज्यादा बड़ी, बोल्ड और बेहतर है। स्मार्ट बाजार फुल पैसा वसूल सेल 30 अप्रैल से 4 मई तक देशभर के स्टोर्स पर उपलब्ध है। किराने के सामान, फैशन, होमकेयर, अप्लायंस और बहुत कुछ। खरीदारी के लिए तैयार हो जाइए जो अधिकतम बचत और पूर्ण संतुष्टि का वादा करती है। तो, अपने कैलेंडर पर निशान लगाएं, अपनी शॉपिंग लिस्ट लेकर आएं, हमारा नारा, फुल पैसा वसूल करेगा इंडिया सारा। रिलायंस रिटेल के सीईओ दामोदर मॉल- वैल्यू फॉर्मेट ने कहा, हम सभी को सेल इवेंट पसंद हैं और स्मार्ट बाज़ार की फुल पैसा वसूल सेल हर किसी के शॉपिंग कैलेंडर पर सबसे बड़ी सेल में से एक है। इस साल, हमारे अनुभवी खरीदारों को पाँच अविस्मरणीय दिनों में कुछ अविश्वसनीय रूप से बड़े ऑफर मिलेंगे। बड़ी बचत और अपने चेहरे पर मुस्कान लेकर जाए।




### यहां कुछ ऐसे डील्स की झलक दी गई है जो चौंका देंगे

5 किलो चावल + 3 लीटर तेल सिर्फ रु. 799, बादाम 500 ग्राम- रु.419, काजू 500 ग्राम रु. 439 और बिस्किट-2 खरीदें, 1 मुफ़्त पाएं। डिटर्जेंट- कम से कम रु. 250 की छूट, बेडशीट में 70 प्रतिशत की छूट, एरिस्टोक्रेट 2 पीस हार्ड ट्रॉली + डफल बैग- रु.3999 में उपलब्ध रहेगा। जबकि फैशन- रु. 399 से कम में 2000+ स्टाइल। चाहे जरूरी सामान खरीदना हो या अपने वॉर्डरोब और घर को चमकाना हो- स्मार्ट बाजार आपकी बचत के लिए वन-स्टॉप शॉप है जो पीछे नहीं हटती।

कोल्ड स्टोरेज के उद्घाटन और विशाल किसान सम्मेलन में बोले कृषि मंत्री नेताम

# कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किसानों के लिए वरदान



बलरामपुर-रामानुजगंज

नगर के वार्ड क्रमांक 7, रिंग रोड में मां कुदरगढ़ी एग्रो प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित कोल्ड स्टोरेज के उद्घाटन और विशाल किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री राम विचार नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल, भाजपा नेता बाबूलाल, मां कुदरगढ़ी एग्रो के कन्हैया लाल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, संजय अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री नेताम ने कृषि और उद्यानिकी विभाग की सामग्री किसानों को वितरित की। उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज का निर्माण क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि को प्राथमिकता दी जा रही है। कोल्ड स्टोरेज के लिए विशेष छूट दी जाती है ताकि किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिले। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

### जर्जर सड़कों की मरम्मत के लिए 10 करोड़ की राशि


कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है और अधिकारियों-ठेकेदारों से निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की चर्चा चल रही है। तब तक जर्जर सड़कों की मरम्मत के लिए 10 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिससे सड़क आवागमन के लिए बेहतर होगी। नेताम ने किसानों से जैविक खेती अपनाने की अपील की।

### सैकड़ों किसानों को मिल सकेगा लाभ

सामाजिक चिंतक बजरंग मुनि ने बताया कि 60 वर्ष पहले वे रामानुजगंज नगर पालिका अध्यक्ष थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के आह्वान पर उन्होंने अध्यक्ष पद छोड़कर कृषि शुरू की थी। उन्होंने खुशी जताई कि उसी क्षेत्र में आज कोल्ड स्टोरेज बनकर तैयार है, जो सैकड़ों किसानों को लाभ देगा। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि कोल्ड स्टोरेज से व्यापार और शहर दोनों का विकास होगा। उन्होंने नेताम के विकास कार्यों की सराहना की। मां कुदरगढ़ी एग्रो के कन्हैया लाल अग्रवाल ने बताया कि किसानों और व्यापारियों की सुविधा के लिए कोल्ड स्टोरेज बनाया गया है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5851



**बाएँ से दाए-**
1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

**शब्द पहेली -5850 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5861

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5860 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |



स्पेशलः वर्ल्ड लाफ्टर-डे 4 मई

जिंदगी की इस आपा-धापी में हम हंसना भूलते जा रहे हैं, जबकि हेल्दी लाइफ के लिए हंसना बहुत जरूरी है। इस बात की पुष्टि कई शोध भी करते हैं। इसलिए नई-नई वजहों से खुलकर, जमकर हंसते रहिए, साथ ही दूसरों को भी हंसाते रहिए।

# खुलकर हंसें-हंसाएं जिंदगी में बहार लाएं

कवर स्टोरी

चेतना झा

सच कहा जाता है, 'लाफ्टर इज द बेस्ट थेरेपी'। हंसने से बड़ी कोई दवा नहीं। लाखों के कपड़े-गहने पहन लें या दुनिया के बेस्ट प्रोडक्ट से मेकअप कर लें, तस्वीर तो तभी अच्छी आएगी जब आप 'स्माइल प्लीज' कहने पर मुस्कुरा देंगी। 'हंसता हुआ नूरानी चेहरा...' जैसे फिल्मी गीत यों ही नहीं बने हैं। छोटी-सी मुस्कुराहट चेहरे पर चार चांद लगा देती है। किसी की हंसी-मुस्कान कभी पहली नजर में भा जाती है, जीवन भर के साथी बन जाते हैं, तो किसी का संबल भी बनती है। कुदरत का यह तोहफा नायाब है। जब हम आज की व्यस्त दिनचर्या में अपनी हंसी खोते जा रहे हैं तो इसकी अहमियत को समझें, सजग हों कि हंसना जरूरी है। आज दुनिया भर में हंसने के बहाने ढूंढ़े जा रहे हैं। हंसना जरूरी न समझा जाता तो हर साल 'वर्ल्ड लाफ्टर-डे' क्यों मनाया जाता? आज तो हंसने-हंसाने के लिए जगह-जगह लाफ्टर क्लब खुल चुके हैं, लोग यहां आकर एक साथ हंसते हैं, अपना मेंटल स्ट्रेस कम करते हैं। अपने भीतर खुशियां समेटते हैं।

**शुरू हुई मेडिकल क्लाउनिंगः** हंसने के फायदे इसी से समझे जा सकते हैं कि मेडिकल क्लाउनिंग जैसे प्रोफेशन अब शुरू हो गए। इस प्रोफेशन को अपनाने वाले लोग अस्पतालों में या स्वयं क्लीनिक खोलकर असाध्य रोगों से जूझ रहे लोगों के होंठों पर मुस्कान लाने का प्रयास करते हैं। विभिन्न शोधों से मालूम हो चुका है कि ऐसे प्रयास किसी दवा से कम कारगर नहीं होते बल्कि यह कहिए कि दवाएं तभी काम करती हैं, जब चेहरे पर हंसी हो। दरअसल, हंसी हमारे भीतर सकारात्मक भाव पैदा करती है, इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कई शोधों से यह पता चला है कि हंसने से शरीर में एंडोर्फिन नामक हार्मोन बनता है, जो हमारा मूड हैप्पी रखता है। हम अपने



आपको तरोताजा महसूस करते हैं। यह हार्मोन हमें सुखद एहसास और पॉजिटिव थिंकिंग देता है।

**हंसी को न बनाइए दुर्लभः** हंसना हमारे लिए बहुत फायदेमंद है। इसीलिए अब लोग लाफ्टर क्लब के सदस्य बनने लगे हैं, लोग पार्क में एकत्र होकर हंसते हैं, लेकिन यहां यह भी सवाल उठता है कि क्या हंसी इतनी दुर्लभ हो गई है कि इसके लिए हमें बनावटी तरीके अपनाने पड़ें। हंसने के लिए हमें सहज तरीके अपनाने चाहिए ताकि हम सचमुच हंसें। हंसने के लिए हमें अपने आस-पास के लोगों की बातों पर हंसने की वजह खोजनी चाहिए। आमतौर पर हम हंसना-हंसाना दोस्तों-सहेलियों या फिर देवर-भाभी, जीजा-साली जैसे रिश्तों के बीच हुई बातें मानते हैं, लेकिन सिर्फ इनसे ही नहीं, आप अपने पति, बच्चों और बुजुर्ग माता-पिता के साथ भी मजेदार बातें करें, सबके साथ हंसिए। परिवार के सदस्यों के साथ हंसना आपके रिश्तों में मिठास घोलेगा, इससे आपके रिश्ते गहरे भी होंगे।



**बेस्ट एंटी एजिंग फॉर्मूलाः** अगर आप यह कॉम्पिलमेंट पाना चाहती हैं, 'आपकी स्किन से आपकी उम्र का पता ही नहीं चलता,' तो किसी साबुन या क्रीम से ज्यादा अपनी हंसी पर भरोसा कीजिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि हंसने से चेहरे की मांसपेशियों की बेहतरीन एक्सरसाइज होती है। इससे चेहरे पर झुर्रियां जल्दी नहीं पड़तीं। हंसने के दौरान हम गहरी सांस लेते और छोड़ते हैं, इस कारण शरीर में ऑक्सीजन का संचार बेहतर होता है। यही कारण है कि हंसने-हंसाने वाली महिलाएं न केवल अधिक जवां दिखती हैं, ऊर्जावान भी रहती हैं, तो एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स पर पैसे बहाने की बजाए, बस हंसी पर ऐतबार कीजिए और हमेशा जिंदादिल, जवां रहें।

**ध्यान कीजिए पिछली बार कब खुलकर हंसी थींः** आज की लाइफस्टाइल में हंसना-हंसाना बहुत बड़ी बात हो गई है।



हास्य कलाकारों या कवियों के पारिश्रमिक कई बार आपको चौंका सकते हैं। यह और बात है कि ऊंचा पेमेंट लेकर भी कई बार वे घिसी-पिटी हास्य कविताएं या जोक सुनाते हैं। हंसाने के लिए टीवी पर कई कॉमेडी शोज भी आते हैं। इनकी टीआरपी बहुत अच्छी होती है। असल में यह सारी मशक्कत इसलिए है कि हम हंसना अब भूलते जा रहे हैं। बड़ी-से-बड़ी किसी हंसी वाली बात पर भी बस हल्के से मुस्कुरा देना,हमारी आदत-सी बन गई है। यकीन न हो तो खुद ही याद कीजिए कि पिछली बार आप कब खुलकर हंसी थीं?

**ड्रामा नहीं, कॉमेडी देखिएः** पिछले दिनों यूनिवर्सिटी ऑफ मेरीलैंड में एक शोध किया गया। जिन लोगों पर यह शोध किया गया, उन्हें दो ग्रुप में बांटा गया। पहले ग्रुप को कॉमेडी दिखाई गई तो दूसरे को थोड़ा तनाव देने वाला ड्रामा दिखाया गया। परिणाम में देखा गया कि जिस ग्रुप को कॉमेडी दिखा कर हंसाया गया, उनका रक्त संचार दूसरे ग्रुप से बेहतर था। इसलिए टीवी पर सास-बहू या अपराध से जुड़े सीरियल देखने से कहीं बेहतर है, आप हेल्दी कॉमेडी शोज को देखें।

**दर्द हो जाएगा उड़न-छूः** यकीनन आपकी जिंदगी में भी कई ऐसे लोग होंगे, जिनकी हंसी-ठिठोली देखकर आपके सारे गम उड़न-छू हो जाते होंगे। काम से थक कर वापस आने पर जीवन साथी या बच्चों की हंसी और बूढ़े माता-पिता की मुस्कान एक सुकून देती है। इनकी वजह से ही हम कुछ देर के लिए सारे दुख-दर्द भूल जाते हैं। कई शोध में पाया गया है कि स्पोंडिलाइटिस या कमर, रीढ़ के असहनीय दर्द को दूर भगाने में लाफ्टर थेरेपी बहुत कारगर साबित हुई है। इसीलिए लाफ्टर थेरेपी को मानने वालों का नारा है, 'दस मिनट ठहाके लगाइए और घंटे भर दर्द से दूर रहिए।'

हम देखते हैं कि इस भागम-भाग भरी जिंदगी में हम अकसर भौतिक संसाधन बटोर कर खुश रहने का प्रयास करते हैं, लेकिन सच तो यह है हम अपना सुकून खो रहे हैं। तो इस लाफ्टर-डे पर अपने आपसे प्रॉमिस कीजिए कि हंसने-हंसाने के नए-नए बहाने खोजेंगे, खुलकर खुद हंसेंगे और दूसरों को भी हंसाएंगे। a



मिड एज में आते ही कुछ महिलाओं को लगता है, जीवन बहुत जी लिया, अब कुछ नया करने की उम्र नहीं है। उम्र के किसी भी पड़ाव पर आप बहुत कुछ नया कर सकती हैं, बस हमेशा उत्साह-उमंग से भरे रहिए, आपकी हर आकांक्षा पूरी होगी।

# मिड एज में भी जिंदगी लगेगी खूबसूरत

बी पॉजिटिव

शिखर चंद जैन

यही 40-45 की उम्र में आते ही कुछ महिलाएं जिंदगी में एक ठहराव महसूस करने लगती हैं। उन्हें लगता है, बस अब जिंदगी की रफ्तार थम गई है। अब कुछ नया करने को नहीं है। ऐसी महिलाओं में जिंदगी के प्रति कोई उत्साह-उमंग नहीं रहता। इस तरह की नेगेटिव सोच सही नहीं है। हमें यह समझना चाहिए, जिंदगी का हर दिन नया है। चाहे मिड एज हो या ओल्ड, नएपन, निखार, सुधार, तरक्की, उत्साह-उमंग और सफलता की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। बस जिंदगी के प्रति हमारा नजरिया उत्साहपूर्ण और पॉजिटिव होना चाहिए।



**जीवन जितना है, बहुत हैः** मिड एज में आते ही बहुत-सी महिलाएं सोचती हैं, 'अब जिंदगी बची ही कितनी है, जो कुछ नया शुरू किया जाए।' इस तरह की नेगेटिव सोच आपको उत्साह-उमंग भरी जिंदगी जीने से रोकती है। हमेशा यही सोचना चाहिए कि अभी तो हमारे सामने जीवन जीने के लिए लंबा समय है, बहुत कुछ करना बाकी है। जीवन जितना है, बहुत है। इसलिए उम्र के किसी भी पड़ाव पर नए सपने देखिए और इन्हें पूरा कीजिए, इससे आप हमेशा जीवंत रहेंगी। जिंदगी बहुत प्यारी-सी लगेगी।

**सोशल एक्टिविटीज बोझ नहींः** कई महिलाएं उम्र का हवाला देकर सोशल एक्टिविटीज से बचती हैं। उन्हें लगता है कि यह सब फालतू काम हैं, इनमें समय की बर्बादी होती है। यह सोच गलत है। सोशल एक्टिविटीज न सिर्फ हमारा मन स्वस्थ रखती हैं बल्कि इससे हमारा सामाजिक दायरा, मित्रता और लोगों से घनिष्ठता भी बढ़ती है। मिड लाइफ तो विशेष रूप से सोशल एक्टिविटीज में इंवॉल्व होने का सही समय है। इससे आपका अपना एक सपोर्ट सिस्टम तैयार होता है।

**व्यर्थ की चिंताओं में न उलझेंः** 'मैंने शुरू से ऐसा किया होता तो अच्छा होता', 'मैंने वैसे क्यों नहीं किया?', इस तरह की बातें व्यर्थ की चिंताएं हैं। जो बीत गई, सो बात गई, बीता समय कभी लौटकर नहीं आ सकता। इसलिए व्यर्थ की चिंताओं से मुक्त होकर जिंदगी जिएं। जीवन को सरसता और सहजता से जिएं। चिंताओं के बजाय आगे की जिंदगी के लक्ष्य तय करके, इन्हें पूरा करने में लग जाएं। आपको जिंदगी खूबसूरत लगेगी।

**कुछ सार्थक करेंः** अगर इन दिनों आपके पास कुछ अतिरिक्त समय है, तो इसे किसी सार्थक काम में लगाएं। इसे सोशल नेटवर्क बढ़ाने, नई स्किल सीखने, मोटिवेशनल बुक्स पढ़ने, तन-मन की सेहत संभालने-संवारने में इस्तेमाल करें। आप चाहें तो बागवानी करें, पर्यटन के लिए निकलें। जीवन में नयापन चाहिए तो हर रोज नए-नए लोगों से मिलें।

**कुछ ऐसा करें जो आत्मसंतुष्टि देः** जब हम अपने समाज और देश हित के लिए कुछ करते हैं तो हमें एक आत्मसंतुष्टि महसूस होती है। इसलिए अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाने के बाद अब आपको देश-समाज के लिए भी कुछ ऐसा करना चाहिए, जिसे करके आपको आत्मसंतुष्टि मिले, गर्व महसूस हो। गरीब बच्चों को मुफ्त में पढ़ाएं, उनके लिए कॉपी-किताब उपलब्ध कराएं। निरक्षर या वृद्ध लोगों के लिए सरकारी या बैंक संबंधी कार्य का निष्पादन करने में उनकी मदद करें, इससे आपको खुशी मिलेगी। a

मेकअप

सरिता गुप्ता

# गर्मियों के लिए परफेक्ट मैटलुक मेकअप

गर्मी के दिनों में नॉर्मल मेकअप अच्छा नहीं लगता है। इस मौसम में नेचुरल और मैटलुक मेकअप ही इंप्रेसिव लगता है। मिनिमल मेकअप से आपके फीचर्स शार्प और स्किन नेचुरल, फ्रेश और ग्लोइंग नजर आती है। अगर आपका फेस ऑयली है तो इस सीजन में आप मैटलुक मेकअप करें, क्योंकि इससे आपको प्यारा-सा लुक और स्मूद टेक्सचर मिलता है।

**क्लीनिंगः** सबसे पहले अपने चेहरे को क्लीन करें। इससे मेकअप में फिनिशिंग लुक परफेक्ट आएगा और यह लॉन्ग लास्टिंग भी बना रहेगा। फेस को धोने के लिए आप फेसवॉश से चेहरे को साफ करें और फिर बर्फ के टुकड़े से मसाज करें। चेहरा साफ करने के बाद सनस्क्रीन लगाएं।

**जरूरी है प्राइमरः** कभी-कभी स्किन पर रेडनेस, डलनेस और अनइवन स्किन टोन जैसी समस्याएं आ जाती हैं। इसलिए हमेशा मेकअप से पहले प्राइमर यूज करना सही रहता है। प्राइमर के इस्तेमाल से मेकअप आपकी स्किन के पोर्स के अंदर नहीं जाता और साथ ही मेकअप प्रोडक्ट्स को एक चिकना बेस देने में मदद करता है। प्राइमर, मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग भी बनाता है।



**फाउंडेशनः** मैटलुक मेकअप के लिए वाटर बेस्ड फाउंडेशन का ही चयन करें। वाटर बेस्ड फाउंडेशन की एक मोटी परत लगा कर इसे स्पंज की मदद से स्मूद फिनिश दें और इसे धीरे-धीरे ब्लेंड करें।

**कंसीलर-ब्रांजरः** कंसीलर से अपने चेहरे के दाग-धब्बों और डार्क सर्कल को छुपाने के लिए आपको फाउंडेशन से मैच करता हुआ शेड ही लगाना चाहिए। इसके साथ ब्रांजर का यूज आपके मैटलुक को नेचुरल दिखाता है। लेकिन ध्यान रखें कि इसको ज्यादा मात्रा में यूज ना करें। ब्रांजर को माथे के ऊपरी हिस्से, चीक बोंस और चिन पर लगा सकती हैं।

**लूज पावडरः** फाउंडेशन लगाने के बाद मेकअप को सेट करने के लिए कांपैक्ट फेस पावडर की बजाय हमेशा लूज पावडर का इस्तेमाल करें।

**मैट ब्लशः** कोरल-पिंक मैट ब्लश का यूज करके आप अपने गालों को हाईलाइट कर सकती हैं। मैट ब्लश को हमेशा ब्रश की मदद से ही अप्लाई करें।

**आईशैडोः** मैट फिनिश लुक के लिए न्यूड शेड वाले मैट आईशैडो का यूज करें। आप अपने आउटफिट से मैच करता हुआ आईशैडो का कलर भी चुन सकती हैं।

**मैट लिपस्टिकः** मैटलुक के लिए आप लिक्विड लिपस्टिक का यूज करें। a

**(मेकअप आर्टिस्ट कोमल चौधरी से बातचीत पर आधारित)**

बच्चे और आप

रजनी अरोड़ा

आप जरूर चाहती होंगी, आपके बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास सही ढंग से हो, उसका व्यक्तित्व प्रभावशाली हो, जीवन हमेशा खुशहाल रहे। इसके लिए आपको बच्चे की परवरिश में कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना होगा।

# परवरिश का होगा यह तरीका बच्चों का होगा खुशहाल जीवन

हर माता-पिता की ख्वाहिश होती है, उनका बच्चा स्वस्थ और खुश रहे। उसके व्यक्तित्व का सही ढंग से विकास हो। इसके लिए वे पूरी तरह प्रयासरत भी रहते हैं। लेकिन खुशी केवल बाहरी कारकों से नहीं आती, यह बच्चे की मनःस्थिति, सकारात्मक सोच, स्वस्थ जीवनशैली और अच्छे सामाजिक संबंधों पर निर्भर करती है। खुशी एक कौशल है, जिसे सही आदतों और दृष्टिकोण से विकसित किया जा सकता है। यह संभव है, बच्चे की अच्छी परवरिश से। विशेषज्ञ मानते हैं कि बच्चों की परवरिश केवल उनकी भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। बच्चों में सही मानसिकता, भावनात्मक स्थिरता और सकारात्मक सोच विकसित करना भी जरूरी है। रोजमर्रा की अच्छी आदतें बच्चों को न सिर्फ खुश रहने, बल्कि जीवनभर के लिए खुशहाल और आशावादी बनने में भी मदद करती हैं। जिनका ध्यान रखना पैरेंट्स के लिए बहुत जरूरी है।



**दें खुशहाल और सुरक्षित माहौलः** बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य आस-पास के वातावरण पर निर्भर करता है। अगर घर का माहौल सकारात्मक, सुरक्षित और प्रेम से भरा होगा, तो बच्चे में आत्मविश्वास बढ़ेगा, वे खुश भी रहेंगे। इसलिए परिवार में आपसी तनाव या नकारात्मक भावों को खत्म कर हमेशा सकारात्मक माहौल बनाए रखें। बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। यह एहसास कराएं कि वे आपके लिए अहम हैं। इससे बच्चे खुलकर अपनी बातें आपके सामने रखेंगे। आप भी उनकी समस्याओं का निवारण आसानी से कर सकेंगी।



**किताबें पढ़ने को बढ़ावा देंः** बच्चों को तरह-तरह की पुस्तकें पढ़ने की आदत डालें। सोचने और समझने की क्षमता विकसित होती है। आत्मिक संतुष्टि प्रदान करने के साथ खुशहाल जीवन बिताने की प्रेरणा प्रदान करती हैं। पसंदीदा किताबें पढ़कर सुनाएं और उन्हें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। हल्की-फुल्की कहानियां, कॉमिक बुक्स पढ़ने को दें। नैतिक शिक्षा पर आधारित किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

**स्वस्थ सामाजिक रिश्ते बनाना सिखाएंः** बच्चे को मजबूत और प्रेमपूर्ण संबंध बनाना सिखाएं। सहानुभूति सिखाएं, जिससे वे दूसरों की भावनाओं को समझ सकें। अपनी टीमवर्क, दोस्तों, परिवार और शिक्षकों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखें। दूसरों की मदद करने की आदत बनाएं।

**सकारात्मक सोच को दें बढ़ावाः** बच्चों में सकारात्मक सोच को बढ़ावा दें, ताकि धैर्य रखकर वे बुरे वक्त में निराश न होकर सकारात्मक समाधान ढूंढ़ पाएं। बच्चों को सिखाएं कि हर समस्या का समाधान मुमकिन है। उनका आत्मविश्वास बढ़ाएं। 'मैं नहीं कर सकता' को 'मैं कोशिश करूंगा' में बदलने के लिए प्रेरित करें। पैरेंट्स बच्चों के सामने सकारात्मक बातें करें, जैसे- 'तुम कर सकते हो', 'अगली बार और बेहतर होगा।'

**खुद से प्यार करना सिखाएंः** हर बच्चा दूसरे से अलग होता है। व्यक्तिगत विशेषताओं और कार्यक्षमता को समझ कर विशिष्ट बनने के लिए प्रोत्साहित करें। उसकी क्षमताओं की सराहना करें। बच्चों की दूसरों से तुलना करने से बचें।

**करें प्रेरितः** रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चे ज्यादा खुश और हेल्दी रहते हैं। उन्हे संगीत सुनने या वाद्य यंत्र बजाने के लिए प्रोत्साहित करें। a

**(सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली के सीनियर साइकोलॉजिस्ट डॉ. इमरान नूरानी से बातचीत पर आधारित)**




अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com




# लिवरपूल ने 20वीं बार जीता प्रीमियर लीग का खिताब, रिकॉर्ड की बराबरी




**लाल रंग की जर्सी से पटा स्टेडियम**

टीम ने 2020 में जब 30 साल के खिताबी सूखे को खत्म किया था तब कोविड महामारी के कारण स्टेडियम में प्रशंसक मौजूद नहीं थे लेकिन इस बार बड़ी संख्या में दर्शक टीम की लाल रंग की जर्सी में मौजूद थे। प्रशंसकों ने 20 अंक लिखा हुए बड़े-बड़े झंझे लिए थे, जो टीम के 20वें खिताब को दर्शा रहा था। अन्य मैचों में रासमस होजलंड ने अतिरिक्त समय में गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बौर्नमाउथ के खिलाफ 1-1 से बराबरी दिला दी।

## एकतरफा मुकाबले में टोटेनहैम को 5-1 रौंदा

एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में रविवार को यहां एकतरफा मुकाबले में टोटेनहैम को 5-1 हराकर 20वीं बार इस खिताब को अपने नाम कर मैनचेस्टर यूनाइटेड के रिकॉर्ड की बराबरी की।

डोमिनिक सोलंके के 12वें मिनट में किए गोल से पिछड़ने के बावजूद लिवरपूल ने प्रशंसकों को निराश नहीं किया और मध्यांतर तक 3-1 की बढ़त कायम कर उन्हें जश्न मनाने का मौका दे दिया।

**2 मैच पहले हुआ चैंपियन का फैसला**

लुइस डियाज ने मैच के 16वें मिनट में बराबरी का गोल दागा जबकि एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने इसके आठ मिनट बाद टीम को बढ़त दिला दी। कोडी गोपिको ने 34वें मिनट में लिवरपूल को 3-1 से आगे कर दिया। टीम का दबदबा मध्यांतर के बाद भी जारी रहा। दिग्गज मोहम्मद सालाह ने 63वें मिनट में गोल कर 4-1 की बढ़त बना दी। डेस्टिनी उडोगी के आत्मघाती गोल ने लिवरपूल को 5-1 से आगे करने के साथ टोटेनहैम के लिए वापसी के दरवाजे भी बंद कर दिए।

### 34 मैचों में 84 अंक

जीत से लिवरपूल के 34 मैचों में 84 अंक हो गए जबकि दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल के इतने ही मैचों में 67 अंक है। आर्सेनल के लिए अब बाकी बचे मैचों में लिवरपूल की बराबरी करना संभव नहीं है। लिवरपूल के खिलाड़ियों ने 2020 के बाद प्रीमियर लीग के अपने पहले खिताब का कोच आर्ने स्लॉट के साथ गाना गा कर मनाया। इस दौरान सालाह ने प्रशंसकों के साथ सेल्फी (फोटो) खिंची।

---

**दिल्ली को पिछले चार मैच में दो हार का सामना करना पड़ा**

# बीच के ओवरों में बेहतर बल्लेबाजी करेगी दिल्ली, नाइट राइडर्स से मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां जब कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेंगे तो टीम की नजरें बीच के ओवरों में बेहतर बल्लेबाजी पर टिकी होंगी। दिल्ली को अपने पिछले चार मैच में दो हार का सामना करना पड़ा है जिसमें रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मिली हार भी शामिल है और टीम लीग चरण के अंतिम मुकाबलों में लड़खड़ाने से बचना चाहेगी। शीर्ष क्रम में अभिषेक पोरेल ने आक्रामक तेवरों के साथ बल्लेबाजी की है लेकिन वापसी करने के बाद अनुभवी फाफ डु प्लेसी को अरुण जेटली स्टेडियम की धीमी प्रकृति की पिच पर जूझना पड़ा और उन्हें जल्द से जल्द इससे सामंजस्य बैठाना होगा।



### राहुल सबसे सफल बल्लेबाज

लोकेश राहुल मौजूदा सत्र में दिल्ली के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं लेकिन रविवार को स्पिनरों के खिलाफ तेजी से रन जुटाने में नाकाम रहे। वह सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती की अनुभवी स्पिन जोड़ी के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। केकेआर के पास स्तरीय स्पिनर हैं जो मेजबान टीम को कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ वर्षा से प्रभावित मैच में जूझने के बाद नाइट राइडर्स का आत्मविश्वास थोड़ा कम होगा। दिल्ली को करुण नायर से भी अच्छी पारी की उम्मीद होगी जिससे कि मध्य क्रम में सारा बोझ राहुल पर नहीं आए।



### केकेआर की राह मुश्किल

केकेआर के अभी सिर्फ सात अंक हैं और टीम तालिका में सातवें स्थान पर चल रही है। टीम अपने पिछले तीन मैच में जीत दर्ज करने में नाकाम रही है जिसमें दो में उन्हें हार मिली और एक मैच बेनतीजा रहा। केकेआर को प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखने के लिए यह मुकाबला जीतना होगा क्योंकि दिल्ली के बाद हार से उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की राह काफी मुश्किल हो जाएगी। टीम को विभिन्न विभागों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पारी का आगाज करने का मौका नारायण के साथ क्विंटन डिकॉक और राहमानुल्लाह गुरबाज को मिला है।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| मुंबई | 10 | 6 | 4 | 12 |
| दिल्ली | 9 | 6 | 3 | 12 |
| पंजाब | 9 | 5 | 3 | 11 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| राजस्थान | 9 | 2 | 7 | 4 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
443 रन
बेंगलुरु

**पर्पल कैप**



जोश हेजलवुड
18 विकेट
बेंगलुरु

### खबर संक्षेप

**अर्जन सिंह स्मारक हॉकी टूर्नामेंट 29 से**

**चंडीगढ़।** वायुसेना मार्शल अर्जन सिंह स्मारक हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन यहां 29 अप्रैल से छह मई तक होगा जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी। 'एयर मार्शल' एस शिवकुमार ने सोमवार को बताया कि बांग्लादेश की वायु सेना हॉकी टीम टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 12 टीमों में से एक होगी।


**द.अफ्रीका के खिलाफ भारत की भिड़ंत आज**

**कोलंबो।** श्रीलंका के खिलाफ एकतरफा जीत से अपने अभियान का आगाज करने वाली भारतीय महिला टीम मंगलवार को यहां अपने दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय बनाये रखने की होगी। भारतीय टीम ने रविवार को मेजबान श्रीलंका पर नौ विकेट की बड़ी जीत के साथ एकदिवसीय मैचों में लगातार सातवीं सफलता हासिल की।

# भारत के 21 मुक्केबाज स्वर्ण पदक के लिए पेश करेंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| अम्मान

भारत ने जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है जिसमें छह महिलाओं सहित सात और मुक्केबाजों ने अंडर-17 फाइनल में जगह पक्की कर ली।



भारत ने अब तक 43 पदक पक्के कर लिए हैं जिसमें से अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग में 21 मुक्केबाज स्वर्ण के लिए मुकाबला करेंगे। अंडर-17 महिला मुक्केबाज अहाना शर्मा (50 किग्रा) ने रविवार को किर्गिस्तान की अकमारल अमांतायेवा पर शुरुआती दौर में ही नॉकआउट जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। खुशी चंद (44-46 किग्रा) ने यूक्रेन की ओलेक्सांद्रा चेरेवाटा को 3-2 से हराया, जबकि जन्नत (54 किग्रा), सिमरनजीत कौर (60 किग्रा), हर्सिका (63 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) ने भी शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की। पुरुषों के अंडर-17 वर्ग में देवांश (80 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वियतनाम के गुयेन ट्रोंग तिएन को 4-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। यह एशियाई मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहला आयोजन है, जिसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित विश्व मुक्केबाजी दोनों का समर्थन प्राप्त है।

### एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप-डी में भारत शामिल

**नई दिल्ली।** भारत को सोमवार को कुआलालंपुर में निकाले गए ड्रॉ के बाद एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के ग्रुप डी में म्यांमार, इंडोनेशिया और तुर्कमेनिस्तान के साथ रखा गया। म्यांमार छह से 10 अगस्त के बीच एकल राउंड रोबिन प्रारूप में क्वालीफायर के ग्रुप डी की मेजबानी करेगा। कुल 33 टीम को आठ समूहों में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में पांच टीम हैं जबकि बाकी सात में चार-चार टीम को जगह मिली है। ग्रुप विजेता और तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता के साथ अंतिम दौर का मेजबान थाईलैंड एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के 12वें टूर्नामेंट की 12 टीम की सूची को पूरा करेंगे।

## मैनचेस्टर सिटी ने एफए कप फाइनल में बनाई जगह

**लंदन।** कोच पेप गार्डियोला की देखरेख में मैनचेस्टर सिटी का सबसे खराब सत्र भी ट्रॉफी के साथ समाप्त हो सकता है क्योंकि टीम ने रविवार को यहां वेम्बली स्टेडियम में नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-0 से हराकर लगातार तीसरे वर्ष एफए कप फाइनल में प्रवेश किया। रिको लुईस ने मैच के दूसरे मिनट में गोल कर के टीम को बढ़त दिला दी जबकि रक्षापंक्ति के खिलाड़ी जोस्को ग्वारडिओल ने 51वें मिनट में कॉर्नर से हेडर के जरिए गोल में बदल कर बढ़त दोगुनी कर दी। फॉरेस्ट की टीम ने इसके बाद तीन बार गोल करने के मौके बनाए



लेकिन टीम एक को भी भुनानो में सफल नहीं रही। एफए कप के फाइनल मे उसके सामने क्रिस्टल पैलेस की चुनौती होगी। यह मैच 17 मई को खेला जाएगा।

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन, कार्यालय पश्चिम छिंदवाडा वनमण्डल छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 10/ ई-टेंडरिंग / 2025-26 दिनांक**

1. वनमण्डलाधिकारी पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल छिंदवाड़ा द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित - 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**Table - 1**

| क्र. | सामग्री का नाम | स्पेशिफिकेशन | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|
| | भवन निर्माण हेतु सामग्री | | |
| 1 | लोहा ( प्रति कि. ग्रा.) ISI Thermo mechanically treated bars (TMT) | 6mm, 8mm, 10mm, 12mm, 16mm | आवश्यकता-नुसार |
| 2 | सीमेंट (ISI) मेजर प्लांट (Rate per bag) | OPC GRADE 33, OPC GRADE 43 AND PPC | |
| 3 | रेत (दर प्रति घ.मी.) | मिट्टी, धुल, मिलावट आदि अशुद्धी रहित रेत | |
| 4 | गिट्टी ( दर प्रति घ.मी.) | 20mm, 40mm | |
| 5 | ईंट ( दर प्रति सैकड़ा) | Fly Ash (20x10x10 cm)<br>Brick Bhatti Wali CLASS 1 (20 x 10 x 10 CM) | |

● निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। ● इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 29.04.2025 Time 01.00 PM से दिनांक 19.05.2025 Time 01.00 PM तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है। ● ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्त्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। ● ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं । ● ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www.mptenders.gov.in/

| | |
|---|---|
| Purchase of tender start date and time<br>निविदा क्रय की प्रारंभिक तिथि | 01.05.2025 Time 01.00 PM |
| Bid submission start date and time<br>निविदा दर प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | 01.05.2025 Time 01.00 PM |
| Pre Bid Meeting Date | NIL |
| Bid submission closing date and time<br>निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 23.05.2025 Time 01.00 PM |
| Bid Opening date and time<br>निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 23.05.2025 Time 02.00 PM |

G-12099/25 "स्वच्छता ही सेवा" वनमंडलाधिकारी, पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल

**पूर्व रेलवे**

**संशोधनी**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व रेलवे, चौथी मंजिल, 14 स्ट्रांड रोड, एनकेजी, कोलकाता-700001 द्वारा पूर्व प्रकाशित **निविदा संख्या: 09डब्ल्यूटीसीएओसी ईआर2024-25 ई-टेंडरिंग (ओपन टेंडर) (टू पैकेट सिस्टम)** के लिए **संशोधनी संख्या 3**। उपरोक्त निविदा में कार्य का नाम इस प्रकार था मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व रेलवे, कोलकाता के कार्यालय हेतु सामान्य सलाहकार की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)। उपरोक्त कार्य के संबंध में **उपरोक्त निविदा को बंद करने की तारीख 30.04.2025 को अपराह्न 3.00 बजे से आगे बढ़ाकर 14.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे** कर दिया गया है। उपरोक्त निविदा सूचना के अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

(CON-04/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सिवनी (म. प्र. )**

विज्ञापन पत्र क्रमांक / 1325 / व.ले.लि. /का.यं./ लो.स्वा.यां. / खण्ड / 2025 — सिवनी, दिनांक- 16/04/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना ( संक्षिप्त )**

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं । निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं

| निविदा सूचना क्रमांक /दिनांक | ई- टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू लाख में) | कुल अमानती राशि (रू में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समयय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02/नि.प्र./ 2025-26 दिनांक 16/04/2025 | 2025_ PHED_ 417208_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड कुरई के विस्थापित ग्राम कर्मझिरी में 200/150 मि.मी. व्यास के 180मी गहरा 03 नग नलकूप खनन एवं हैण्पंप स्थापना कार्य। समूह क्रं. 01 | 4.57 | 9,140.00 | 2,000.00 | 05/05/2025 | 05/05/2025 | 60 दिवस वर्षाकाल छोड़कर | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केंन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 02/नि.प्र./ 2025-26 दिनांक 16/04/2025 | 2025_ PHED_ 417209_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड कुरई के विस्थापित ग्राम कर्मझिरी में थ्री फेस सबमर्सिबल मोटर पम्प प्रदाय एवं स्थापना कार्य। समूह क्रं. 02 | 6.64 | 13,280.00 | 2,000.00 | 05/05/2025 | 05/05/2025 | 90 दिवस वर्षाकाल छोड़कर | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केंन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 02/नि.प्र./ 2025-26 दिनांक 16/04/2025 | 2025_ PHED_ 417211_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड कुरई के विस्थापित ग्राम कर्मझिरी में पाईप लाईन बिछाने एवं जोड़ने का कार्य आवश्यक सामग्री एवं मजदूरी सहित समूह क्रं. 03 | 17.81 | 35,620.00 | 2,000.00 | 05/05/2025 | 05/05/2025 | 120दिवस वर्षाकाल छोड़कर | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केंन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |

G-12110/25 "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सिवनी (म. प्र. )

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन, कार्यालय पश्चिम छिंदवाडा वनमण्डल छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 10/ ई-टेंडरिंग / 2025-26 दिनांक**

1. वनमण्डलाधिकारी पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल छिंदवाड़ा द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित - 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**Table - 1**

| Items | Technical Specification Details |
|---|---|
| ( 1 ) Galvanised Steel Barbed Wire | Line Wire - Galvianised steel wire of 2.5mm diameter<br>Point Wire - Gaivianised steel wire of 2.5 mm diameter<br>Barbs – Distance between two boards 75 mm, the barbs shall have four points and shall be formed by twisting two point wire each two turns tightly around both the line wires making altogether four complete turns.<br>Standard - Conforming to IS 278-2009 |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 29.04.2025 Time 01.00 PM से दिनांक 19.05.2025 Time 01.00 PM तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्त्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं ।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/

| | |
|---|---|
| Purchase of tender start date and time<br>निविदा क्रय की प्रारंभिक तिथि | 29.04.2025 Time 01.00 PM |
| Bid submission start date and time<br>निविदा दर प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | 29.04.2025 Time 01.00 PM |
| Pre Bid Meeting Date | 09.05.2025 Time 01.00 PM |
| Bid submission closing date and time<br>निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 19.05.2025 Time 01.00 PM |
| Bid Opening date and time<br>निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 19.05.2025 Time 02.00 PM |

G-12098/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

वनमंडलाधिकारी
पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल

## पहलगाम आतंकी हमले का असर

# जबलपुर-जम्मूतवी ट्रेन में यात्रियों की संख्या घटी

*हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का असर देश के विभिन्न हिस्सों में देखने को मिल रहा है। जबलपुर से हर मंगलवार को रवाना होने वाली 11449 जम्मूतवी वैष्णो देवी एक्सप्रेस पर भी इस हमले का सीधा प्रभाव पड़ा है। पहले जहां इस ट्रेन में सभी श्रेणियों—स्लीपर से लेकर वातानुकूलित तक में आरक्षण पाना कठिन होता था, वहीं अब यात्री आसानी से टिकट बुक कर पा रहे हैं।*

हरिभूमि जबलपुर।

ट्रेन में तत्काल कोटे की टिकटें, जो सामान्यतः कुछ ही मिनटों में बुक हो जाती थीं, अब यात्रियों को बिना किसी कठिनाई के मिल रही हैं। इतना ही नहीं, प्रीमियम तत्काल कोटे की अधिकतर बर्थें भी खाली पड़ी हैं, जो इस ट्रेन की लोकप्रियता को देखते हुए पहले असंभव माना जाता था।

बताया जा रहा है की 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 भारतीय नागरिकों की मौत के बाद से यात्रियों में भारी दहशत का माहौल है। इस घटना के बाद घाटी में तनाव बढ़ गया है, और भारत-पाकिस्तान के बीच स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है। घाटी में किसी भी समय युद्ध जैसे हालात उत्पन्न होने की आशंका से जम्मू और वैष्णो देवी यात्रा के इच्छुक यात्रियों ने अपने यात्रा



कार्यक्रमों को रद्द करना शुरू कर दिया है।

मुख्य आरक्षण केंद्र के सूत्रों के अनुसार, बड़ी संख्या में यात्रियों ने जम्मूतवी एक्सप्रेस की टिकटें रद्द करवा दी हैं। पहले जहां एक बर्थ के लिए लंबी वेटिंग होती थी, वहीं अब सभी श्रेणियों में बर्थ आसानी से उपलब्ध हो रही हैं।

### पर्यटन और धार्मिक यात्रा पर भी प्रभाव

*माता वैष्णो देवी यात्रा के लिए जम्मू जाने वाले श्रद्धालु अब युद्ध और आतंकी घटनाओं की आशंका के चलते यात्रा टाल रहे हैं। इससे धार्मिक पर्यटन पर भी असर पड़ने लगा है। जम्मूतवी एक्सप्रेस, जो उत्तर भारत के तीर्थ यात्रियों की मुख्य ट्रेन मानी जाती है, उसमें आई यह गिरावट चिंता का विषय बन गई है। जानकारों का मानना है कि जब तक घाटी में स्थिति सामान्य नहीं होती और यात्रियों को सुरक्षा को लेकर भरोसा नहीं मिलता, तब तक जम्मू की ओर जाने वाले ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में गिरावट बनी रह सकती है।*

## हाईकोर्ट ने दिया तत्काल फॉर्म स्वीकार कर परीक्षा में बैठाने का अंतरिम निर्देश

# संस्कृत बोर्ड की संशोधित प्रवेश नीति पर रोक, हजारों छात्रों को राहत

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के संस्कृत बोर्ड (अब महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, भोपाल) से संबद्ध विद्यालयों में पढ़ने वाले हजारों छात्रों को राहत प्रदान दी है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने बोर्ड के उस आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी, जिसमें प्रवेश नीति में संशोधन किया गया था। संशोधित नीति में यह अनिवार्य किया गया था कि केवल संस्कृत बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों से कक्षा 9वीं या कक्षा 11वीं उत्तीर्ण करने वाले छात्र ही क्रमशः कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रवेश के लिए पात्र होंगे। इस आधार पर इन छात्रों के परीक्षा फॉर्म स्वीकार नही किये जा रहे थे। कोर्ट ने कहा कि तत्काल इन सभी छात्रों के फॉर्म स्वीकार कर उन्हें परीक्षा में बैठने दिया जाए।

सीधी, सिंगरौली व मंडला जिले के छह संबद्ध संस्कृत विद्यालयों की ओर से याचिका दायर की गई थी। अधिवक्ता अमृत कौर रूपराह ने कोर्ट को बताया कि संस्कृत बोर्ड के निदेशक ने 27 जून 2024 को एक आदेश जारी कर यह संशोधित प्रवेश नीति जारी की थी। इसके चलते याचिकाकर्ता सहित बोर्ड से सम्बद्ध इन संस्थानों में कक्षा 10वीं और 12वीं की पढ़ाई कर रहे हजारों छात्र प्रभावित हो रहे हैं। एमपी बोर्ड या सीबीएसई से पहले पढ़ाई कर चुके छात्रों के परीक्षा फॉर्म स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया कि एमपी बोर्ड, सीबीएसई और संस्कृत बोर्ड सभी सरकारी निकाय हैं। इसलिए इस तरह का भेदभाव अनुचित और मनमाना है।

सुनवाई के बाद कोर्ट ने उक्त आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी। निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता स्कूलों में कक्षा 10वीं और 12वीं की पढ़ाई कर रहे सभी छात्रों के परीक्षा फॉर्म तुरंत स्वीकार किए जाएं, ताकि वे अपनी आगामी परीक्षाओं में शामिल हो सकें। कोर्ट ने राज्य सरकार, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, भोपाल सहित अन्य अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा ।

# नशे के 2 सौदागर पुलिस गिरफ्त में, 100 नशीले इंजैक्शन जब्त

हरिभूमि जबलपुर।

क्राईम ब्रांच और अधारताल पुलिस ने गत रात पेट्रोलिंग के दौरान वृंदावन गार्डन के सामने वाली गली में नशीले इंजेक्शन के कारोबार में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 100 नशीले इंजैक्शन, 1 मोबाइल और इंजैक्शन बिक्री के 2 हजार 520 रुपए जब्त किए है।

अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्राईम ब्रांच और अधारताल पुलिस टीम ने गत रात पैट्रोलिंग के दौरान वृंदावन गार्डन के सामने वाली गली में नशीले इंजैक्शन लेकर खड़े पटेल नगर महाराजपुर निवासी 35 वर्षीय संजय यादव और 1 वर्षीय प्रफुल्ल पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 100 नशीले इंजैक्शन, 1 मोबाइल एवं इंजैक्शन बिक्री के 2 हजार 520 रूपये जप्त किए है। पूछताछ करने पर आरोपी संजय यादव ने उक्त नशीले इंजेक्शन पनागर निवासी अभिषेक द्वारा लाकर देना बताया, अभिषेक द्वारा लाकर दिये नशीले इंजेक्शनों को



अपने साथी प्रफुल पटैल के साथ 400 रूपये प्रति इंजेक्शन के हिसाब से बेचने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/22, 29 एनडीपीएस एक्ट, 5/13 म.प्र.ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है। आरोपी अभिषेक फरार है।

## एक साथ बैठाए गए नियमित और स्वाध्यायी छात्र

# रादुविवि में स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षाएं प्रारंभ

हरिभूमि जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) में सोमवार से स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। इस वर्ष परीक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने नियमित और स्वाध्यायी (प्राइवेट) विद्यार्थियों की परीक्षाएं एक साथ आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह पहल प्रदेश में उच्च शिक्षा की परीक्षा प्रणाली में एक नई शुरुआत मानी जा रही है। इस वर्ष बीए, बीकॉम और बीएससी प्रथम वर्ष की परीक्षाओं में लगभग 27,500 विद्यार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। परीक्षा के लिए 52 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 8 केंद्र स्नातकोत्तर कॉलेजों में विशेष रूप से स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए निर्धारित किए गए हैं।



### तीसरे दिन रिजल्ट घोषित

विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिणाम जारी करने में भी तत्परता दिखाई है। बीबीए प्रथम वर्ष (2024-25) एनईपी परीक्षा का परिणाम परीक्षा समाप्ति के तीसरे दिन ही घोषित कर दिया गया। यह परीक्षा 25 अप्रैल को समाप्त हुई थी और लगभग 72 प्रतिशत परिणाम रहा। इससे पहले बीसीए प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम भी परीक्षा समाप्त होते ही घोषित किया जा चुका है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की इस नई व्यवस्था से विद्यार्थियों और अभिभावकों में संतोष देखा जा रहा है। यह पहल आने वाले वर्षों में प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों के लिए एक आदर्श बन सकती है।

### नकल पर सख्ती, उड़नदस्ते सक्रिय

परीक्षा के पहले दिन कोई भी नकलची विद्यार्थी पकड़ा नहीं गया। परीक्षा केंद्रों पर उड़नदस्ते सुबह से ही सतर्क नजर आए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षाएं पूर्णतः निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हों। यह भी देखा गया कि अधिकांश परीक्षा केंद्र शासकीय कॉलेजों में बनाए गए हैं, जिससे नकल पर अंकुश लगाना आसान हुआ है।

### कुलगुरु ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

परीक्षा की निगरानी हेतु कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा स्वयं परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्राध्याक्षों को आवश्यक निर्देश भी दिए। प्रो. वर्मा ने बताया कि एक साथ परीक्षा कराने से स्वाध्यायी विद्यार्थियों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ा और उनका परिणाम भी नियमित विद्यार्थियों के साथ ही जारी किया जाएगा।

### सुबह 7 बजे शुरु हुआ एग्जाम

परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जा रही हैं—प्रथम पाली सुबह 7 से 10 बजे और द्वितीय पाली 11 बजे से 2 बजे तक चल रही है। पहले दिन विद्यार्थियों ने हिंदी और संस्कृत लैंग्वेज एवं कल्चर एफसी पार्ट-1 तथा इंग्लिश लैंग्वेज और इंडियन कल्चर एफसी पार्ट-2 की परीक्षाएं दीं।

## फॉरेक्स ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर 24 लाख की ठगी

# फेसबुक फ्रेंड बनकर डॉक्टर को लगायी चपत

**जबलपुर।** तिलवारा थानान्तर्गत जेडीए कालोनी बाजनामठ में रहने वाले चिकित्सक को जालसाज महिला ने उसकी फेसबुक आईडी पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश कर अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 24 लाख 28 हजार रूपए हड़प लिये। अज्ञात महिला जालसाज के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। तिलवारा पुलिस ने बताया कि जेडीए कालोनी बाजनामठ निवासी डॉ. अनुज प्रताप सिंह की फेसबुक आईडी पर एक फ्रेंडस रिक्वेस्ट आई थी जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी अज्ञात महिला ने डॉक्टर को अपना मोबाईल नंबर दिया इसके बाद टेलीग्राम से दोनों बातें करने लगे। महिला ने डॉक्टर को बताया कि वह फॉरेक्स ट्रेडिंग करती है जिसमें अच्छा मुनाफा होता है। चर्चा के दौरान महिला ने बोली कि मैं आपको भी ज्वाइंन करा दूंगी महिला की बातों में उलझे चिकित्सक ने महिला द्वारा भेजे गये लिंक पर ज्वांइन कर लिया। डाक्टर ने गत 4 जनवरी को 40 हजार रूपए फोन पे के माध्यम से महिला के खाते में ट्रांसफर कर दिए। कई बार ऑनलाईन ट्रांजेक्शन एवं आरटीजीएस के माध्यमसे विभिन्न खातों में कुल 24 लाख 28 हजार 651 रूपए ट्रांसफर कर दिए। डॉ अनुज सिंह ने महिला से पैसे निकालने कहा तो महिला बोली कि टैक्स चुका दोगे तो पूरे रूपए वापिस आ जायेंगे। डाक्टर ने महिला के कहने पर टैक्स चुकादिया फिर भी पैसे वापिस नहींआए तो उसे शंका हुई। डॉक्टर ने महिला को कई बार रूपए निकलवाले कहा किंतु उसने रूपए नहीं लौटाए।






## काल बैसाखी का चक्रवात सक्रिय

# झौंकेदार हवाओं के बीच वर्षा की संभावना

हरिभूमि जबलपुर।

हरियाणा के ऊपर एक चक्रवात है और दूसरा चक्रवात, दक्षिणी छत्तिसगढ़ के ऊपर बना हुआ है। जिससे तापमान स्थित रहेगा और झोंकेदार हवाएं चल सकती है। जिले में कहीं कहीं वर्षा या गरज चमक के साथ बौछारें भी पड़ सकती हैं। इसके साथ ही पारा औसत से दो डिग्री नीचे उतरकर 38 डिग्री पर स्थिर हो गया। मौसम विभाग का कहना है कि अभी दो दिनों तक मौसम इसी प्रकार रहेगा। आसमान पर बादल छाए रहेंगे, तेज हवाएं चलेंगी और तापमान में आंशिक गिरावट देखी जाएगी। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक देवेन्द्र तिवारी ने ईएमएस को बताया कि दो छोटे छोटे सक्रिय हैं। उत्तर पश्चिमी दिशा से काल बैसाखी सक्रिय हुई है। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक 15 अप्रैल से 15 मई तक के समय काल को काल बैसाखी कहा जाता है। यह उत्तर पश्चिमी दिशा से उठता है और 5-7 मिनट में हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रतिमिनट होकर कहीं कहीं वज्रपात और बूंदाबांदी करता है। मौसम में बदलाव पश्चिमी विक्षोभ का असर है। एक चक्रवात हरियाणा के ऊपर और दूसरा चक्रवात दक्षिणी छत्तीसगढ़ के ऊपर बन चुका है। जिसका असर पूर्वी मध्य प्रदेश के जबलपुर सहित कई शहरों में दिखाई देगा। फिलहाल गर्मी से लोगों को कोई राहत नहीं है। सूर्य की तेज ऊष्णता के कारण गर्मी का प्रभाव बरकरार है। दिन में गर्मी से बचाव के तमाम प्रयासों के बावजूद तनबदन पसीने से तरबतर हो रहा है। रात में उमस बेचैन किये रहती है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को आसमान में बादलों की हुई आवाजाही के बाद हवाओं ने भी रूख बदल लिया। पश्चिमी हवायें चलने और बादलों के छाने के परिणामस्वरूप तापमान की उछाल पर ब्रेक लगा हुआ है। पिछले तीन दिनों से 40 से 41 डिग्री के बीच झूल रहा था। लेकिन दिन में सूर्य की तेज तापमान के कारण शाम को धरती उमस छोड़ रही है। सूर्यास्त के बाद शाम ढलते ही उमस लोगों को बेचैन करने लगती है। उमस के कारण रात में भी हवा में शीतलता नहीं रहती। यही वजह है कि कूलर-पंखों की हवा भी राहत नहीं दे पा रहे हैं। इस बीच बादलों की आवाजाही से पारे में गिरावट आई है। फिर भी गर्मी के असर में कोई कमी नहीं आई है। पिछले 24 घंटे के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 38.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 20.02 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 54 प्रतिशत और सायंकाल 25 प्रतिशत आंकी गई। अगले 24 घंटों के दौरान जिले के अनेक स्थानों पर तेज हवाओं के बीच गरज चमक की संभावना है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तामपान 38.00 और न्यूनतम तापमान 25.03 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उत्तर पूर्वी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 43.03 डिग्री तापमान रतलाम में दर्ज किया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240